CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 25°C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 10 सितम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 239 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 17 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



नोएडा की बिल्डटेक कंपनी को हाईकोर्ट का झटका
पेज 2



एशिया कप में गिल निभाएंगे विराट का रोल
खेल टाइम्स


श्रीलंका व बांग्लादेश के बाद अब नेपाल
सम्पादकीय


मानहानि केस में ट्रम्प को राहत नहीं, देने होंगे 733 करोड़
पेज 12

## दूसरे दिन भी हिंसा-आगजनी के बाद हालात हुए और बदतर

# नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री की पत्नी को जिंदा जलाया

### पूर्व पीएम शेर बहादुर को घर में घुसकर पीटा, वित्त मंत्री को दौड़ा-दौड़ा कर मारा

**1500 कैदी जेलों से बाहर निकले**

काठमांडू, वार्ता

**नेपाल में** हिंसक घटनाओं के बीच प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने पद से इस्तीफा दे दिया। सेना का एक हेलीकॉप्टर उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले गया है। इसके तुरंत बाद खबर आई कि राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने भी अपना इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, ये खबर सही नहीं थी। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को बातचीत के लिए बुलाया है।

राजधानी काठमांडू में हालात बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं और सुरक्षा बल हालात को काबू में लाने में नाकाम दिख रहे हैं। देश में हिंसक प्रदर्शनों ने हालात को और बिगाड़ दिया है। प्रदर्शनकारियों ने पूर्व पीएम झालानाथ खनाल के घर में आग लगा दी। घर में उनकी पत्नी राज्यलक्ष्मी चित्रकार थीं। वह गंभीर रूप से जल गईं। उन्हें तुरंत कीर्तिपुर बर्न अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। राजधानी काठमांडू और आसपास के इलाकों में हुई झड़पों और आगजनी में अब तक 22 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हैं। प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन में आग लगा दी और प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल और गृहमंत्री के निजी आवासों पर भी हमला कर तोड़फोड़ और आगजनी की। गुस्साए -शेष पृष्ठ दो पर



- पीएम केपी शर्मा ओली का इस्तीफा
- राष्ट्रपति ने पद नहीं छोड़ा, प्रदर्शनकारियों को बातचीत के लिए बुलाया
- प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन में आग लगाई

### भारत की नेपाल में बातचीत से मुद्दों का समाधान करने की अपील

**नई दिल्ली।** भारत ने नेपाल में ताजा घटनाक्रम को देखते हुए सभी संबंधित पक्षों से संयम बरतने तथा बातचीत के जरिये मुद्दों के समाधान पर जोर देते हुए वहां रह रहे अपने नागरिकों से सतर्कता बरतने को कहा है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यहां एक वक्तव्य जारी कर कहा कि भारत नेपाल के घटनाक्रम पर नजदीकी से नजर बनाए हुए है। वक्तव्य में कहा गया है कि हम सोमवार से नेपाल में हो रहे घटनाक्रम पर नजदीकी से निगाह बनाए हुए हैं और कई युवाओं की जान जाने से बेहद दुखी हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं मृतकों के परिवारों के साथ हैं। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना करते हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत नेपाल का घनिष्ठ मित्र और पड़ोसी होने के नाते आशा करता है कि सभी संबंधित पक्ष संयम बरतेंगे और शांतिपूर्ण तरीकों और बातचीत के ज़रिए किसी भी मुद्दे का समाधान करेंगे।

### भारत ने अपने नागरिकों को नेपाल न जाने की सलाह दी

**नई दिल्ली।** भारत ने नेपाल के मौजूदा घटनाक्रम को देखते हुए अपने नागरिकों को स्थिति सामान्य होने तक नेपाल यात्रा पर नहीं जाने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यहां इस संबंध में एक परामर्श जारी करने के साथ-साथ वहां रह रहे भारतीयों के लिए हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किए हैं। भारत ने लोगों से कहा है कि वे अपने निवास स्थान पर ही रहें तथा सड़कों पर निकलने से बचें। परामर्श में कहा गया है कि भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे स्थिति स्थिर होने तक नेपाल की यात्रा स्थगित कर दें। अभी नेपाल में मौजूद भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने वर्तमान निवास स्थान पर ही रहें, सड़कों पर निकलने से बचें और पूरी सावधानी बरतें। उन्हें नेपाल के अधिकारियों और काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास द्वारा जारी स्थानीय सुरक्षा सलाह का पालन करने की भी सलाह दी जाती है। किसी भी सहायता की आवश्यकता होने पर वे कृपया काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के निम्नलिखित हेल्पलाइन नंबरों पर बात कर सकते हैं। ये नंबर 977 - 980 860 2881 (व्हाट्सएप कॉल भी) और 977 - 981 032 6134 (व्हाट्सएप कॉल भी) हैं।

### एयर इंडिया ने काठमांडू की सभी उड़ानें रद्द की

**नई दिल्ली।** नेपाल में बिगड़े हालात के मद्देनजर एयर इंडिया ने काठमांडू के लिए मंगलवार की सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली से काठमांडू के लिए मंगलवार को चार उड़ानें थीं और सभी को मंगलवार को रद्द कर दिया गया है। वापसी की भी सभी उड़ानें रद्द रहेंगी। प्रवक्ता ने एक बयान में बताया कि काठमांडू में मौजूदा स्थिति को देखते हुए दिल्ली-काठमांडू-दिल्ली मार्ग की उड़ानें एआई2231/2232, एआई 2219/2220, एआई 217/218 और एआई211/212 को आज रद्द कर दिया गया है। बयान में कहा गया है कि हम स्थिति पर नजदीक से नजर रखे हुए हैं और आगे अपडेट साझा करते रहेंगे। एयर इंडिया में यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है।

### रामदेव के बयान मामले में 'क्लोजर रिपोर्ट' दाखिल

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के समक्ष केंद्र सरकार नें कहा कि कोविड-19 के दौरान योग गुरु बाबा रामदेव पर छत्तीसगढ़ पुलिस की ओर से दर्ज मुकदमे में 'क्लोजर रिपोर्ट' दाखिल कर दी गई है। बाबा रामदेव पर ये मुकदमा एलोपैथी के खिलाफ उनके कथित तौर पर की गई टिप्पणियों के मामले में दर्ज की गई थी। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ के समक्ष सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने क्लोजर रिपोर्ट के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि किसी स्वार्थ की पूर्ति के लिए बाबा रामदेव के खिलाफ शिकायत प्रायोजित की गई थी। पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने बाबा रामदेव का पक्ष रखा।

## राधाकृष्णन बने देश के 15वें उपराष्ट्रपति

### 'इंडिया' के सुदर्शन रेड्डी को 152 वोट से हराया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति चुनाव जीत गए हैं। राधाकृष्णन को कुल 452 वोट मिले, वहीं इंडिया कैंडीडेट सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट मिले।

राधाकृष्णन ने 152 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। बीआरएस और ओडिशा के पूर्व सीएम नवीन पटनायक की पार्टी बीजेडी ने उपराष्ट्रपति चुनाव से किनारा किया। दोनों पार्टियों ने किसी भी गठबंधन का समर्थन नहीं किया। राज्यसभा में बीआरएस के 4 और बीजद के 7 सांसद हैं। लोकसभा में इकलौते सांसद वाले शिरोमणि अकाली दल ने भी पंजाब में बाढ़ के चलते वोट डालने से इन्कार कर दिया। वाईएसआरसीपी के 11 सांसदों ने पहले ही एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में वोट करने का फैसला किया था। चुनाव जीतने के बाद राधाकृष्णन अब जगदीप धनखड़ की जगह लेंगे। धनखड़ ने 21 जुलाई को खराब सेहत का हवाला देकर अपने पद से अचानक इस्तीफा दे दिया था। उनका कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। मंगलवार सुबह 10 स

शाम 5 बजे तक कुल 768 सांसदों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वर्तमान दोनों सदनों को मिलाकर 7 सीटें रिक्त हैं। इस तरह कुल 781 सांसदों को वोट करना था, जिसमें से 12 सदस्य वोटिंग में शामिल नहीं हुए। इनमें बीआरएस के चार, बीजेडी के सात और अकाली दल के एक सदस्य ने वोट नहीं डाला। एनडीए के सभी 427 सांसदों ने वोट डाले। बता दें कि, उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में कुल 788 सदस्य होते हैं। 245 राज्यसभा से और 543 लोकसभा से। राज्यसभा के 12 मनोनीत सदस्य भी चुनाव में मतदान के पात्र होते हैं।



## सोने की कीमत ₹1.10 लाख के पार पहुंची

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में मंगलवार को जबरदस्त उछाल देखने को मिला। घरेलू वायदा बाजार में सोना 458 रुपये चढ़कर पहली बार 1,10,047 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया।

यह बढ़ोतरी अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में आई तेजी और अमेरिकी डॉलर की कमजोरी के चलते आई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर दिसम्बर डिलीवरी के लिए सोने का वायदा भाव 458 रुपये या 0.41 फीसदी बढ़कर 1,10,047 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वहीं, अक्टूबर डिलीवरी वाले सबसे ज्यादा कारोबार किए जाने वाले कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 482 रुपये या 0.44 फीसदी उछलकर 1,09,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वहीं विदेशी बाजारों में भी सोना नए शिखर पर पहुंच गया। अमेरिकी बाजार कामेक्स में दिसम्बर डिलीवरी वाला सोना 3,694.75 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है।



### जमीन पर कब्जा भारत में जीत का पैमाना: सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि युद्ध के दौरान जमीन पर कब्जा ही भारत में जीत की असली 'करेंसी' या पैमाना है। इस वजह से थल सेना की भूमिका हमेशा सबसे अहम रहेगी। जनरल द्विवेदी दिल्ली में ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन के कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पिछले महीने अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति पुतिन की मुलाकात हुई। उन्होंने भी सिर्फ जमीन के आदान-प्रदान को लेकर चर्चा की। आर्मी चीफ की यह टिप्पणी वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के बयान के दो हफ्ते बाद आई है।

## पंजाब को ₹1600 करोड़ की अतिरिक्त मदद की घोषणा

**बाढ़ पीड़ितों से मिले पीएम मोदी**

**चंडीगढ़।** पीएम मोदी ने पंजाब में हाल की बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने राज्य को 1600 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वित्तीय मदद देने की घोषणा की है।

इसके अलावा, पंजाब के पास पहले से ही 12,000 करोड़ रुपये उपलब्ध हैं। यह मदद बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई करने और लोगों को फिर से खड़ा करने में इस्तेमाल होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे क्षेत्र को ठीक करने के लिए कई तरह के कदम उठाए जाएंगे, जैसे घरों का दोबारा निर्माण, सड़कों की मरम्मत, स्कूलों को ठीक करना और पशुओं के लिए मदद। खासतौर पर किसानों की मदद पर जोर दिया गया है। जिन किसानों के पास बिजली कनेक्शन नहीं है, उन्हें विशेष सहायता दी जाएगी। बाढ़ में खराब हुए बोरवेल या नष्ट हुए -शेष पृष्ठ दो पर



### राहुल गांधी भी करेंगे हिमाचल तथा पंजाब का दौरा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद अब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी बाढ़ ग्रस्त हिमाचल और पंजाब का दौरा करेंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार श्री गांधी की यात्रा का समय अभी निश्चित नहीं हुआ है लेकिन वह इसी सप्ताह हिमाचल प्रदेश और पंजाब जाएंगे और वहां बाढ़ पीड़ितों से भी मुलाकात करेंगे। सूत्रों ने बताया कि श्री गांधी बाढ़ की स्थिति पर बराबर नजर रखे हैं और उनका कहना है कि वह पीड़ितों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़े हैं। उनका कहना था कि श्री गांधी बाढ़ की स्थिति को लेकर बराबर हिमाचल सरकार के संपर्क में है।

## AI-जनरेटेड कंटेंट के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचीं ऐश्वर्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन ने मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई और बिना इजाजत उनकी फोटो, नाम, पहचान और एआई जनरेटेड अश्लील कंटेंट के इस्तेमाल पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कोर्ट से कहा कि उनके पर्सनैलिटी राइट्स का उल्लंघन हो रहा है।

एक्ट्रेस के वकील संदीप सेठी ने कोर्ट में कहा कि भ्रामक प्रचार और फायदे के लिए ऐश्वर्या राय की पहचान का धड़ल्ले से गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐश्वर्या की अश्लील, छेड़छाड़ की गई और एआई जनरेटेड तस्वीरें ऑनलाइन फैलाई जा रही हैं। संदीप सेठी ने इसे ऐश्वर्या की गरिमा और अधिकारों का गंभीर उल्लंघन बताया। उन्होंने कंटेंट की विचलित करने वाली प्रकृति पर जोर देते हुए कहा कि एक्ट्रेस की तस्वीरों का इस्तेमाल किसी की यौन इच्छाओं को संतुष्ट करने के लिए किया जा रहा है। एक्ट्रेस के वकील संदीप सेठी ने उन वेबसाइटों के बारे में बताया जो खुद को ऑफिशियल प्लेटफॉर्म बताकर ऐश्वर्या के नाम और उनकी तस्वीर वाले मग, टी-शर्ट और ड्रिंक प्रोडक्ट्स सहित कई अन-ऑथोराइज्ड सामान बेच रहे हैं। लाइव लॉ के अनुसार, मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस तेजस करिया ने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और वे लोग, जो ऐश्वर्या की तस्वीरें बदलकर या उनकी पर्सनैलिटी बिना इजाजत इस्तेमाल कर रहे हैं, उन पर रोक लगाई जाएगी। कोर्ट ने कहा कि ऐश्वर्या राय बच्चन की पब्लिसिटी और पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए इंजंक्शन ऑर्डर पास किया जाएगा। अब इस मामले की अगली सुनवाई 15 जनवरी 2026 को होगी। बता दें कि इंजंक्शन ऑर्डर कोर्ट का वह ऑर्डर होता है, जिसमें किसी को गैरकानूनी या बिना अनुमति वाला काम रोकने के लिए कहा जाता है।

- वकील ने कहा-उनके नाम-तस्वीरों का इस्तेमाल यौन इच्छाओं को संतुष्ट करने के लिए किया जा रहा
- पर्सनैलिटी राइट्स का हो रहा उल्लंघन




## कुल्लू में लैंडस्लाइड, 5 मरे, लद्दाख में हिमस्खलन, 3 जवान शहीद

**नई दिल्ली।** कुल्लू में सोमवार रात लैंडस्लाइड से टूटे घर में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोगों को सुरक्षित निकाला गया।

उधर लद्दाख के सियाचिन बेस कैम्प में हिमस्खलन के बाद तीन जवान शहीद हो गए हैं। एक कैप्टन को बचा लिया गया है। शहीद जवान महार रेजिमेंट के हैं। बचाव दल के सैनिक लगभग 5 घंटे तक बर्फ में फंसे रहे। हिमाचल प्रदेश के गुजरात के अहमदाबाद में सोमवार रात बाइक सवार कपल पानी भरी सड़क से गुजर रहा था। रास्ते में गड्ढे में करंट का तार था, जिसकी चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है। यूपी में गंगा, यमुना समेत सभी बड़ी नदियां उफान पर हैं। हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद मथुरा के वृंदावन में हालात बिगड़ गए हैं।

- गुजरात में पानी में करंट आने से दो लोगों की गई जान

## संक्षिप्त समाचार

### सॉल्वर गैंग चलाने वाले डॉक्टर समेत तीन गिरफ्तार

**लखनऊ।** उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षाओं को लेकर सॉल्वर गैंग चला रहे गिरोह के सरगना के रूप में शामिल एक डॉक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को इसका खुलासा किया है। गिरफ्तार डॉक्टर की तैनाती वर्तमान में जनपद बलिया के बांसडीह सीएचसी पर है। पुलिस ने डॉक्टर सहित उसके गिरोह के दो अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार किया है। डॉक्टर की गिरफ्तारी उसके अन्य साथी की गिरफ्तारी के बाद हुई है। दरअसल बीते छह व सात सितम्बर को उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की तरफ से सम्पन्न पीईटी-2025 की परीक्षा प्रदेश के 45 जनपदों में सम्पन्न कराई गई थी। इनमें सबसे ज्यादा परीक्षार्थी लखनऊ व गाजियाबाद में थे। परीक्षा की शुचिता को लेकर एसटीएफ व पुलिस की सॉल्वर गैंग चलाने वाले लोगों पर थी।

### ट्रेन की बोगी को छोड़कर दौड़ा इंजन

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के नूनखार रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को छपरा-गोरखपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का इंजन बोगियों से अलग होने से यात्रियों में सनसनी फैल गई। इंजन को कुछ देर बाद ट्रेन की बोगी से जोड़कर गोरखपुर के लिए रवाना किया गया। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि बिहार के छपरा से गोरखपुर जाने वाली इंटरसिटी ट्रेन आज गोरखपुर जा रही थी कि देवरिया जिले के नूनखार स्टेशन पर इंजन ट्रेन की बोगी को छोड़कर करीब 200 मीटर तक आगे दौड़ गया था। जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही रेलवे की तकनीकी टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर 10 मिनट में इंजन को बोगियों से फिर से जोड़ दिया और ट्रेन को गोरखपुर के लिए रवाना कर दिया गया।

# जांच वहां से शुरू हो, जहां के कर्ताधर्ता स्वयं मुख्यमंत्री: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में मानकों की जांच को लेकर बोले अखिलेश यादव

**लखनऊ।** विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में मानकों की जांच को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि जांच वहां से शुरू हो, जहां के कर्ता धर्ता स्वयं मुख्यमंत्री हैं।

यादव ने सोमवार देर शाम एक्स पर लिखा- जब मुख्यमंत्री एसआईआर की तर्ज पर विश्व. विद्यालयों और महाविद्यालयों में टीआईआर (थ्रो इन्वेस्टिगेशन रिपोर्ट) लाने का आदेश दे रहे हैं, तो कुछ उनकी भी सलाह मान लें। लगे हाथ सभी राज्य विश्व. विद्यालयों की कमान मुख्यमंत्री के हाथ में होने का फरमान जारी कर दें। उन सभी वाइस चांसलर की भी जांच हो, जो संगी-साथियों की पर्ची के लेनद. ेन से पदों पर बैठे हैं। विवि के वित्तीय अनियमितताओं और परीक्षा घोटालों की भी जांच हो। शिक्षकों की नियुक्तियों में आरक्षण मारने की जांच हो। इसकी भी गहरी जांच हो कि नाट फाउंड सूटेबल (एनएफएस) कैसे पीडीए के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। मान्यता और प्रवेश प्रक्रिया में गड़बड़ी की पड़ताल हो। छात्रवृत्ति योजना में घपले की जांच हो।

बुनियादी सुविधाओं के लिए दिया गया फ़ंड डकारने वालों की जांच हो। फर्जी डिग्री विवाद का इन्वेस्टिगेशन हो। निजी विश्वविद्यालयों में लगे सत्ताधीशों के कालेधन की जांच हो। विश्वविद्यालय के मानकों को धता बतानेवालों की जांच हो। अखिलेश यादव ने अपनी पोस्ट में कहा कि अच्छा हो कि जांच की निष्पक्षता, विश्वसनीयता और पारदर्शिता का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए जांच वहां से शुरू हो जहां के कर्ताधर्ता मुख्यमंत्री आप स्वयं हैं।

# जीवन केवल मंजिल तक पहुंचने का नाम नहीं: शुभांशु

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री ने कहा: आसमान न कभी मेरे लिए सीमा था और न ही मेरे वतन के लिए

**लखनऊ।** ग्रुप कैप्टन व आईएसएस से लौटने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने कहा कि आसमान कभी न उनके लिए सीमा था और न ही भारत के लिए। उन्होंने कहा कि जीवन केवल मंजिल तक पहुंचने का नाम नहीं है, यह यात्रा का भी नाम है। उद्देश्य जरूरी हैं, सपने जरूरी हैं, योजनाएं जरूरी हैं। लेकिन इन्हें पूरा करने की दौड़ में, प्रक्रिया का आनंद लेना मत भूलिए। आगे क्या होगा की चिंता अभी क्या हो रहा है की खुशी को ढकने न दें।

मंगलवार को डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के 23वें दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुभांशु शुक्ला को डीएससी की मानद उपाधि प्रदान किया। इस मौके पर शुभांशु ने मेधावी छात्र- छात्राओं से कहा कि आपके हाथों में जो यह डिग्री है, उसके पीछे है आपके माता-पिता की अनगिनत जागी हुई रातें, शिक्षकों का धैर्य और परिवार के त्याग शामिल है। यह जीवन का सबसे बड़ा सबक है कि कोई भी अकेले सफल नहीं होता। शुभांशु शुक्ला ने कहा कि आज भले ही यह आपको आपकी शैक्षिक यात्रा का अंत लगे, पर दीक्षांत समापन नहीं है, यह तो आपका लॉन्चपैड है। अब तक आपकी जिंदगी समय-सारणी, उपस्थिति और परीक्षाओं से बंधी थी। कल से न तो कोई प्राध्यापक आपको डेडलाइन याद दिलाएगा और न ही अंकपत्र बताएगा कि आप अच्छे हैं या नहीं। अब प्रतिक्रिया आपको अवसरों, विश्वास और आपके द्वारा किए गए प्रभाव के रूप में मिलेगी। यह उत्साहजनक भी है और चुनौतीपूर्ण भी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता रोमांचक है, लेकिन जिम्मेदारी भी साथ लाती है। आज के बाद आपके हर चुनाव, आपके जोखिम, आपके विचार और आपके मूल्य केवल आपका भविष्य ही नहीं, बल्कि भारत का भविष्य गढ़ेंगे। डा. कलाम ने हमें सिखाया कि सपने वे नहीं जो सोते हुए देखे जाएं, बल्कि वे हैं जो हमें जागते रखते हैं। शुभांशु शुक्ला ने इस दौरान अपने लखनऊ से एनडीए, भारतीय वायु सेना और फिर गगनयान से अंतरिक्ष मिशन तक के सफ़र को साझा करते हुए उन्होंने बताया कि प्रतीक्षा बर्बादी नहीं, बल्कि तैयारी है। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय से बाहर निकलते समय, इतनी जल्दी पहुंचने की जल्दी में मत रहिए कि जीना ही भूल जाएं। हां, करियर का पीछा कीजिए, लक्ष्यों का पीछा कीजिए, सपनों का पीछा कीजिए। लेकिन अपने दोस्तों के साथ हंसना मत भूलिए, छोटी-छोटी जीतों का जश्न मनाइए। उन असफलताओं पर भी मुस्कुराइए, जिन्होंने आपको सफलता से ज्यादा सिखाया। वायुसेना अधिकारी ने युवाओं से कहा कि आप ऐसे समय स्नातक हो रहे हैं, जब भारत अपनी अंतरिक्ष यात्रा के सबसे रोमांचक चरण में है। हम इसरो के चंद्रयान-3 मिशन से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाले पहले देश बने। मिशन गगनयान भारतीयों को अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी कर रहा है।

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सभी अपीलें खारिज कीं

# नोएडा की बिल्डटेक कंपनी को बड़ा झटका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ फ्लैटों का कब्जा देने में देरी पर आवंटियों को ब्याज देने का आदेश उचित: अदालत

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने एक अहम फैसले में कहा है कि फ्लैटों का कब्जा देने में देरी पर बिल्डर द्वारा, आवंटियों को इसके लिए ब्याज देने का आदेश उचित है। अदालत ने इस टिप्पणी के साथ नोएडा के बिल्डटेक प्रा लि कंपनी को की सभी अपीलें खारिज कर दीं।

कोर्ट ने यूपी रियल एस्टेट अपीलेट ट्रिब्यूनल के उस आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें बिल्डर कंपनी को निर्देश दिया गया था कि वह आवंटियों को कब्जा देने में देरी पर आवंटियों को ब्याज का भुगतान करे। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने सोमवार को यह फैसला नोएडा के बिल्डटेक प्रालि कंपनी की ओर से दाखिल कई अपीलों पर दिया। इनमें यूपी रियल एस्टेट अपीलेट ट्रिब्यूनल के आदेश को चुनौती दी गई थी। ट्रिब्यूनल ने बिल्डर कंपनी को आदेश दिया था की वह आवंटियों को कब्जा देने में बिलंब होने पर इसके लिए ब्याज दे। बिल्डर कंपनी की ओर से दलील दी गई कि कोविड- 19 की वजह से कब्जा देने में देरी हुई। यह परिस्थिति उनके नियंत्रण में नहीं थी। यह भी तर्क दिया कि आवंटियों ने बगैर किसी विरोध के कब्जे को स्वीकार कर लिया, ऐसे में उन्हें कब्जे में देरी के लिए ब्याज पाने का अधिकार नहीं था। हालांकि कोर्ट ने दलीलों को नहीं माना और अपीलों को खारिज कर दिया। ट्रिब्यूनल ने आदेश में कहा था कि बिल्डर को 1 जनवरी 2020 से 13 अक्तूबर 2022 तक की अवधि का बिलंब ब्याज देना होगा। यह एमआईसीआर से एक प्रतिशत अधिक होगा। हालांकि इस अवधि में से कोविड-19 के कारण छह महीने की छूट देने कभी निर्देश दिया था।

### एलायंस बिल्डर्स के एमडी व निदेशक पर दर्ज गैंगस्टर की कार्रवाई रद्द

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि एक मुकदमे के आधार पर की गई गैंगस्टर की कार्रवाई एक्ट का दुरुपयोग है। इस टिप्पणी संग कोर्ट ने बरेली की एलायंस बिल्डर्स एंड कॉन्ट्रैक्टर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अरविंदर सिंह, निद. ेशक रमनदीप व अन्य पर की गई गैंगस्टर की संपूर्ण कार्रवाई रद्द कर दी। यह फैसला न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकलपीठ ने अरविंदर सिंह, रमनदीप और अन्य की अर्जी पर दिया।

बरेली विकास प्राधिकरण के सहायक अभियंता ने 2022 को इज्जतनगर पुलिस स्टेशन में एक मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया गया था कि बिहारमन नगला गांव की एक जमीन को शहरी भूमि सीमा अधिनियम के तहत सरप्लस घोषित किया गया था। 1990 में इसका कब्जा बरेली विकास प्राधिकरण को दे दिया गया था। कुछ भूमाफिया इस जमीन पर अतिक्रमण करने की को. शिश कर रहे थे। उन्होंने बरेली विकास प्राधिकरण की ओर से विवादित जमीन पर बाउंड्रीवॉल बनवाने के लिए काम कर रहे ठेकेदार और उसके कर्मचारियों को रोका। इस एफआईआर में राजीव कुमार, विशाल गंगवार, राधेश्याम राणा और रविंद्र कुमार गुप्ता सहित 5-6 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया था।

# हैरान करती है धनखड़ की 50 दिन की खामोशी: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस में कहा है कि पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की 50 दिन से चली आ रही चुप्पी हैरान करती है और उनकी यह खामोशी उनके स्वभाव के विप. रीत है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि धनखड़ का स्वभाव इतनी देर तक चुप्पी साधना नहीं है। उनके इस्तीफे के बाद मंगलवार को उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव हो रहे हैं, लेकिन उनकी खामा. ेशी सबको हैरान करने वाली है। श्री रमेश ने कहा कि पिछले 50 दिनों से जगदीप धनखड़ ने अप्रत्याशित चुप्पी साध रखी है। आज जब उनके उत्तराधिकारी के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो रही है, तब भी देश उनके ऐतिहासिक और अप्रत्याशित इस्तीफे पर बयान का इंतजार कर रहा है।

### राहुल के खिलाफ अभद्र टिप्पणी मामले में 23 को होगी सुनवाई

**सुलतानपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी के खिलाफ एमपी/एमएलए न्यायालय में मंगलवार को गवाह से जिरह की गई। प्रक्रिया पूरी नहीं होने पर न्यायाधीश शुभम वर्मा ने 23 सितम्बर की तारीख सुनवाई के लिए नियत की है।



सेंसेक्स 81101.32
निफ्टी 24868.60



सोना रु. 99358
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 122900
प्रति किलो



# आईटी कंपनियों में लिवाली से शेयर बाजारों में तेजी

**मुंबई, वार्ता**



आईटी और एफएमसीजी कंपनियों में लिवाली से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी रही और प्रमुख सूचकांक दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 314.02 अंक (0. 39 प्रतिशत) की बढ़त में 81,101.32 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 95.45 अंक की मजबूती के साथ 24,868.60 अंक पर पहुंच गया। यह दोनों सूचकांकों का 25 अगस्त के बाद का उच्चतम स्तर है। अमे. रिका में दो संघीय अदालतों द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आपातकालीन प्रावधानों के तहत 1 अगस्त से लगाए गए मनमाने आयात शुल्क को अवैध करार देने के बाद निवेशकों में आयात शुल्क दोबारा कम होने की उम्मीद जगी है। उन्होंने आईटी कंपनियों में जमकर लिवाली की। सेंसेक्स में इंफोसिस का शेयर 5.03 प्रतिशत उछल गया। टेक महिंद्रा का शेयर 2.42 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 1.78 और टीसीएस का एक प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। अडानी पोर्ट्स में भी 2.40 फीसदी की तेजी रही। सेंसेक्स 342.39 अंक की तेजी के साथ 81,129.69 अंक पर खुला और पूरे दिन सीमित दायरे में रहा। यह नीचे 80,927.97 अंक और ऊपर 81,181.37 अंक तक गया। इसी प्रकार, निफ्टी-50 भी 90.95 अंक चढ़कर 24,864.10 अंक पर खुला। इसका दिवस का निचला स्तर 24,814 अंक और उच्चतम स्तर 24,891. 80 अंक रहा। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.28 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.34 प्रतिशत चढ़ गया। आईटी के अलावा एफएमसीजी, फार्मा और स्वास्थ्य सेक्टर में भी निवेशकों ने अच्छी लिवाली की। तेल एवं गैस और रियलिटी सेक्टरों में बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स में सनफार्मा, बजाज फिनसर्व, हिंदुस्तान यूनीलिवर, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक और एशियन पेंट्स के शेयर भी हरे निशान में रहे। मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल और टाटा स्टील में भी तेजी रही। ट्रेंट में सबसे अधिक 1.79 प्रतिशत की गिरावट रही।

### कौशल महोत्सव 2025 का आयोजन लखनऊ में 16-17 सितम्बर को

**नई दिल्ली।** कौशल एवं उद्यमशीलता विकास मंत्रालय के तत्वावधान में लखनऊ में 16-17 सितम्बर को कौशल महोत्सव आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 100 से अधिक नियोक्ता भाग लेंगे। मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया, कौशल महोत्सव 2025 इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा, लॉजिस्टिक्स और प्रबंधन जैसे उद्यमों में कार्यरत 100 से ज्यादा शीर्ष नियोक्ता हज़ारों अवसरों के साथ लखनऊ आ रहे हैं। इसमें देश भर से प्रतिभाओं के शामिल होने की उम्मीद है।

मंत्रालय का कहना है कि हर हुनर को एक अवसर, हर सपने को एक मंच मिले, इस उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन भारत के कोने-कोने से प्रतिभाओं के लिए अवसर प्रदान करेगा।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में रूस बनेगा पार्टनर कंट्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में लगातार तीसरे वर्ष होने जा रहे उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस 2025) में इस बार रूस पार्टनर कंट्री के रूप में शामिल होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश सरकार ने रूस को इस मेगा इवेंट में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया है। रूस की ओर से भी इस आमंत्रण को स्वीकृत कर लिया गया है और इसकी जानकारी प्रदेश सरकार को दे दी गई है। इस मेगा इवेंट में रूस का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल, उद्योग जगत के प्रमुख प्रदर्शक और सांस्कृतिक कलाकार शो का हिस्सा बनेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 सितम्बर को यूपीआईटीएस 2025 का शुभारंभ करेंगे, जो 29 सितम्बर तक चलेगा। इससे पहले 2024 में भी योगी सरकार की पहल पर वियतनाम को बतौर पार्टनर कंट्री यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में सम्मिलित किया गया था। इस दौरान भारत और वियतनाम के बीच आर्थिक और व्यापारिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए वियतनाम-इंडिया फोरम और यूपी-वियतनाम टूरिज्म कॉन्क्लेव आयोजित किया गया था। 27 मई 2025 को भारत के मास्को स्थित दूतावास ने रूस के प्रमुख मंत्रालयों मिनिस्ट्री ऑफ इंडस्ट्री एंड ट्रेड, मिनिस्ट्री ऑफ इकोनॉमिक डेवलपमेंट, मिनिस्ट्री ऑफ साइंस एंड हायर एजुकेशन तथा मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर को औपचारिक निमंत्रण भेजा था। इसके अलावा रूस के प्रमुख व्यापारिक संगठनों जैसे चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ रशिया, बिजनेस रशिया, ओपोरा रशिया और विभिन्न सेक्टर-विशेष ट्रेड बॉडीज से भी सक्रिय संवाद स्थापित किया गया है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**नेपाल के...** युवाओं ने पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा को उनके घर में घुसकर पीटा, जबकि वित्त मंत्री विष्णु पौडेल को काठमांडू में उनके घर के पास दौड़ा-दौड़ाकर मारा गया। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में एक प्रदर्शनकारी उनके सीने पर लात मारते हुए दिख रहा है। प्रदर्शनकारियों ने इस्तीफा दे चुके गृह मंत्री रमेश लेखक के घर पर मंगलवार को आगजनी और तोड़-फोड़ की। प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी विदेश मंत्री आरजू राणा को उनके घर में घुसकर पीटा। सुरक्षा बलों ने पीएम ओली को हेलीकॉप्टर से सुरक्षित जगह पर शिफ्ट कर दिया। उन्हें कहां ले जाया गया है, इसकी जानकारी नहीं है। प्रधानमंत्री ओली के इस्तीफे के बाद प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन पर कब्जा कर लिया। नेपाल की सेना ने कहा कि देश की आजादी, एकता और लोगों की जान-माल की रक्षा हम हमेशा करते रहेंगे, चाहे हालात कितने भी मुश्किल हों। Gen-Z के आंदोलन की घटनाओं पर सेना नजर रख रही है। आंदोलन में लोगों और संपत्ति को हुए भारी नुकसान पर सेना को बहुत दुख है। मरने वालों की आत्मा को शांति मिले, इसके लिए प्रार्थना कर रहे हैं। उनके परिवारों को सेना की संवेदना है। घायलों के जल्द ठीक होने की भी कामना है। सेना ने कहा कि नेपाल और लोगों की भलाई के लिए हम हमेशा तैयार हैं। हम जान-माल की पूरी हिफाजत करेंगे। इस मुश्किल समय में देश की पुरानी, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चीजों को बचाना सबका फर्ज है। इसलिए, सेना ने युवाओं और सारे देशवासियों से गुजारिश की है कि आपसी भाईचारा और एकता बनाए रखें। राष्ट्रपति रामचंद्र ने प्रदर्शनकारी युवाओं को बातचीत का प्रस्ताव दिया है। इससे पहले खबर थी कि राष्ट्रपति ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के चेयरमैन रबि लामिछाने की रिहाई के बाद ललितपुर के नक्खू जेल से सभी कैदी बाहर निकल गए। इस जेल में लगभग 1500 कैदी बंद थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, लामिछाने की रिहाई के बाद पुलिस ने यहां से अपनी सुरक्षा चौकियों से हटने का फैसला किया, जिससे कैदियों को निकलने का मौका मिला गया। इससे इलाके में सुरक्षा खतरे की चिंता बढ़ गई है। अधिकारी हालात पर नजर रख रहे हैं। इतने सारे कैदियों के बाहर आने से जनता की सुरक्षा को बड़ा खतरा हो सकता है। नेपाल में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे Gen-Z युवाओं ने एक लेटर जारी किया है। इसमें उन्होंने कहा कि सरकार को घुटनों पर ला दिया गया है। हम अब प्रदर्शनकारियों से शांत रहने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान न पहुंचाने की अपील करते हैं। लेटर में कहा गया है कि यह देश अब हमारी लीडरशिप में आ गया है।

**पंजाब को...** कुओं की मरम्मत के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत मदद मिलेगी। जो पंप डीजल से चलते हैं, उन्हें सौर पैनल लगाने के लिए एमएनआरई से सहयोग दिया जाएगा। साथ ही, सूक्ष्म सिंचाई के लिए 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' योजना के तहत मदद होगी। ग्रामीण इलाकों में बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए घरों को ठीक करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत विशेष प्रोजेक्ट चलाया जाएगा। पंजाब सरकार को इसकी मंजूरी के लिए प्रस्ताव भेजना होगा। सरकारी स्कूलों को भी समग्र शिक्षा अभियान के तहत वित्तीय मदद दी जाएगी। राज्य सरकार को सभी जरूरी जानकारी देनी होगी। पानी की बचत और भविष्य की सुरक्षा के लिए जल संचय जन भागीदारी कार्यक्रम के तहत रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाए जाएंगे। इससे क्षतिग्रस्त पानी संरक्षण संरचनाओं की मरम्मत होगी और नई बनाई जाएंगी। इससे बारिश का पानी बचाया जा सकेगा और लंबे समय तक पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। केंद्र सरकार ने पंजाब में नुकसान का आकलन करने के लिए अंतर-मंत्रालई केंद्रीय टीमों को भेजा है। उनकी रिपोर्ट के आधार पर और मदद दी जाएगी।













**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# बेंगलुरु में स्कूटी सीख रहे बुढ़ाना के युवक की मौत

## 3 दिन बाद घर आया शव, परिजनों में कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक गांव के युवक की मौत बेंगलुरु में हो गयी। वह बीते हफ्ते नई स्कूटी खरीदकर लाया था और उसे सड़कों पर चलाना सीख रहा था कि एक अज्ञात वाहन ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। तब पोस्टमार्टम के बाद युवक के शव को बीते सोमवार को उसके गांव में लाया गया। जहां पर उसको बीते शाम सैंकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। इस घटना को लेकर मृतक के परिजनों में चीख पुकार मची है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव कुरालसी निवासी करीब 45 वर्षीय इसरार पुत्र इस्लाम सलमानी ने बेंगलुरु में सेलून खोला हुआ था। वह वहीं पर रह रहा था। कभी कभार घर पर आ जाता थाा बीते हफ्ते उसने एक नई स्कूटी खरीदी और उसको बेंगलुरु की सड़कों पर चलाना सीखने लगा। चार दिन पूर्व वह बेंगलुरु में किसी स्थान पर रोड पर स्कूटी चला रहा था तो एक अज्ञात वाहन ने उसकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी और फरार हो गया। उधर टक्कर लगते ही स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गयी और इसरार सलमानी ने भी मौके पर ही दम तोड दिया।

कर्नाटक की पुलिस ने फोन द्वारा परिजनों को कुरालसी में फोन कर घटना की सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को मोर्चरी में आए परिजनों को सौंप दिया गया। जहां उसका शव परिजन दो दिन बाद बीते कल सुबह के समय लाए। जहां गमगीन माहौल मे सैंकड़ों लोगों की मौजूदगी में इसरार के शव को गांव कुरालसी के कब्रिस्तान मे सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। इस घटना को लेकर गांव में भी शोक व्याप्त है। मृतक गूंगा था और उसके चार बच्चे भी बताए गये हैं।

### अज्ञात चोरों ने नलकूप के पोल से तार किया चोरी

**मीरापुर।** ग्राम चुडियाला के जंगल से चोरो द्वारा निजी नलकूप पर जा रही एलटी लाईन को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पांच पोल की लाईन चोरी कर ली गई है। ग्राम सालारपुर निवासी देवेन्द्र पुत्र हरदम व उमेश दत्त शर्मा पुत्र जगदीश प्रसाद की चुडियाला के जंगल में खेती की जमीन है। इनके खेतो पर अलग अलग दो टयूबवेल लगी हुई हैं। अज्ञात चोरो ने नलकूप से जा रही एलटी लाईन के पांच पोल की बिजली की लाईन चोरी कर ली है। पीडित ने इसकी सूचना उपकेन्द्र जानसठ को देकर थाना मीरापुर में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

# शहर में 165 लाख की 10 सड़कों का लोकार्पण

**मुजफ्फरनगर।** नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने शहर के आवागमन को सुगम बनाने के लिए किए जा रहे विकास कार्यो की कड़ी में चार वार्डों में राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत् 165 लाख रुपये की लागत से बनी 10 नई सड़कों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शहर के हर क्षेत्र में बेहतर यातायात, स्वच्छता और नगरीय सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। शहर के चार वार्डों में नवनिर्मित 10 सीसी सड़कों का लोकार्पण करते हुए उद्घाटन किया। वार्ड संख्या 3 में सभासद अनिता हसीब राणा के साथ उन्होंने खालापार में करीब 11 लाख रुपये से निर्मित सड़क का उद्घाटन किया। वार्ड 18 में सभासद ममता बालियान के साथ पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने अवध विहार कालोनी में करीब 16 लाख रुपये की लागत से तैयार सड़क जनता को समर्पित की और यहां लोगों के साथ भ्रमण करते हुए स्फाई व्यवसथा का भी निरीक्षण किया। वार्ड संख्या 31 में मौहल्ला अंकित विहार व लालबाग में करीब 55 लाख रुपये की लागत से तैयार तीन सीसी सड़क और नाली निर्माण कार्य का उन्होंने क्षेत्रीय सभासद बबीता ऊॅ बॉबी सिंह के साथ मिलकर उद्घाटन किया। वार्ड संख्या 35 में सभासद अमित कुमार के साथ पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने करीब 85 लाख रुपये की लागत से बनवाई गई पांच सीसी सड़कों का लोकार्पण किया। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा नेता हरीश अहलावत, शलभ गुप्ता एडवोकेट, सभासद राहुल पंवार, परमजीत राठी, हरेन्द्र आर्य, विजय पाल, अनुज गौजी, संदीप मलिक, अलका चौधरी, नीतू सिंह, रूबी पंवार, बबली के अलावा जेई कपिल कुमार, लिपिक संजीव सिंघल, मनोज बालियान, रूचि शर्मा आदि मौजूद रहे।

# अवैध प्लाटिंग बिस्मार करने वाली एमडीए की टीम का विरोध

## पुलिस बल की मौजूदगी में अफसरों ने चलवाया बुल्डोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर के न्याजुपुरा क्षेत्र में अवैध रूप से चल रही प्लाटिंग पर पर मंगलवार को मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण का बुलडोजर कई घंटे गरजता रहा। करीब 27 बीघा भूमि पर अवैध प्लाटिंग को बुलडोजर ने ध्वस्त कर दिया। इस गोरखधंधे में कई दबंगों की संलिप्तता सामने आ रही है।

कार्यवाही के दौरान कुछ लोगों ने विरोध भी किया, लेकिन पुलिस के आगे नहीं चल सकी। एमडीए की इस कार्रवाई के कारण हड़कंप रहा। अवैध कॉलोनी काटने वालों को भविष्य में इसकी पुनर्रावृत्ति करने पर कानूनी कार्यवाही की चेतावनी दी गई।शहर के बाहरी बस्तियों में बड़े पैमाने पर अवैध प्लॉटिंग का खेल चल रहा है, जिसमें आशियाना बनाने का सपना. संजोने वाले भोले-भाले लोग लुट रहे है। ऐसा ही खेल शहर के शाहबध्द्दीनपुर गांव से लगे न्याजूपुरा में सामने आया है, जहां पर कुछ दबंगों ने अवैध कब्जा

कर 27 बीमा से ज्यादा भूमि पर अवैध प्लाटिंग कर रखी थी। किसान यूनियन से जुड़े लोगों ने भी झोपडी डाल रखी थी। पीड़ित पक्ष अपनी पुश्तैनी जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए प्रयासरत था। रामलीला टिल्ला के चंद्रशेखर की पत्नी और बेटे ने भी पुश्तैनी जमीन पर कब्जे की शिकायत की थी। एमडीए की टीम मंगलवार को दो बुलडोजरों और शहर कोतवाली पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची तो आंखे फटी की फटी रह गई। 27 बीघा भूमि पर अवैध प्लाटिंग की गई थी। प्लाटों की नींव बनाने के साथ लोगों को फंसाने के लिए यहां बिजली के खंभे भी गाड दिए गए थे। एमडीए का बुलडोजर यहां करीब तीन घंटे तक गरजता रहा। इस दौरान कुछ लोगों ने बुलडोजरके आगे आकर कार्यवाही का विरोध किया।

एक तो गाली-गलौज पर उतर आया। इसके बाद पुलिस ने थप्पड़ बरसाकर उसे पकड़ लिया, तब जाकर विरोध शांत हुआ। इसके बाद बुलडोजर ने सैंकड़ों निर्माण को ध्वस्त कर दिया। एमडीए के प्रेस नोट में बताया गया है कि पदम सैन, प्रमोद और विक्की आदि ने 27 बीघा में अनाधिकृत रूप से बिना मानचित्र स्वीकृत कराए अवैध प्लॉटिंग की थी। बुलडोजर से अवैध निर्माण को ध्वस्त करा दिया। आरोपियों को पहले प्राधिकरण की तरु से नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन भू स्वामियों द्वारा स्थल से अवैध प्लॉटिंग को नहीं हटाया गया था।

### ताला तोड़कर वकील के घर से हज़ारो की नकदी चोरी

**मोरना।** पत्नी को ससुराल से लेकर घर लौटे वकील को अलमारी में रखी नकदी गायब मिली।पीड़ित ने अज्ञात चोर के खिलाफ तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।ककरौली थाना क्षेत्र के गांव चौरावाला निवासी अधिवक्ता संजीव कुमार उर्फ शास्त्री ने बताया कि बीते रविवार मकान का ताला लगाकर वह अपनी पत्नी को लेने बिजनौर जनपद स्थित ससुराल में गया था। मंगलवार दोपहर जब वह घर वापस लौटा तो उसे कमरे मे लगा ताला गायब मिला। जहां कमरे मे रखी अलमारी खुली हुई मिली। संजीव कुमार ने बताया अलमारी मे रखे 90 हजार रुपये चोरी मिले। पीड़ित ने डायल 112 व थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर जाकर घटना की जानकारी की।थानाध्यक्ष जोगेन्द्र सिंह ने बताया की अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर आने पर अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

# 25 लाख की गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मीरांपुर पुलिस ने ऑपरेशन सवेरा के तहत नशील पदार्थ के ऐसे तस्करों को गिरफ्तार किया है जो उडीसा से सस्ते दामों में गांजा खरीदकर जनपद मुजफ्फरनगर, शामली व पानीपत में बेचते थे। पकड़े गये तस्करों ने इस तस्करी में कीमती गाड़ी इस्तेमाल की और कार की हैड लाईट, डिग्गी व बॉक्स में छिपाकर नशीले पदार्थ लाते थे। बरामद 68 किलोग्राम गांजे की कीमत 25 लाख बतायी गई है।

पुलिस लाईन के सभागार कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान एसपी देहात बंसल ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में ऑपरेशन सवेरा के तहत अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वालो के विरूद्व अभियान चला रखा है।

इसी के तहत मीरांपुर पुलिस ने चैकिंग के दौरान कार को रूकने के लिए कहा तो चालक ने कार को मोडकर उसकी रफ्तार तेज कर दी लेकिन पुलिस ने घेराबंदी करते हुए एक आरोपी को दबोच लिया। इस दौरान पुलिस ने कार के अंदर से 68 किलो गांजा बरामद करने का दावा किया। पुलिस का कहना है कि पकडे गये आरोपी का नाम रमेश पुत्र रूपचन्द निवासी कुटेनी रोड पानीपत हरियाणा है और उसके फरार साथी का नाम संजय पुत्र गुलाब निवासी विद्यानन्द कालोनी पानीपत हरियाणा है। पुलिस का कहना है कि आरोपी रमेश पहले भी धोखाधडी के मामले में जेल जा चुका है और वह संजय के साथ मिलकर उड़ीसा से सस्ते दामों में गांजा खरीदकर आस-पास के जंगलों में उसकी ब्रिकी करते थे। पुलिस का कहना है कि आरोपी के कब्जे से तस्करी में प्रयुक्त होने वाली हुण्डई सैन्ट्रो भी बरामद की गई है।

# दोस्त की बेटी ने अफसर को फंसाया, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के एक अधिकारी से एक व्यक्ति ने दोस्ती की और बेटी के माध्यम से अधिकारी को अपने जाल में फंसाकर करीब 42 लाख रुपये की रकम ठग ली।

जनपद के उक्त व्यापारी को लडकी ने अपने झांसे में लिया और जमीन व मकान बनवाने के नाम पर मोटी रकम लूट ली। सभी कुछ गंवाने के बाद जब उक्त अधिकारी ने मिलने का प्रयास किया तो लडकी ने इस सम्बन्ध को यही खत्म करने की बात कही। इतना ही नही झूठे मुकदमे में फंसाकर आत्महत्या करने की भी चेतावनी दी। मुकदमे के बाद अधिकारी को एक बार ओर ब्लैकमेल करते हुए उससे 25 लाख रुपये की मांग की गई। इस बार अधिकारी ने अपने को ठगा महसूस करते हुए और मुकदमे से बचने के लिए पुलिस के आला अफसरों से न्याय की गुहार लगाई तो कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने महिला व उसके साथी के विरूद्व दर्ज कर लिया है।

नई मंडी क्षेत्र के अन्तर्गत वसुन्धरा के रहने वाले की तहरीर पर कोर्ट के आदेश पर नई मंडी पुलिस ने एक मुकदमा दर्ज किया है।

पीडिता ने बताया कि वह चरथावल क्षेत्र में एक अधिकारी के रूप में कार्यरत है और इससे पहले उनकी पोस्टिंग पुरकाजी ब्लॉक में थी। इसी दौरान उनकी मुलाकात पुरकाजी के रहने वाले मुल्कीराज से हुई और धीरे-धीरे उक्त वक्ति से उनके अच्छे सम्बन्ध बन गये, यहां तक कि पारिवारिक मामलो में वह उनके सहयोगी। जब आरोपी मुल्कीराज ने उनका विश्वास जीत लिया तो उनकी पुत्री जो भोपा रोड में रहती है उनके साथ धीरे-धीरे अच्छी जान पहचान बना ली। वह धीरे उक्त लडकी के चक्कर में आ गये, क्योंकि लडकी ने उन्हें अपने परिवार की तरह मानने की बात कही। भावनात्मक रूप से लडकी ने उन्हें नौकरी जमीन खरीदने और मकान बवाने के लिए कहा। जिससे उक्त लडकी ने उनसे 42 लाख रूपये ऐठ लिये। पीडित का कहना है कि उक्त लडकी बहुत शातिर किस्म की है और कुछ दिन बाद उन्हे पता चला कि लडकी पहले से ही शादी शुदा है और वह अपने साथी शिवम के साथ मिलकर उससे ठगी कर रही थी। ठगी करने के बाद लडकी ने सम्पर्क खत्म करने के लिए कहा और पैसे वापस देने से भी इंकार कर दिया। यह भी आरोप है कि उक्त लडकी व उसके साथी ने अधिकारी को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया।

यहां तक कि लगातार पैसो की डिमांड करती रही और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। पीडित ने यह भी आरोप लगाया कि उक्त लडकी शिवम के साथ मिलकर एक झूठा सुसाईट वीडियो तैयार किया और सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। पीडित ने आरा. ेप लगाया कि पुलिस ने इस मामले में कोई कार्यवाही नही की जिसके बाद उसको कोर्ट की शरण लेनी पडी। अब नई मंडी पुलिस ने लडकी व साथी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।



मुजफ्फरनगर: गांजा चोरों को जेल भेजने से पहले पूछताछ करते पुलिस अधिकारी।

# स्पेयर पार्टस की दुकान में लगी भीषण आग

**मुजफ्फरनगर।** शहर के रुडकी रोड पर मंगलवार सुबह सहारनपुर बस स्टैंड के समीप स्पेयर पार्टस की दुकान में आग लग गयी। दुकान से धुआं उठता हुए देखकर आसपास के लोगों ने दुकान मालिक को आग की सूचना दी। वहीं जानकारी मिलने पर दमकल विभाग की गाडियां मौके पर पहुंची और दुकान का शटर खोलकर आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक आग से लाखों का नुकसान हो चुका था।

मंगलवार सुबह सहारनपुर बस स्टैंड के समीप गणपति स्पेयर पार्टस दुकान में आग लग गयी। दुकान के शटर से धुआं बाहर आते हुए देखकर आसपास के लोगों ने दुकान मालिक को सूचना दी। दुकान मालिक दमकल विभाग को जानकारी देकर मौके पर पहुंचे। हालांकि कुछ देर बाद दमकल विभाग की गाडी भी मौके पर पहुंच गयी। दमकलकर्मियों ने शटर को खुलवाकर आग को बुझाने का कार्य शुरु किया। लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। दुकान मालिक नीटू ने बताया कि आग से दुकान में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। सम्भवतरू दुकान में शार्ट सर्किट से आग लगी है।

# घर में बैठे परिवार पर धारदार हथियारों से हमला

**तितावी।** थाना क्षेत्र के गांव भमेला में गत रात्रि अपने घर में बैठे परिवार पर पड़ोस के कुछ लोगों ने धारदार हथियारों जान से मारने की नियत से हमला कर कई लोगों को घायल कर दिया। परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो हमलावरों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया।

तितावी थाना क्षेत्र के गांव भमेला निवासी सोशन पत्नी प्रवीण रात्रि लगभग साढ़े सात बजे अपने परिजन प्रवीण पुत्र कलीराम व अपने घर में बैठे हुए थे और अपने गांव के ही ओमपाल पुत्र कलीराम व विकास पुत्रा राजवीर, प्रदीप पुत्र करम सिंह व रवि पुत्र राजवीर, धर्मवीर पुत्रा कलीराम, करम सिंह पुत्रा कलीराम व प्रेमो देवी पत्नी कृष्णपाल के साथ बैठे बातचीत कर रहे थे कि तभी अचानक पड़ोस में रहने वाले मोनू, कमल प्रवीण, प्रदीप उर्फ दीपु पुत्र पाला व सुभाष व संजीव उर्फ छोटन गुग्गन्या राकेश व सागर पुत्र धर्मवीर जो अपने अपने हाथों में धारदार हथियार जिसमें कटा व दांवा व लोहे की रॉड पलकटी व लाठी डंडे व सागर अपने हाथ में सरिया लेकर हमारे घर में घुस आए और आते ही गाली गलौच करते हुए घर में बैठे लोगों के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी तथा सागर व कमल ने अपने हाथ में सरिया से जान से मारने की नियत से विकास, प्रदीप और ओमपाल के सिर और पैरों में मार दिया व रवि, कर्मसिंह व हिंडू भी घायल हो गए शोर पर आसपास के अन्य भी व्यक्ति आ गए जिन्हे देखकर उक्त सभी लोग मौका मिलने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए।

घायलों में ओमपाल पुत्रा कलीराम व विकास पुत्रा राजवीर, प्रदीप पुत्र करम सिंह की हालत गंभीर बनी हुई है जो जिला चिकित्सालय में भर्ती है। सोशन ने तितावी थाने में उक्त आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया। वहीं पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कमल पुत्र पप्पू व सुखपाल उर्फ सुक्खा को धोलरा बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया और कानूनी कार्रवाई करते हुए दोनों को जेल भेज दिया।

### गंगा बैराज के रावली तटबंध पर युद्ध स्तर पर कार्य जारी

**मीरापुर।** गंगा बैराज से रावली जाने वाले तटबंध को प्रशासन के निर्देश पर मिटी, पेड, रेत के कटो व तारो के माध्यम से कटाव को रोकने का प्रयास जारी है लेकिन गंगा का बहाव इतना तेज है कि तटबंध पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं।

गंगा बैराज से रावली की ओर जाने वाली तटबंध को टूटने की स्थिति में मुजफरनगर व बिजनौर के आला अधिकारियों ने गम्भीर स्थिति देखते हुए कटान को रोकने के लिए जेसीबी व अन्य संशाधन अपनाकर रोकने का प्रयास किया जा रहा है। उधर गंगा बेराज पर सभी वाहनो का सुरक्षा के कारण आवागमन रोक दिया गया था जो मंगलवार को पुनः चालू कर दिया गया। तटबंध पर पर हजारो मजदूर रात दिन युद्ध स्तर पर कार्य कर रहे हैं लेकिन गंगा का बहाव जलवृद्धि के कारण बहुत तेज है जिस कारण तटबंध पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं।



मुजफ्फरनगर: पीड़ितों को सपा नेताओं की मौजूदगी में राहत राशि भेंट करते कादिर राना।

# सीएम धामी के समक्ष रखा उत्तराखण्ड शहीद स्मारक को बनाने का प्रस्ताव

**मुजफ्फरनगर।** उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सत्यप्रकाश रेशू ने एक मीटिंग काशीपुर में की। जिसमे पुष्कर सिंह धामी के 2 अक्टूबर को मुजफ्फरनगर आगमन पर चर्चा हुई। साथ ही दोनो के बीच उत्तराखण्ड शहीद स्मारक रामपुर तिराहा मुजफ्फरनगर को 24 घंटे खोलने के संबंध में भी वार्ता हुई। ताकि उत्तराखण्ड शहीद स्मारक उत्तराखण्ड आने-जाने वालो के लिए मुजफ्फरनगर में गेटवे का काम कर सके। साथ ही उत्तराखण्ड का प्रत्येक व्यक्ति उत्तराखण्ड शहीद स्मारक के माध्यम से मुजफ्फरनगर व उत्तर प्रदेश से जुड़ा रहे।

जिस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आपने ये प्रस्ताव दो वर्ष पूर्व भी 2 अक्टूबर को मेरे समक्ष रखा था। जिसे मैने रामपुर शहीद स्मारक में अपने उद्भोषण में भी कहा था। साथ ही उत्तराखण्ड के अंदर उत्पादित होने वाले अनेको उत्पादो को उत्तराखण्ड शहीद स्मारक में बिक्री हेतु उपलब्ध कराये जाने पर भी चर्चा हुई, चार धाम यात्रा का गेटवे भी उत्तराखण्ड शहीद स्मारक को बनाने का प्रस्ताव रेशू ने मुख्यमंत्री को दिया। जिससे चार धाम के यात्रियो की यात्रा सुलभ हो जायेगी। मुजफ्फरनगर के प्रत्येक व्यक्ति की ओर से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। माँ सरस्वती की एक लेखनी भारत के युवाओ का उज्जवल भविष्य लिखने के लिए भेंट की गई। जिसे मुख्यमंत्री ने अपने माथे लगाकर अपनी जैकेट में लगा लिया। गत दिनो खटीमा में पुष्कर सिंह धामी



के घर पर सत्यप्रकाश रेशू ने उनकी माताजी के चरण स्पर्श कर आर्शीवाद लिया था।

दोनो के बीच की भेंट के शुभावसर पर काशीपुर के विधायक त्रिलोक चीमा, पूर्व विधायक हरभज सिंह चीमा, बीजेपी वरिष्ठ प्रदेश नेता आशीष अग्रवाल, एसपीएनजी ग्रुप के चेयरमैन योगेश जिन्दल, नगर निगम के महापोर दीपक बाली सहित अनेको वरिष्ठ भाजपा नेता मीटिंग के समय साथ थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व सत्यप्रकाश रेशू की इस मीटिंग को विज्ञापन उधोग की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। क्योकि रेशू एडवरटाइजिंग का उत्तराखण्ड के चप्पे - चप्पे पर विज्ञापन व्यवसाय स्थापित है। जिसे नया स्वरूप देने के लिए भी रेशू लगातार अलग - अलग प्रदेशो के मुख्यमंत्रियो से मिलते रहते है।

# 264 कॉलेजों को पछाड़कर इरम ने किया टॉप

## शाकुंभरी विश्वविद्यालय की श्रेष्ठता सूची में पाया प्रथम स्थान

**■ कॉलेज प्रबंधन डा. नवाब देवबंदी का सपना हुआ साकार**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद का नाम रोशन करते हुए नवाब अज़मत अली खान गर्ल्स डिग्री कॉलेज की बीए. तृतीय वर्ष की मेधावी छात्रा इरम पुत्री अकबर ने मां शकुंभरी देवी विश्व. विद्यालय की श्रेष्ठता सूची में प्रथम स्थान हासिल कर नई उपलब्धि हासिल की है।

आगामी 29 सितम्बर को विश्व. विद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले भव्य दीक्षांत समारोह में कुल. पति स्वयं इरम को स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित करेंगे। यह सम्मान इरम को 264 कॉलेजों की प्रतिस्पर्धा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर दिया जा रहा है। कॉलेज प्रबंधक व प्रख्यात



आलमी शायर डॉ. नवाज़ देवबंदी ने इस उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि मेरा सपना था कि हमारे कॉलेज की बेटियां विश्वविद्यालय स्तर पर श्रेष्ठता सूची में स्थान पाएं। आज इरम ने न केवल मेरा सपना साकार किया है, बल्कि सभी छात्राओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन गई हैं। उन्होंने छात्राओं से आ]वान किया कि वे एकेडमिक्स के साथ-साथ सामाजिक जीवन में भी अपनी श्रेष्ठता स्थापित करें। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अनीता अग्रवाल ने छात्रा इरम के परिवार को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल कॉलेज की ही नहीं, बल्कि पूरे जनपद की उपलब्धि है। इरम ने साबित कर दिया है कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। छात्रा की इस सफलता पर महाविद्यालय का पूरा स्टाफ खुद को गौरवशाली महसूस कर रहा है।

# भूस्खलन हादसे के पीड़ितों को राहत राशि सौंपी

**मुजफ्फरनगर।** 26 अगस्त को माता वैष्णो भूस्खलन हादसे में मारे गये पीडित परिवार से मिलकर सपा महासचिव व पूर्व सांसद कादिर राणा ने अपने पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पीडित परिवार को आर्थिक सहायता की राशि सौंपी है। मंगलवार को दो मासूम भाईयों की मौत का गम में झेल रहे परिवार से मिलकर उन्होंने आर्थिक सहायता के रूप में उन्हें रकम सौंपी है।

बता दे कि माता वैष्णों देवी धार्मिक यात्रा पर गये कई श्रद्धालु अर्द्धकुमारी के निकट भूस्खलन में मारे गये थे और महिला बच्चों सहित कई लोग घायल हो गये थे। उसके बाद पीडित परिवार के घर राजनैतिक व सामाजिक लोगों को आवागमन शुरू हुआ। सभी लोगों ने पीडित परिवार को आर्थिक सहायता की घोषणा की थी। इसी के तहत मंगलवार को पूर्व सांसद कादिर राणा, पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट ने सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को इस मामले की जानकारी दी थी और मौके पर की गई घोषणा के अनुसार पीडित परिवार के मुख्या देशराज प्रजापति के घर पहुंचे और उन्होंने 50 हजार की नकदी व एक टन सरिये की कीमत की धनरा. शि देशराज प्रजापति को सौंपी है। उन्होंने कहा कि सरकार अगर उनके आवास नही बनवाती है तो समा. जवादी पार्टी उनकी सहायता करेगी। पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट ने कहा कि माता वैष्णों देवी धार्मिक यात्रा पर गये श्रद्धालुओं ने प्राकृतिक आपदा में अपनो को खोया है और वह आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के साथ है। इस दौरान प्रमोद त्यागी एडवोकेट के अलावा अब्दुल राणा, अंसार आडती, शमशेर मलिक, डा.नूरहसन सलमानी, साजिद हसन, दर्शन सिंह, इसरा अल्वी, सागर कश्यप, वसीम राणा आदि मौजूद रहे।

# पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद को आगे आए पूर्व मंत्री योगराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जयंत चौधरी से मुलाकात कर सौंपा चेक मुजफ्फरनगर। पंजाब में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री चौधरी योगराज सिंह ने सराहनीय पहल की है।

उन्होंने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री एवं लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह को आपदा राहत हेतु धनराशि का चेक भेंट किया।

इस अवसर पर चौधरी योगराज सिंह ने बाढ़ आपदा पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कठिन समय में प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है कि पीड़ित परिवारों की मदद के लिए आगे आएं।

चौधरी जयंत सिंह ने उनके



इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपदा की घड़ी में पूरा देश एकजुट होकर सहयोग करे। उन्होंने आश्वस्त किया कि राष्ट्रीय लोकदल परिवार हर संभव तरीके से बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ा है।

# तहसील मार्ग पर गड्ढों में जलभराव से शव यात्रा में गिरने का खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** तहसील मार्ग की हालत इतनी खराब हो गई है कि अब यह सड़क खतरे का सबब बन गई है। तहसील कार्यालय के सामने स्थित यह प्रमुख मार्ग जगह.जगह टूट चुका है, बड़े-बड़े गड्ढो में बारिश का पानी भर गया है। इंटर कॉलेज, शमशान घाट, जगत कॉलोनी तथा आसपास के मोहल्लों से आने-जाने वाले लोगों के लिए यह सड़क परेशानी का सबब बन गई है। शव यात्रा में शामिल लोगों को गड्ढों में गिरने का खतरा बना रहता है, तो स्कूली बच्चों के लिए यह मार्ग हर रोज़ हादसे का डर लेकर आता है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि सड़क की दुर्दशा को लेकर कई बार पीडब्ल्यूडी विभाग, एसडीएम राज. कुमार और तहसीलदार से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी कोई समाधान नहीं निकला।

अधिवक्ता सचिन आर्य, राजवीर सिंह, सरदार जितेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, प्रमोद शर्मा, जगदीश आर्य और अभिषेक गोयल ने बताया कि उन्हें प्रतिदिन इसी टूटी सड़क से गुजर कर तहसील कार्यालय पहुँचना पड़ता है। गड्ढों में जलभराव के कारण वाहन फंसते हैं, दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है और लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। जगत कॉलोनी के निवासियों ने बताया कि इस मार्ग पर सैकड़ों लोग रहते हैं। इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों को स्कूल जाते समय जलभराव से गुजरना पड़ता है। कई बार स्कूल वाहनों के बीच फंसकर पलटते.पलटते बचे हैं। पैदल स्कूल जाने वाले बच्चों के गिरकर चोटिल होने की घटनाएँ भी सामने आ चुकी हैं। वहीं शमशान घाट तक शव यात्रा ले जाते समय अर्थी गिरने का भय बना रहता है। स्थानीय लोगों ने कहा कि यह मार्ग तहसील कार्यालय के ठीक सामने है,

जहाँ एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार समेत प्रशासनिक अधिकारी रोज़ाना आते.जाते हैं। इसके बावजूद सड़क की दयनीय स्थिति पर किसी का ध्यान नहीं है। ग्रामीणों, नगरवासियों और अधिवक्ताओं ने एसडीएम से सड़क निर्माण की मांग की है। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए लोगों ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा नगर और देहात की सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने का जो दावा किया जा रहा है, वह केवल कागज़ों तक सीमित है। जानसठ मार्ग ओवर ब्रिज के नीचे से लेकर बुआड़ा मार्ग तक की सड़क भी जगह-जगह टूटी



हुई है। अनिल पुंडीर, सुभाष, राकेश और अमित ने कहा कि प्रशासन को बार.बार अवगत कराने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं हुआ तो क्षेत्रवासियों को आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा। क्षेत्रवासियों ने एसडीएम से जल्द सड़क निर्माण कराने की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन की निष्क्रियता से लोगों की जान को खतरा है और आम जन को रोज़मर्रा की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो यह सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बन सकती है।

# शूटर हिमांशु पाल ने कांस्य-रजत पदक जीता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** क्षेत्र के होनहार शूटर हिमांशु पाल ने राजस्थान राज्य के जयपुर में एक स्थान पर आयोजित की गई एक भव्य प्रतियोगिता में सही निशाना साधकर कांस्य पदक और रजत पदक हासिल कर बुढ़ाना का नाम रोशन किया। बुढ़ाना पहुं. चने पर शूटर हिमांशु पाल का स्वागत हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार विगत दिवस राजस्थान राज्य के जनपद जयपुर में आयोजित हुई 48वीं यूपी स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप में बुढाना मंडल फालकन शूटिंग रेंज के शूटर हिमांशु पाल ने प्रतिभाग किया। जिसमें आईएसएसएफ सीनियर वर्ग में व्यक्तिगत कांस्य पदक हासिल किया और सीनियर टीम वर्ग में रजत पदक हासिल किया। कोच अंकुश राणा ने यहां रेंज में पहुंचने पर शूटर हिमांशु पाल का फूल मालाओं से सैंकड़ों लोगों की



मौजूदगी मे भव्य स्वागत कर मिष्ठान का वितरण किया। इस कार्यक्रम में एक विशेष ही उत्साह देखने को मिला। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से विशेष बालियान, सागर पाल, शिवम राणा, रवि भूषण शर्मा, अकबर अहमद और अलिश पांचाल सहित आदि गणमान्य लोगों की भी उपस्थिति देखने को मिली। दूसरी और एक साथ एक ही चौम्पियन शिप में दो पदक मिलने पर हिमांशु पाल के परिवार और मौहल्ले में भी खुशी का जबरदस्त माहौल है।

# आवारा कुत्तों से त्रस्त नागरिकों ने की फीडिंग जोन की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** नगर में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। गलियों, मोहल्लों और मुख्य रास्तों पर घूमते खूंखार कुत्तों के झुंड अब राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा बन गए हैं।

आए दिन बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों पर हमला होने की घटनाएँ सामने आ रही हैं। कई लोग घायल भी हो चुके हैं। इस समस्या से परेशान नागरिकों ने पालिका प्रशासन से जल्द फीडिंग जोन बनाने की मांग की है।नगरवासियों का कहना है कि रात होते ही कुत्तों के झुंड गलियों में जमा हो जाते हैं, जिससे बच्चों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। बुजुर्गों और महिलाओं में डर का माहौल है। वाहन चालकों का कहना है कि सड़क पर चलते समय अचानक कुत्तों के दौड़ने से हादसे का खतरा बना रहता है। नागरिकों ने बताया कि लखनऊ और दिल्ली में बनाए गए फीडिंग जोन की तरह खतौली में भी सुरक्षित जगहों पर फीडिंग जोन बनाना जरूरी है, जिससे कुत्तों को नियंत्रित किया जा सके और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो।सुझाव भी सामने आए हैं कि फीडिंग जोन बच्चों के स्कूलों, खेल मैदानों और मुख्य प्रवेश-निकासी वाले स्थानों से दूर बनाए जाएं ताकि किसी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके। नगरवासियों ने पालिका प्रशासन से तत्काल पहल कर समस्या का समाधान करने की मांग की है, ताकि आवारा कुत्तों के आतंक से राहत मिल सके।

# गांव सफीपुर और परासौली में हुई कई बैठकें

**बुढ़ाना।** मंगलवार के दिन सामा. जिक न्याय क्रांति मोर्चा के तत्वाधान में जनपद मुजफ्फरनगर के जिला पंचायत के वार्ड नंबर 19 के समस्त गांवों के जिम्मेदार व्यक्तियों की एक आवश्यक मीटिंग पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव परासौली में और वार्ड नंबर 20 के ज़िम्मेदार व्यक्तियों की मीटिंग गांव सफीपुर में सम्पन्न हुई। जिसमे सामाजिक न्याय क्रांति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजि. नियर देवेंद्र सिंह कश्यप ने सैंकड़ों ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के 78 साल बाद भी उत्तर प्रदेश में अति पिछडी जातियों और महादलित में से एक भी मुख्यमंत्री नहीं बना है। सभी सरकारों ने इन समाजों की वोट लेना का काम किया है और इन समाज को इनके अधिकारों से वंचित रखा है। लोकतंत्र में पांच हथियारों का उपयोग करके अब यह समाज सत्ता में



भागीदारी करेगा और सरकार के विरुद्ध आगामी 24 सितंबर को मुजफ्फरनगर शहर में होने वाले आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेगा। उन्होंने सभी से आंदोलन में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की। जिसमें अपनी राजनीतिक पार्टी और झंडे की घोषणा भी की जाएगी। इस दौरानघ इन सभी मीटिंगों में मुख्य रूप से राजेश तुरैहा, ब्रजमोहन कश्यप, सतेन्द्र कश्यप, सुधीर कश्यप, सुरेंद्र कश्यप, रामा कश्यप, श्रवण कश्यप, उपेंद्र कश्यप, सुनील कश्यप, सोनू कश्यप, संतराम कश्यप और सतबीर कश्यप सहित सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति देखने को मिली।

# आदर्श नगर पंचायत चरथावल में आपका स्वागत है.....

## कस्बे में शुरू होगी प्री वाईफाई की सुविधा : मास्टर इस्लाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** कस्बा चरथावल के समस्त लोगों के लिए चरथावल नगर पंचायत की और से एक बहुत बड़ी खुशखबरी है। जिसमें नगर पंचायत द्वारा शीघ्र ही कस्बे के कुछ प्रमुख स्थानों पर फी वाईफाई की सुविधा दी जाएगी। इस दिशा में काम भी शुरू हो गया है। फिलहाल कस्बे मे इस दिशा मे काम लगाया जा चुका है और इसका ट्रायल भी सफल रहा।

अब जल्दी ही हाइस्पीड इंटरनेट के साथ ही यह सेवा विधिवत रूप से शुरू कर दी जाएगी। वाई-फाई शुरु करने का असली मकसद जरुरतमंद लोगों को आवश्यक कार्यो के लिए मुफ्त इंटरनेट उपलब्ध कराना है। आज के दौर में बच्चों को पढ़ाई के लिए नोट्स और वीडियो आदि डाउनलोड करने की जरूरत होती है। चेयरमेन मास्टर इस्लाम ने बताया कि एक मोबाइल पर 24 घंटे में से एक घंटे के लिए इंटरनेट की सुविधा मिलेगी।

अगले दिन फिर से उसी मोबा. इल पर कनेक्ट किया जा सकता है। एक बार में 50 डिवाइस यानि कि 50 मोबाइल और लैपटॉप पर इंटरनेट का उपयोग किया जा सकता है। इस संख्या को बढ़ाए जाने का भी प्लान बना लिया गया



है। इसके लिए बाकायदा हमने एक वीडियो जारी कर यह बताया है कि कैसे आप अपने मोबाइल फोन को वाई-फाई से कनेक्ट कर फी नेट का मजा ले सकते हैं। बीती 24 जुलाई सन 2021 को योगी सरकार ने घोषणा की थी कि 15 अगस्त सन् 2021 से पूरे यूपी में फी वाई-फाई की सुविधा दी जाएगी लेकिन उस दौरान नगर पंचायत चरथावल में ये सुविधा शुरु नहीं हो पाई। अब चेयरमेन मास्टर इस्लाम ने योगी सरकार के इस निर्देश का पालन करते हुए चरथावल कस्बे में फिलहाल ट्रायल के तौर पर यह सुविधा आज से एक स्थान पर शुरु कर दी है



और बाकी स्थानों के लिए कार्य शुरु कर दिया गया है।

कस्बे के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर मुफ्त वाईफाई की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हॉटस्पॉट चिह्नित किया जा रहा है। कस्बे के विभिन्न अस्थाई बस स्टेशन, चौराहो, पार्को तथा मुख्य बाजारों में लोगों को मुफ्त वाईफाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मुफ्त वाईफाई की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नगर निकाय के अधिकारी इंटरनेट कंपनियों से करार कर चुके हैं। वाईफाई में इंटरनेट की स्पीड पर विशेष ध्यान रखा जाएगा।

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अनस और उसकी पत्नी ताहिरा मेरे कहने में नहीं है। इन दोनों के द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं है। मैंने दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। -मोहम्मद इसराइल पुत्र जमील अहमद निवासी सिकंदरपुर, थाना मीरापुर, मुजफ्फरनगर।

### जल निगम ने किया कस्बे का सत्यानाश....

**चरथावल ।** बीती 26 मई सन 2023 में कस्बा चरथावल के पूर्व चौयरमेन पति मास्टर इस्लाम द्वारा की नगर पंचायत चरथावल के चौयरमेन के रूप में शपथ लेते हुए कस्बे का विकास करने की बात कही थी। जिसको वे समय समय पर पूरा भी कर रही हैं।

बस जल निगम ने केंद्र सरकार की एक योजना को अमलीजामा पहनाने के उद्देश्य से अंडर ग्राऊंड पाइप लाइन के चक्कर में कस्बे की सड़कें जगह जगह से खोदकर डाल दी लेकिन उन क्षतिग्रस्त सड़कों को आज तक भी ठीक नहीं किया। शायद जल निगम चेयरमेन की साख को जनता की नजरों में गिराने का मंसूबा पाले हुए हो। अब जनता इस कुचक्र को अच्छे से भी समझ गयी है और वह जल निगम के खिलाफ कुछ दिनों में सड़कों पर उतरकर कोई बड़ा प्रदर्शन करने के चक्कर में हैं। जनता का खतरनाक मूड जल निगम के खिलाफ कब उबाल ले ले ये भी नहीं कहा जा सकता। जल निगम के अधिकारी और कर्मचारी इस प्रोजेक्ट में कितना गोलमाल कर रहे हैं और कर चुके हैं ये भी जांच का विषय है।

# वीतराग सन्त के अतुल्य पुरुषार्थ से हुआ भागवत भूमि का जीर्णोद्धार : राजेंद्रदेवाचार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** श्री अग्रमलूकपीठ वृंदावन के पीठाधीश्वर एवं प्रसिद्ध कथाव्यास राजेंद्रदेवाचार्य महाराज मंगलवार को अपने शिष्यों के साथ भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने प्राचीन सिद्ध वटवृक्ष की परिक्रमा की और श्री शुकदेव मंदिर में पूजा अर्चना के साथ वीतराग स्वामी कल्याणदेव महाराज की स्मृति गैलरी का अवलोकन कर शुकतीर्थ के जीर्णोद्धारक का भावपूर्ण स्मरण किया।

तत्पश्चात पीठाधीश्वर स्वामी ओमानंद महाराज से भेंट की जहां पर स्वामी जी ने उन्हें पुष्पमाला, शाल भागवत पीठ का दुप्पटा पहनाकर स्वागत सम्मान के साथ तीर्थ साहित्य एवं प्रसाद भेंट किया। देवाचार्य ने स्वामी कल्याणदेव अभिनंदन ग्रंथ का भी अवलोकन किया तथा कहा कि शुकतीर्थ भागवत के आदिवक्ता परमहंस चूड़ामणि श्री शुकदेव जी की भूमि



है।

वर्तमान समय में शुकतीर्थ सनातन संस्कृति के रक्षण, पोषण और आदर्श का केंद्र बिंदु बना हुआ है। वीतराग सन्त ने शुकतीर्थ धाम का जीर्णोद्धार कर सनातन संस्कृति पुनर्जागरण का ऐतिहासिक तथा स्तुत्य कार्य किया। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में भी उनकी अद्भुत एवं सरहानीय सेवाएं रहीं, इसलिये उनको शिक्षा ऋषि कहा जाता है। स्वामी कल्याणदेव महाराज भगवान शुकदेव जी तथा भागवत के परम कृपापात्र एवं सन्त समाज का मुकुट थे। इस दौरान कथाव्यास अचल कृष्ण शास्त्री, आचार्य सुमन, ठाकुर प्रसाद, दीपक कुमार, युवराज आदि मौजूद रहे।

# सीसीटीवी कैमरे अपराध भी रोक रहे...

**चरथावल ।** कस्बे के लगभग सब प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। इससे अपराध घटा है। कई बदमाश घटना को अंजाम देने के बाद इन कैमरों में कैद होने के कारण पकड़े गए और कुछ कैमरे लगे होने के कारण अपराध करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे।

## थानाभवन मार्ग पर बनाई गई नई पुलिया

**चरथावल।** नगर से बाहर निकलने वाला प्रमुख रास्ता जो जयहिंद इंटर कालिज के सामने थानाभवन मुख्य मार्ग पर निकलता था उसकी जो पुलिया थी उसमे नगर के बड़े हिस्से का पानी निकलता था, पुलिया निचे होने के कारण राजीव मार्किट सहित पुरे वार्ड मे पानी निकासी की समस्या थी जोकि चेयरमेन मास्टर इस्लाम द्वारा नयी पुलिया का निर्माण कर नगरवासियो को जलभराव की समस्या से निजात दिलाई जिसकी सभी नगरवासी बड़ी सराहना कर रहे हे

**सभासद गुलफाम उर्फ़ काला ने अपने वार्ड मे कराया है भरपूर विकास**

वार्ड सात से सुभासद गुलफाम उर्फ़ काला द्वारा जहाँ पुरे कस्बे मे रिकार्ड तोड़ जीत दर्ज की थी और सबसे अधिक वोटो से जितने का रिकार्ड कायम किया था वही विकास के मामले मे भी सभासद काला कुरैशी सबसे अव्वल हे और वह सड़को सहित लाइटो,सफाई के मामले मे अपने वार्ड को सबसे अग्रहणी रखते हे जिस कारण सभासद की सभी वार्डवासी भरपूर सराहना करते नजर आते हे

## सवा 2 वर्ष में चेयरमेन ने कस्बे का किया जमकर विकास

चरथावल नगर पंचायत चेयरमेन की विकास और सेवा करने की कार्यशैली शुरू से ही रही हे आम चर्चा यह हे की चेयरमेन मास्टर इस्लाम को अगर कोई रात के बारह बजे भी अपने काम ले जाता हे तो वह अपनी नींद छोड़कर उस व्यक्ति के काम जाना पहले पसंद करते हे तभी तो उन्होंने इन सवा 2 वर्षो में कस्बे को एक नये आयाम पर पहुंचाने का काम किया। अब फी वाईफाई इंटरनेट का मजबूत नेटवर्क के अलावा इससे पहले रोशनी में जगमग सड़कें। हर अहम मोड़ की निगरानी में लगे सीसीटीवी कैमरे। तय शेडयूल से निर्बाध जल आपूर्ति। हम किसी महानगर या शहर की बात नहीं कर रहे हैं यह सब सुविधाएं जिला मुजफ्फरनगर की चरथावल नगर पंचायत में हैं। बेहतर सोच और कुछ कर दिखाने के जज्बे का यह एक अच्छा उदाहरण है। खास बात यह है कि मौहल्लों में सड़कों में लगने वाली टाइल्स में भी विशेष रंगों का इस्तेमाल किया गया है। वजह चरथावल कस्बे की सूरत बेहतर लगे और लोगों को कुछ अलग होने का अहसास हो। ईओ राजीव कुमार का भी इसमें विशेष योगदान हे और वह भी भरपूर विकास चाहते है।

# निष्क्रिय बूथ प्रभारी व बीएलए हटाकर सक्रिय कार्यकर्ताओं को दी जाएगी जिम्मेदारीः सत्यदेव शर्मा

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** कथित 'वोट चोरी' को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी दलों और चुनाव आयोग के बीच चल रहे संघर्ष के बीच समाजवादी पार्टी ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर पूरी रणनीति तैयार कर मैदान में उतरने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में विधानसभा खतौली की मासिक बैठक मंगलवार को शिवपुरी स्थित जिला सचिव पंकज सैनी के प्रतिष्ठान पर हुई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष सत्यदेव शर्मा ने की, जबकि संच. ालन महासचिव शादाब परदेशी ने किया।बैठक में मुख्य अतिथि वरिष्ठ सपा नेता इरशाद गुर्जर ने कहा कि समय-समय पर चुनाव आयोग के कामकाज पर सवाल उठते रहे हैं।

उन्होंने कहा कि चाहे प्रधानी, विधानसभा, लोकसभा या अन्य चुनाव हों, निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करना और जनता का विश्वास कायम रखना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है, लेकिन वर्तमान में आयोग की कार्यप्रणाली से असंतोष देखा जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष सत्यदेव शर्मा ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान को गति देने के लिए निष्क्रिय बूथ प्रभारी और बीएलए को हटाकर सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं, उससे पहले अगले वर्ष त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रस्तावित हैं। मतदाता सूची में नाम बढ़वाने और गलत तरीके से कटे नामों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।नगर अध्यक्ष हाजी वसीम सिद्दीकी ने कहा कि कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया है कि यदि किसी मतदाता का नाम सूची से गलत तरीके से हटाया गया है तो संबंधित मतदाता से आधार या पहचान पत्र की प्रति लेकर संपर्क साधा जाए।

आवश्यकता पड़ने पर शपथपत्र भरवाकर सूची में नाम जोड़ा जाए। जिला सचिव पंकज सैनी ने जाति जनगणना की मांग करते हुए कहा कि यह केवल आंकड़ों का मसला नहीं है, बल्कि सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना से सबका साथ, सबका विकास सुनिश्चित होगा और शोषितों व पीड़ितों की आवाज को मजबूती मिलेगी।यूथ ब्रिगेड के जिला उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल एडवोकेट ने केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन वाली सरकार पर युवाओं को ठगने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रतिवर्ष दो करोड़ रोजगार देने के वादे के बावजूद सरकारी नौकरियों में कटौती की गई है। उन्होंने कहा कि निजीकरण को बढ़ावा देकर आरक्षण को समाप्त करने की साजिश की जा रही है तथा अग्निवीर योजना युवाओं को हतोत्साहित कर रही है। बैठक में वरिष्ठ सपा नेता इमरान सिद्दीकी, बालमुकुंद ग्रेड, जिला उपाध्यक्ष रविकांत त्यागी, जिला सचिव गजेंद्र प्रधान, हाजी इकबाल अहमद, नगर अध्यक्ष महिला सभा सुमन देवी, सभासद आस मोहम्मद, एहतेशाम सभासद, महिपाल, रिजवान ठेकेदार, अनुज गुर्जर, दिलशाद मलिक, शुऐब अहमद, मौ. अज़हर, शेखर गुर्जर, मौ. अमजद आदि उपस्थित रहे।

HOMI BHABHA CENTRE FOR SCIENCE EDUCATION
TATA INSTITUTE OF FUNDAMENTAL RESEARCH

**National Olympiad Programme 2025-2026**
**in Astronomy, Biology, Chemistry, Physics, Junior Science**

All students wishing to participate in the programme must appear in corresponding **National Standard Examinations (NSEs)** (for science subjects) on **November 22 and 23, 2025**, conducted by **the Indian Association of Physics Teachers (IAPT).**

Qualification in NSE is the first step towards participation in the corresponding **International Olympiads of 2026.**

To enroll:
**NSEs**: https://www.iapt.org.in (Aug 21 - Sep 14, 2025)

For more details: https://olympiads.hbcse.tifr.res.in
https://www.iapt.org.in

cbc 48143/12/0007/2526

## जंगल में चोरों का आतंक जारी, खेत से किसान की बाईक चोरी

**मोरना।** टड्बवैल चोरी की घटनाओं के बाद अब जंगली चोरो ने किसानों की बाइको को निशाना बनाया है। तीन दिनों मे बाईक चोरी की दो घटनाओं से दहशत व्याप्त हो गयी है। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव भुवापुर निवासी अंकित ने थाने आकर बताया कि मंगलवार की सुबह उसका भाई धीरेंद्र प्रताप निकटवर्ती गांव मीरावाला राजबाह पटरी किनारे स्थित खेत में काम करने गया था। धीरेन्द्र अपनी स्पलेंडर बाइक चकरोड़ पर खड़ी कर खेत में काम करने लगा। कुछ ही देर बाद कार्य समाप्त कर जब वह खेत से बाहर आया, बाइक को गायब देख धीरेन्द्र सन्न रह गया। आस- पास तलाश करने बाद धीरेन्द्र ने पुलिस को सूचना दी। सीसीटीवी कैमरो की सहायता से पुलिस घटना की जांच मे जुट गयी है। वहीं बीते शनिवार क्षेत्र के गांव चौरावाला निवासी किसान वीर सिंह की बाइक अज्ञात चोरों ने उस समय चोरी कर ली थी जब वह खेत मे कार्य कर रहा था। जंगल मे बाईक चोरी की बढ़ती घटनाओ से किसानो मे दहशत व्याप्त हो गयी है।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम हर्ष कुमार ( Harsh Kumar) था। जिसे बदलकर अब मैने अपना नाम हर्ष किंगर (HARSH KINGER ) कर लिया है अब से समस्त कार्यो के लिए मुझे मेरे नये नाम HARSH KINGER नाम से ही जाना , पहचाना व पढ़ा जाये।

**हर्ष किंगर पुत्र श्री प्रीतम दास**
**निवासी म.न०-10टी,**
**ओम आशियाना ,**
**मैन रोड द्वारिकापुरी**
**मुजफ्फरनगर, उ.प्र.**

## कार्यालय जिला गन्ना अधिकारी, सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर

पत्रांक / सर्वे

दिनांक 08.09.2025

### महत्वपूर्ण सूचना

सभी गन्ना किसान भाईयों को सूचित किया जाता हैं कि जनपद मुजफ्फरनगर के अन्तर्गत आने वाली गन्ना समितियों खतौली, तितावी, मन्सूरपुर, रोहाना, मोरना, रामराज, बुढाना, बिरालसी एवं चीनी मिल समिति मोरना क्षेत्र के सभी गन्ना किसानों को प्री-कैलेण्डर (कच्चे कैलेण्डर) वितरित किये जा चुके है, प्री-कैलेण्डर वितरण के पश्चात कृषक भाई उसमें अंकित अपने सभी आंकडो को भलि-भांति मिलान कर ले तथा यदि कोई त्रुटि हो तो निम्नलिखित अवधि में सम्बन्धित समितियों में आयोजित **समिति स्तरीय सट्टा प्रदर्शन मेले** मे उपस्थित होकर लिखित आवेदन के माध्यम से त्रुटि का सुधार करा सकते है:-

| क्र.सं. | नाम सहकारी गन्ना / चीनी मिल समिति | समिति स्तरीय सट्टा प्रदर्शन मेला आयोजित होने की अवधि |
|---|---|---|
| 1 | गन्ना समिति खतौली | 15-09-2025 से 25-09-2025 तक |
| 2 | गन्ना समिति तितावी | 11-09-2025 से 22-09-2025 तक |
| 3 | गन्ना समिति मन्सूरपुर | 15-09-2025 से 25-09-2025 तक |
| 4 | गन्ना समिति रोहाना कलां | 15-09-2025 से 25-09-2025 तक |
| 5 | गन्ना समिति मोरना | 15-09-2025 से 25-09-2025 तक |
| 6 | गन्ना समिति रामराज | 16-09-2025 से 26-09-2025 तक |
| 7 | गन्ना समिति बुढाना | 15-09-2025 से 25-09-2025 तक |
| 8 | गन्ना समिति बिरालसी | 17-09-2025 से 27-09-2025 तक |
| 9 | चीनी मिल समिति मोरना | 15-09-2025 से 25-09-2025 तक |

**नोट-राजकीय अवकाश के दिन मेला आयोजित नही होगा।**

अतः जनपद मुजफ्फरनगर के समस्त कृषक भाईयों से अनुरोध है कि किसान मेले की निर्धारित तिथियों में अपनी गन्ना समिति में उपस्थित होकर अपने सट्टे एवं अन्य आंकडो में सुधार करा लें, ताकि किसी तरह की त्रुटियों की सम्भावना न रहे तथा आगामी पेराई सत्र में गन्ना आपूर्ति में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

**किसान भाईयो के सर्वे सट्टा एवं अन्य आंकडो में त्रुटियों में सुधार हेतु यह अन्तिम अवसर है इसके पश्चात किसी भी प्रकार का सट्टे में सुधार होना सम्भव नही होगा।**


विभागीय टोल फी नम्बर 1800-121-3203
वेबसाइट **https://enquiry.caneup.in**
मोबाइल एप- **E-Ganna**

**समस्त सचिव प्रभारी,**
**सह.गन्ना विकास समितियां,**

**समस्त ज्ये.ग.वि.नि.**
**मुजफ्फरनगर**

**जिला गन्ना अधिकारी,**
**मुजफ्फरनगर**

# बिलासपुर कॉलेज का नाम अहिल्याबाई होल्कर हुआ





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रदेश सरकार ने जनपद के विलासपुर क्षेत्र स्थित राजकीय कन्या इंटर कॉलेज का नाम बदलकर अब लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, विलासपुर, मुज़फ़रनगर कर दिया है।

इस ऐतिहासिक नामकरण का श्रेय प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल को जाता है। मंत्री कपिल देव ने दिनांक 06 मई 2025 को अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा विभाग को भेजे अपने पत्र में विशेष रूप से आग्रह किया था कि विद्यालय का नामकरण महान समा. जसेविका और प्रशासनिक कुशलता की प्रतिमूर्ति लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी के नाम पर किया जाए। शासन ने मंत्री जी के इस आग्रह और सतत प्रयासों को गंभीरता से लेते हुए आज यह निर्णय लिया है।अहिल्याबाई होल्कर जी भारतीय इतिहास की एक अद्वितीय विभूति रहीं, जिन्होंने अपने पराक्रम, त्याग, परोपकार और लोकसेवा से समाज में अमिट छाप छोड़ी। उनके नाम पर विद्यालय का नामकरण निश्चित ही छात्राओं को शिक्षा और नारी सशक्तिकरण की दिशा में प्रेरित करेगा। यह नामकरण न केवल विलासपुर और मुज़फ्फरनगर, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। आने वाली पीढ़ियाँ अहिल्याबाई होल्कर के जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगी।

# मोबाईल की जगह पार्सल में निकले घटिया जूते

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम खेडी सराय में रहने वाले एक युवक के साथ ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने खुद को मोबाइल कंपनी का प्रतिनिधि बताकर युवक से चार हजार रुपये हड़प लिए और पार्सल में घटिया जूते भेज दिए।

ग्राम खेडी सराय निवासी ''शौकीन पुत्र मंगते'' के पास एक कॉल आया।ोन करने वाले ने खुद को विवो कंपनी का अधिकारी बताते हुए कहा कि कंपनी की ओर से आपके नाम मोबाइल का इनाम निकला है।

इनाम स्वरूप मोबाइल भेजने के लिए चार हजार रुपये खर्च के रूप में जमा कराने होंगे। कॉल करने वाले ने शौकीन को मोबाइल नंबर 9821618711 पर रुपये डालने के लिए कहा। बिना परिवार से सलाह लिए शौकीन ठग के झांसे में आ गया और तुरंत ही चार हजार रुपये भेज दिए।

इसके बाद 8 सितम्बर को डाक विभाग की ओर से पार्सल उसके घर पहुंचा। पार्सल खोलने पर शौकीन के होश उड़ गए, क्योंकि उसमें मोबाइल की जगह बेहद घटिया स्तर के जूते निकले। इसी दौरान उसे ठगी का अहसास हुआ।

पीड़ित ने इस संबंध में उच्चाधिकारियों को जानकारी दी है। वहीं, पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन ठग नए-नए तरीकों से लोगों को निशाना बना रहे हैं।

# लोक अदालत जागरूकता रैली निकाली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लोक अदालत के लिया जागरूक करने को जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। प्रभारी जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रविकांत तथा अपर जनपद न्यायाधीश सचिव सीताराम ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

रैली का उद्देश्य आम नागरिकों को बैंक विवाद, यातायात विवाद, भूमि विवाद संहित अन्य मामलों का समाधान सरल एवं सुगम न्याय प्रक्रिया से लोक अदालत के माध्यम से कराने के लिए प्रेरित करना रहा। रैली में मोटरसाइकिल रैली, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, पैश लीगल वालंटियर एवं समाजसेवी संस्थाओं के प्रति. निधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली जिला न्यायालय से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई पुनः न्यायालय परिसर में समाप्त हुई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जानकारी दी गई कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर, शनिवार को दीवानी न्यायालय परिसर मुजफ्फरनगर में बुढ़ाना, न्यायालय जानसठ एवं ग्राम न्यायालय खतौली में किया जाएगा। कार्यक्रम में एक्सेस टू जस्टिस संस्था एवं ग्रामीण समाज विकास केंद्र ने भी प्रतिभाग किया और समाज में फैली कुरीतियों जैसे बाल विवाह, बाल श्रम व बाल भिक्षावृति आदि के विरुद्ध जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर वॉलंटियर धनीराम, गौरव मलिक, रजनी पवार, संगीता, बबीता, अमित, सृष्टि आदि ने सक्रिय सहयोग दिया।

# शाहपुर में जैन समाज ने मनाया क्षमावाणी महापर्व



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** नगर मे सकल जैन समाज द्वारा क्षमावाणी पर्व बड़ी श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया। तथा पत्रकारों एवं समाजसेवीओ को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जैन समाज के लोगों ने एक-दूसरे से मिच्छामि दुक्कडम् कहकर क्षमा याचना की और आपसी सद्भाव का संदेश दिया। कस्बे के श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में सोमवार की रात सकल जैन समाज के तत्वाधान में आयोजित क्षमा वाणी पर्व पर आयोजित सभा मे पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी ने कहा कि क्षमावाणी पर्व हमें आपसी वैमनस्य भुलाकर समाज में भाईचारे व सद्भाव स्थापित करने की प्रेरणा देता है। वरिष्ठ पत्रकार डक्क अनुज अग्रवाल ने कहा कि क्षमा मांग कर बड़े से बड़े विवाद को समाप्त किया जा सकता है।

चाहे विवाद कितने ही दिन चले बाद में उसको समाप्त क्षमा मांग कर ही किया जाता है। प्रमुख समाजसेवी ललित जैन ने कहा कि जैन समाज मे दान दया सर्वोपरि है दया और करुणा का भाव प्रत्येक जैन वीर के अंदर रहता है। सकल जैन समाज के संरक्षक बालेश जैन ने अपने संबा. ेधन में कहा कि जैन धर्म का मूल आधार अहिंसा और क्षमा है। क्षमावाणी केवल एक पर्व नहीं बल्कि जीवन जीने का आदर्श है। हमें हर दिन दूसरों को क्षमा करने और उनसे क्षमा मांगने की आदत डालनी चाहिए। तभी समाज में शांति और सौहार्द कायम रह सकता है। कार्यक्रम में पुनीत जैन ने मां जिनवाणी की स्तुति की कार्यक्रम में दशलक्षण पर्व पर अपना विशेष सहयोग देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन अमित जैन ने किया। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी ललित जैन, पत्रकार सचिन सिंघल, शाह टाइम्स पत्रकार भाग्य शर्मा, विक्की जैन, वैभव जैन, संजीव जैन, श्रेणिक जैन, हर्षित जैन, शुभम जैन, अमित जैन, वंश जैन, रजत जैन, उमंग जैन के अलावा रुचि जैन व शैली जैन ने संबोधित किया। कार्यक्रम में सकल जैन समाज के महिला पुरुष में बच्चे मौजूद रहे।

# संस्था से जुड़ी मराठी महिलाओं का किया सम्मान

**मोरना।** अग्रनारी प्रांतीय महिला एसोसिएशन महाराष्ट्र से जुडी महिलाओं ने शुकतीर्थ का भृमण किया। वहीं गौडिये मठ आश्रम मे महिलाओ का सम्मान किया गया जहां भजन कीर्तन मे महिलाओं ने श्रद्धा भक्ति से भाग लिया।

शुकतीर्थ मे स्थित गौड़िये मठ आश्रम मे मंगलवार को अग्रनारी प्रांतीय महिला एसोसिएशन महाराष्ट्र की अध्यक्ष मालती गुप्ता सहित सदस्य दल की मार्ग दर्शिका कमलेश अग्रवाल,कोषाध्यक्ष सुमिता भारुका, विमला अग्रवाल, ख्रष्णा अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, पुष्पा भारूपा, शारदा अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल का सम्मान आश्रम के अधिष्ठा स्वामी भक्ति भूषण महाराज द्वारा शॉल पहनाकर किया गया।मालती गुप्ता ने बताया की संस्था महिलाओ के स्वावलम्बन, स्वरोजगार, सामाजिक जागरूकता,शिक्षा,उच्च स्वास्थ्य,निम्न वर्गो के परिवार कल्याण के लिए कार्य कर रही है।बेसहारा महिलाओं को मासिक पेंशन देने का कार्य,तथा हुनर मंद महिलाओ को लघु उद्योग के लिए सहायता सहयोग प्रदान करना आदि संस्था के कार्यो से अनेक परिवार लाभान्वित हो रहे हैं।आज वैवाहिक रिश्तो के टूटने का कारण डबल एम है। मोबाइल और मम्मी अनेक नव दम्पत्ति मे दरार पैदा कर रहे हैं।

कमलेश अग्रवाल ने कहा की आरक्षण जातिगत न होकर आर्थिक स्थिति के हिसाब से होना चाहिए। आरक्षण की त्रुटिपूर्ण व्यवस्था से अनेक प्रतिभाओ का दमन हो रहा है। आरक्षण व्यवस्था का पुनरूआंकलन करने की आवश्यकता है।वहीं महिलाओ ने आयोजित भजन कीर्तन मे भाग लिया। साथ ही हलवे के प्रसाद का वितरण किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### जौला में लगाया गया आंखों का नि:शुल्क कैंप




**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव जौला में आज मंगलवार के दिन ताहिर ठेकेदार के आवास पर आंखों का एक नि:शुल्क कैम्प का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन ताहिर ठेकेदार ने अपने कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया। यह कैंप एडीके जैन नेत्र अस्पताल खेकड़ा के तत्वाधान में लगाया गया था। इस दौरान यहां अनुभवी नेत्र चिकित्सकों ने सभी मरीजों का बारीकी से चेकअप किया और उनके मुफ्त में चश्मे और दवाइयां भी दी। इस कैंप में चिकित्सक टीम ने जरूरतमंदों के जीवन में रोशनी भर दी। इस कैंप में दूर-दराज से आए सैंकड़ों महिलाओं और बुजुर्गों ने अपनी आँखों की बीमारियों की जाँच करवाई। यह आयोजन विशेष रूप से इसलिए सराहनीय रहा क्योंकि इसमें जाँच और परामर्श के साथ साथ ऑपरेशन का खर्च भी पूरी तरह से नि:शुल्क रखा गया था। इस नेक पहल से न सिर्फ उन लोगों को राहत मिली जो आर्थिक तंगी के कारण अपना इलाज नहीं करा पा रहे थे बल्कि इससे समाज में सेवाभाव का भी एक उत्ख्रष्ट उदाहरण प्रस्तुत हुआ। यह कैंप इस बात का प्रमाण है कि यदि सही दिशा और नेक इरादे हों तो समाज में सकारात्मक बदलाव लाना संभव है। ताहिर ठेकेदार व उनकी टीम का ये प्रयास वाकई दिल को छू लेने वाला रहा।

### पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**मंसूरपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन एवं खतौली क्षेत्राधिकार रामशीष यादव के कुशल मार्गदर्शन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना मंसूरपुर प्रभारी आनंद देव मिश्र ने सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए वांछित वारंट अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना मंसूरपुर पुलिस द्वारा ग्राम पुरा निवासी कैलाश पुत्र सोहनलाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अभियुक्त लंबे समय से न्यायालय से गैरहाजिर चल रहा था। और उसके विरुद्ध न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था। पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए अभियुक्त को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया और आखिरकार उसे दबोचने में सफलता प्राप्त की। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मंसूरपुर में मु अ0सं0 364/2000 धारा 3/5/7/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत है। पुलिस टीम में उ0नि0 अमित चौधरी, का0 73 सलीम खां व का0 2230 लोकेन्द्र की अहम भूमिका रही। टीम ने पूरी सतर्कता और साहस के साथ इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

### भाकियूअ कार्यकर्ता राहत सामग्री लेकर पंजाब हुए रवाना

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन अराजनितिक के दर्जनों कार्यकर्ता केंटर मे राहत सामग्री लेकर पंजाब राज्य के जनपद लुधियाना के लिए रवाना हुए। यह राहत राशि वहां के बाढ़ पीड़ित लोगों के लिए ले जाई जा रही है। जिसको हरी झंडी भारतीय किसान यूनियन अराजनितिक के वरिष्ठ नेता पिंटू ठाकुर ने अपने कर कमलों द्वारा दिखाते हुए राहत सामग्री से भरे केंटर और कार्यकताओं को पंजाब प्रांत के लिए बीती सोमवार के दिन रवाना किया। पंजाब में जाकर यह राहत सामग्री पंजाब राज्य के शाही इमाम मौलाना उस्मान लुधियानवी को सौंपी जाएगी। पंजाब प्रांत जाने वालों में गांव लोई के भारतीय किसान यूनियन अराजनितिक के इन कार्यकर्ताओ में मुख्य रूप से शाहजेब चौहान, मनव्वर चौहान, कुंवर इजहार, सलमान चौहान, आमिर राना, अयाज़ अहमद, माजिद खान और दिलशाद चौहान आदि भारतीय किसान यूनियन अराजनितिक कार्यकर्ता शामिल हैं।

### युवा रालोद जिला अध्यक्ष ने सुनी जनसमस्याएं

**बुढ़ाना।** युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्य गज्जू पठान ने आज मंगलवार के दिन बुढाना कस्बे के मौहल्ला पुल पार स्थित अपने कार्यालय पर क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुना। इस दौरान यहां पर बिजली, पुलिस और चकबंदी से संबंधित कुल 03 ही शिकायतें आई। जिनमें से उन्होंने एक शिकायत का हाथों हाथ ही निस्तारण करवा दिया। गज्जू पठान ने बताया कि विद्युत विभाग की एक शिकायत का उन्होंने हाथों हाथ निस्तारण करा दिया बाकि अन्य दो शिकायतों के निस्तारण के लिए अधिकारियों से बात हो गयी है। उन्होंने बताया कि वे अपने क्षेत्र के लोगों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। वहीं दूसरी और अपने समर्थकों संग युवा रालोद जिला अध्यक्ष गज्जू पठान ने रालोद को मजबूत करने पर बल दिया। इस दौरान यहां पर दर्जनों रालोद कार्यकर्ताओं की मौजूदगी भी देखने को मिली।?

### आरजी पब्लिक स्कूल क्विज कम्पीटिशन में संगम पाल प्रथम

**मोरना।** आरजी पब्लिक स्कूल बेहडा सादात में बीआईएस की ओर से क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के सैकडों बच्चों ने भाग लिया। प्रधानाचार्या बबीता कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो अर्थात बीआइएस की ओर से कराई गई क्विज कम्पीटिशन में संगम पाल ने प्रथम, आविश पोसवाल ने द्वितीय तथा खुशी पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम विजेता को 1000 रूपये, द्वितीय को 750 रुपए एवं तृतीय को 500 रूपये नगद धनराशि देकर पुरूस्कृत किया गया।

# आयुर्वेदिक दवाओं में स्टेरायड मिलाने पर भड़के सुभाष चौहान

**मुजफ्फरनगर।** आयुर्वेद के नाम पर स्टेरॉयड दवाइयों में मिलाकर देने वाली कंपनियों के उत्पादों से सभी आम जनों को हो जाना चाहिए सावधान - सुभाष चौहान'

मुजफ्फरनगर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुभाष चौहान ने उत्तर प्रदेश के सभी आमजन से आग्रह किया है की हमारे समाज के बीच कुछ आयुर्वेदिक दवाइयां की कंपनियों के निर्माता इस प्रकार के हैं की जो साधारण भोले भाले लोगों को सेहत बनाने के नाम पर आयुर्वेद औषधि के नाम पर स्टेरॉयड मिलाकर उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने का काम कर रहे हैं स जो की अत्यंत ही गंभीर विषय है स क्योंकि स्टेरॉयड लेने से बहुत अधिक दुष्परिणाम हमारे शरीर में हो सकते हैं। इसी तरह का एक मामला उत्तर प्रदेश में देखने को मिला है जिसमें क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर ईशम सिंह द्वारा मुजफ्फरनगर केमिस्ट एवं ड्रगीस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुभाष चौहान को उपलब्ध कराए गए एक पत्र के द्वारा संज्ञान लेते हुए सुभाष चौहान ने बताया कि 'डॉक्टर बिवास आयुर्वेद इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी' अम्बाला हरियाणा का 'बिवास गुड हेल्थ कैप्सूल आयुर्वेद' नाम की दवाई का बैच नंबर डीबी 10003 का सैंपल जब परीक्षण हेतु राजकीय जन विश्लेषक लखनऊ हेतु प्रेषित किया गया जिसमें परीक्षणों प्रांत एलोपैथिक बेटामेथासोन स्टेरॉयड पाया गया स जोकि आयुर्वेद के साथ साथ आम जनमानस के लिए बहुत चिंता का विषय है।

सुभाष चौहान ने सभी आम जनमानस को इस प्रकार की दवाइयां से दूर रहने के लिए आग्रह किया है स उन्होंने कहा कि इस तरह के स्टेरॉयड हमारे शरीर के लिए दूरगामी घातक दुष्परिणाम से युक्त है हमें इस तरह की दवाइयां लेने से बचना चाहिए स इसी के साथ सुभाष चौहान आयुर्वेद दवा निर्माता से भी आग्रह किया है कि वह सेहत बनाने के नाम पर इस तरह के स्टेरॉयड आयुर्वेदिक दवाइयां में मिलाकर आम जनमानस को ना दे ।

इसी के साथ सुभाष चौहान ने उत्तर प्रदेश के सभी दवा विक्रेताओं से आग्रह किया है कि इस प्रकार की दवाइयां को बेचने से वह लोग भी बचें साथ ही उन्होंने आग्रह किया कि सभी दवा विक्रेता दवाइयां को बिल से ही खरीदें एवं बिल से ही बेचे।

# बरसाना में माता की चौकी का भव्य आयोजन



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** सिद्ध पीठ श्री दुर्गा मंदिर खतौली द्वारा शनिवार को 8वीं माता की चौकी का भव्य आयोजन बरसाना में किया गया। इस अवसर पर राधा रानी के चरणों में बड़े धूमधाम से हाजिरी लगाई गई और भक्तों ने नाच-गाकर भजनों का आनंद लिया।

आयोजन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही और पूरे माहौल में भक्ति की गंगा बहती रही।कार्यक्रम में राधा रानी के चरणों में श्रद्धा से पुष्प अर्पित किए गए। भक्तों ने भजनों पर झूमते हुए आध्यात्मिक वातावरण को और भी जीवंत कर दिया। कमेटी के अध्यक्ष तेजेंद्र मोहन भाटिया ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में भक्ति और एकता का संदेश देते हैं। महामंत्री धीरज श्री जी ने सभी भक्तों का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसी आयोजन से सांस्कृतिक धरोहर को संजोए रखने में मदद मिलती है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव ग्रोवर (भोला), दिनेश, नरेश गुंबद, रवि ग्रोवर, मनीष सहगल जी, हरीश भसीन, कुशांक ग्रोवर , रमित खरबंदा, वरुण शेट्टी, रोहन अरोड़ा, सचिन , जुगल किशोर तथा हर्ष आहूजा ने आयोजन को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया। सभी ने मिलकर भक्ति संगीत के माध्यम से राधा रानी की महिमा का गुणगान किया। आयोजन के अंत में प्रसाद वितरण कर भक्तों को धर्म की राह पर चलने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग उपस्थित रहे। धार्मिक आयोजनों के प्रति नगरवा. सियों में खास उत्साह देखा गया। आयोजकों ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन समय-समय पर किए जाते रहेंगे।

# नेत्र दान पखवाड़ा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बुढ़ाना।** मंगलवार के दिन बुढ़ाना कस्बे में मौहल्ला पछाला में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत नेत्रदान पखवाड़ा के कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील तेवतिया के दिशा निर्देश पर और डीपीएमआई डॉक्टर दिव्या के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रणव तेवतिया के नेतृत्व में बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज विवेकानंद नेत्रालय देहरादून जॉली ग्रांट हिमालयन इंस्टीटड्डूट देहरादून जिला अस्पताल मुजफ्फरनगर में बीती 25 अगस्त से लेकर बीती 08 सितंबर तक लगभग 1200 मरीजों की जांच 400 मरीजों से अधिक लोगो की आंखों से ग्रस्त बीमारी संबंधित इलाज के लिए लोगों को विभिन्न संस्थाओं में भेजा गया और उसके साथ साथ स्कूल के बच्चों का परीक्षण और वृद्धों को नि:शुल्क चश्मा और निशुल्क दवाई दिए जाने का कार्यक्रम भी किया गया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढाना के नेत्र परीक्षण अधिकारी डाक्टर उमंग श्रीवास्तव और उनकी पूरी टीम का भी सहयोग देखने को मिला।

# खतौली में पहली बार हुआ विशाल गोगा जाहरवीर जागरण



**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** मेला श्रावणी छड़ीयान के पावन अवसर पर खतौली नगर पालिका के इतिहास में पहली बार विशाल गोगा जाहरव. ीर जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में श्रद्धालुओं ने पूरी रात गोगा जाहरवीर बाबा के सुंदर भजनों पर नृत्य और गायन करते हुए उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम में भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। जागरण का शुभारंभ अखिल भारतीय खटीक महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश जौहरी और पालिका अध्यक्ष हाजी शाहनवाज लालू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर नगर के वरिष्ठ नागरिकों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।कार्यक्रम का सफल आयोजन संयोजक अभिषेक खटीक, सह संयोजक कमल वर्मा और युवाओं की टीम अंकित धारीवाल, सत्यम खटीक, आयुष खटीक, अमित त्यागी, विशाल तोमर, हाजी वसीम, एहतेशाम, आस मोहम्मद, कपिल मौतला, सौरभ जैन, विकास कौशिक सहित कई अन्य युवाओं ने किया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक अभिषेक खटीक ने कहा, हसैकड़ों वर्षो पहले से ही यह मेला लगता आ रहा है और इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होते थे, लेकिन पहली बार मेला श्रावणी छड़ीयान के अवसर पर गोगा जाहरवीर का जागरण आयोजित हुआ है। यह आयोजन सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देता है और समाज में भाईचारे का संदेश देता है।जागरण में शामिल श्रद्धालु रात भर भजनों पर झूमते-गाते रहे। आयोजकों ने कहा कि भविष्य में इस आयोजन को और बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा, ताकि क्षेत्र में आपसी एकता और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा मिल सके। धार्मिक जागरण के समाप्ति के बाद धार्मिक आयोजन में मौजूद अतिथियों और वार्ड सभासदों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# स्वर्गीय प्रोफेसर ठाकुर प्रभाकर की 12वीं पुण्य तिथि मनाई



**बुढ़ाना।** स्वर्गीय प्रोफेसर ठाकुर प्रभाकर की 12वीं पुण्य तिथि पर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। यहां भाजपा नेता व बिहार की शिवहर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य ठाकुर रत्नाकर राणा ने अपने पिता को नमन करते हुए कहा कि वे उनके राजनीतिक गुरु रहे। जिनके मार्ग दर्शन से समाजसेवा का संकल्प और भी सुख्रद़ हुआ। यहां सेवा. निवृत्त शिक्षक चंद किशोर सिंह विद्यार्थी, नग नारायण सिंह, योगेंद्र प्रसाद, युगल किशोर सिंह, सुनील कुमार सिंह, डुमरी प्रमुख प्रतिनिधि रुपेश सिंह, मुखिया रणविजय सिंह, प्रकाश कुमार, गोलू, पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र किशोर मिश्रा, संजीत यादव, पूर्व सैनिक बीके सिंह, नंद किशोर सिंह, देवेंद्र महतो, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव कुमार पांडे, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य राम कृपाल शर्मा, जिला महामंत्री विनय कुमार सिंह, राजेश कुमार राजू, आदित्य कुमार सिंह, राजीव पांडे, प्रदीप कुमार, सोनू, अनिल सिंह, संजय सिंह, अनिल कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज कुमार पांडे, बैद्यनाथ शाह, सरोज कुमार सिंह, पवन कुमार शा, नंद किशोर सिंह, जिला मंत्री मुकेश राठौर, मुकेश चौधरी, रामचेला सिंह, रामस्वार्थ शाह, जिला मीडिया प्रभारी संजय तिवारी, जिला प्रवक्ता भारत भूषण दुबे, धर्मवीर राय, फैक्स अध्यक्ष रंजन कुमार सिंह, लाल बाबू उपाध्याय व विजय राय समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जीनत के कमिश्नर बनने से कुरैशी समाज में हर्ष

**बुढ़ाना।** तहसील बुढ़ाना क्षेत्र के गांव पलड़ी की पूर्व महिला प्रधान जीनत कुरैशी के अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड कमिश्नर बनने पर बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गयी। उनका अपने गांव में आने से पहले कई देशों के दौरे के बाद भारत आगमन पर आज मंगलवार के दिन नई दिल्ली के एक एयरपोर्ट पर फूल मालाएं और बुकों से भव्य स्वागत किया गया। बुढ़ाना कस्बे के कुरैशी समाज से फल व्यवसाई सलीम कुरैशी, बाबू कुरैशी, युनूस कुरैशी, मुफ्ती आस मौहम्मद कासमी, हाजी अख्तर कुरैशी, हाजी शहाबुद्दीन कुरैशी, आस्कि कुरैशी, इंजिनियर शहजाद कुरैशी, पत्रकार नसीम कुरैशी, एडवोकेट शाहनवाज कुरैशी, डाक्टर नदीम कुरैशी और सपा नेता नवाब इम्तियाज आदि जीनत कुरैशी के अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड कमिश्नर बनने पर बहुत ही खुश हैं। सभी ने जीनत की तुलना देश के प्रति पिछले दिनों पूरे वर्ल्ड को अपना जज्बा दिखाने वाली सोफिया कुरैशी से की है।

# सुल्तानपुर में लगाया आंखों का फ्री कैम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर में स्थित तनवीर खान के आवास पर आज मंगलवार के दिन आंखों का एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें मरीजों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से आईएएस एजुकेशनल हैल्थ एंड सोशल इशूज ट्रस्ट की और से तनवीर खान की बैठक में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में सैंकड़ों ग्रामीणों ने अपनी आंखों की जांच कराई। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों को परामर्श दिया। गंभीर नेत्र रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए आगे ऑपरेशन और विशेष इलाज की व्यवस्था किए जाने की जानकारी दी गई। ट्रस्ट के संस्थापक इंजि. नियर मौहम्मद अरशद शाह ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में लोग अक्सर जागरूकता और संसाधनों की कमी के कारण इलाज से वंचित रह जाते हैं।

हमारा प्रयास है कि गांव गाँव में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। आने वाले समय में भी ऐसे नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगातार लगाए जाते रहेंगे। ग्रामीणों ने ट्रस्ट की इस पहल की सराहना की और इसे जनहित में एक सराहनीय कदम बताया। यहां तनवीर खान, मास्टर मुनीर, इसरार, इश्तेकार, राकेश, डॉक्टर आदेश, पूरण, मुर्सलीम, यासर खान, शोकीन सलमानी, अ"यूब, हरि सिंह, प्रदीप, हारुन, अनिल, सोमदत्त, किरण प्रजापति, सोमपाल, रहीश, इश्तेकार, नोशाद, असगर अंसारी, मोटा अंसारी, बारु सैफी और संजय का सहयोग रहा।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार

## व्यापारी से रची थी लूट की साजिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कैराना मार्ग स्थित गांव आल्दी पुलिया के समीप एसओजी टीम एंव पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो गई मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों के पैर में गोली लग गई । पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी व्यापारी से लूट की साजिश रच रहे थे।

पुलिस ने घायल दोनों बदमाशों का उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जिनके कब्जे से अवैध हथियार पुलिस ने बरामद किए है। अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने जानकारी देकर बताया की सोमवार की रात्रि पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि क्षेत्र में बदमाश किसी व्यापारी से लूट करने की फिराक में है। मुखबिर द्वारा प्राप्त हुई सूचना के आधार पर एसओजी टीम एंव थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान



टीम को थाना क्षेत्र की आल्दी पुलिया के समीप दो संदिग्ध दिखाई दिए, जब पुलिस टीम ने घेरा बंदी करते हुए पकड़ने का प्रयास किया तो दोनों बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। पुलिस पार्टी ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए दीपक उर्फ पेलू पुत्र नरेंद्र निवासी राठौर कालोनी छुटमलपुर थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर एवं सद्दाम उर्फ साजिद पुत्र सब्बीर निवासी नूर बस्ती थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर को पुलिस की गोली से घायल हो गए। दोनों बदमाशों को घायल अवस्था में उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मुठभेड़ में पकड़े गए दोनों बदमाशों के कब्जे से दो तमंचे, दो खोखा कारतूस, तीन जिन्दा 315 बोर कारतूस व एक मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस बिना नम्बर प्लेट बरामद की।अभियुक्त दीपक उर्फ पेलू व सद्दाम उर्फ साजिद का आपराधिक इतिहास बेहद गंभीर रहा है। दीपक उर्फ पेलू पर हत्या, लूट, चोरी, गैंगस्टर एक्ट समेत दर्जनों संगीन मामले दर्ज हैं। सद्दाम उर्फ साजिद पर भी हत्या, गैंगस्टर एक्ट, आयुध अधिनियम उल्लंघन समेत कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। दोनों अभियुक्त लंबे समय से अलग-अलग आपराधिक गति. विधियों में लिप्त थे। मंगलवार को पुलिस ने दोनों बदमाशों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया।

# मेला गुलाल दंगल का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर के मेला गुलाल में आयोजित पारंपरिक दंगल प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व सभासद व वरिष्ठ समाजसेवी मोहम्मद अहमद ने फीता काटकर किया। समा. जसेवा और क्षेत्र के विकास कार्यों में हमेशा आगे रहने वाले मोहम्मद अहमद मुख्य अतिथि के रूप में बुलाए गए। उन्होंने दंगल कमेटी को खेल और परंपराओं को बढ़ावा देने के लिए 51 हजार रूपए की धनराशि प्रदान कर सभी का दिल जीत लिया।मोहम्मद अहमद ने कहा कि दंगल जैसी प्रतियोगिताएं हमारी पुरानी परंपरा का प्रतीक हैं और युवाओं को खेलों के माध्यम से अनुशासन, मेहनत और भाईचारे का संदेश देती हैं। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए आश्वस्त किया कि वह आगे भी समाज और खेल-कूद के लिए निरंतर योगदान देते रहेंगे।दंगल में दूर-दराज



से आए नामी पहलवानों नसीम पहलवान (कैराना), तहसीन पहलवान (गंगेरू), संदीप पहलवान (दिल्ली), प्रिंस पहलवान (दिल्ली), सलमान पहलवान (उत्तराखंड) और आरिस पहलवान (उत्तराखंड) ने अपने-अपने दांव-पेच दिखाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अखाड़े में पहलवानों की जोरदार भिड़ंत पर दर्शक तालियों और जयकारों से गूंज उठे। उत्साहपूर्ण माहौल ने दंगल का आनंद और भी बढ़ा दिया। मुख्य अतिथि मोहम्मद अहमद ने पहलवानों को भी प्रोत्साहन स्वरूप इनाम की राशि भेंट की। उपस्थित लोगों ने कहा कि मोहम्मद अहमद न सिर्फ राजनीति बल्कि समाजसेवा में भी हमेशा आगे रहते हैं। जरूरतमंदों की मदद करना, युवाओं को प्रेरित करना और सामाजिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना उनकी पहचान है। दंगल में उनकी उपस्थिति और उदार सहयोग ने यह साबित कर दिया कि वे आज भी क्षेत्र की जनता के दिलों में विशेष स्थान रखते हैं।

सभासद देवेंद्र पंडित, महबूब अली,सभासद अशरफ,सभासद लाल्ला, सभासद बॉबी अरोड़ा,अनीस कुरैशी, रिजवान राव, नावेद राणा, सगीर राणा, सऊद राणा, राव इरफान, राव रिहान, अनीस राणा,राव मारूफ, इसराइल राणा, इरशाद, एजाज,जावेद अंसारी, समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे।

# मेडिकल छात्र का सुराग नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** यमुना नदी में कूदे हरियाणा के समालखा निवासी बीएएमएस के छात्र हिमांशु का तीन दिन बाद भी कोई सुराग नही लग सका है। युवक आत्महत्या के इरादे से यूपी-हरियाणा सीमा पर स्थित पुल से यमुना में कूद गया था। विगत शनिवार को हरियाणा के जनपद पानीपत के कस्बा समालखा की पंचवटी कॉलोनी निवासी हिमांशु (20) बॉर्डर पर स्थित ब्रिज से यमुना नदी में कूद गया था। युवक के आत्महत्या के इरादे से यमुना में छलांग लगाए जाने की आशंका है। नदी में कूदने से पूर्व युवक ने अपने परिजनों व दोस्तों को लोकेशन भी शेयर की थी। उसने ब्रिज पर खड़े बच्चों को अपना मोबाइल व टेबलेट देकर नदी में कूदने की वीडियों बनाने को कहा था। युवक हिमांशु बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी का छात्र था। वह यमुनानगर जिले में स्थित चौधरी देवीलाल आयुर्वेद कॉलेज से बीएएमएस कर रहा था। घटना के बाद से ही युवक की तलाश जारी है। पीएसी व प्राइवेट गोताखोर यमुना में सर्च अभियान चलाए हुए है। विगत रविवार को एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज ने भी यमुना नदी पर पहुंचकर सर्च अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। मंगलवार को भी युवक की तलाश में यमुना में सर्च अभियान चलाया गया। हालांकि शाम तक भी युवक का कोई सुराग नही लग पाया। वहीं, यमुना ब्रिज पुलिस चौकी प्रभारी एसआई अशोक कुमार ने बताया कि यमुना नदी में कूदे युवक की तलाश में पीएसी व प्राइवेट गोताखोरों ने मोटरबोट के साथ में सर्च अभियान चलाया, लेकिन कोई सफलता हाथ नही लगी।

# उज्मा जैदी को दिया भारत शिक्षक रत्न सम्मान

**शामली।** शहर के सेंट आरसी कान्वेंट स्कूल की प्रधानाचार्या उजमा जैदी को दिल्ली लायंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा प्रतिष्ठित भारत शिक्षक रत्न सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान उनके उत्कृष्ट शैक्षिक योगदान, निस्वार्थ सेवा, और छात्रों के समग्र विकास के लिए सतत प्रयासों की सराहना स्वरूप दिया गया है। मंगलवार को शहर के सेंट आरसी कान्वेंट स्कूल के चेयरमैन अरविंद संगल ने प्रधानाचार्या उज्मा जैदी को बधाई देते हुए कहा कि हमारे लिए गर्व और हर्ष का विषय है कि उजमा जैदी को भारत शिक्षक रत्न जैसे प्रतिष्ठित सम्मान से अलंकृत किया गया है। उनका समर्पण, अनुशासन और शिक्षा के प्रति .ष्टिकोण हम सबके लिए प्रेरणादाई है। वे केवल एक प्रशासक नहीं, बल्कि एक



मार्गदर्शक और बच्चों के जीवन को दिशा देने वाली शक्ति हैं। लायंस ओलंपियाड फाउंडेशन की पहल न केवल शिक्षकों का उत्साहवर्धन करती है, बल्कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रतिस्पर्धात्मक सोच की ओर भी अग्रसर करती है। प्रधानाचार्या उज्मा जैदी ने कहा कि यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि मेरे विद्यालय, मेरे सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों का है जिन्होंने मुझे सदैव सहयोग और प्रेरणा दी। शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों को जीवन के लिए तैयार करने की प्रक्रिया है। इस दौरान स्कूल के स्टाफ द्वारा उनको सम्मानित भी किया गया।

## एक नजर

### पुलिस ने भैंसों से भरा ट्रक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन पुलिस ने सोमवार को बेदर्दी से भैंसों से भरे एक टेंपो को पकड़ा। टेंपो से पांच भैंस व पांच कटिया बरामद की गईं। पुलिस ने चालक को मौके से हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार पंजाब से पांच भैंस और पांच कटिया एक छोटे टेंपो में जबरन ठूंसकर जलालाबाद लाए जा रहे थे। रास्ते में भीषण ठूंस-ठूंसकर ले जाए जाने से एक कटिया का सींग टूट गया, जिससे खून बहने लगा। यह .श्य देखकर बागपत क्षेत्र के एक ग्रामीण ने 112 नंबर पर सूचना दी।सूचना मिलते ही पुलिस ने टेंपो का पीछा किया और थानाभवन पहुंचते ही थाने के सामने घेराबंदी कर टेंपो को रोक लिया। इस दौरान चालक ने टेंपो भगाने और मौके से भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस के सामने सफल नहीं हो सका। पुलिस ने टेंपो को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक इन पशुओं को जलालाबाद से शामली मंडी में बेचने के लिए ले जाया जा रहा था।थाना भवन चौकी प्रभारी निरीक्षक इंदर सेन ने बताया कि आरोपी चालक के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### गढ़ी अब्दुला बिजली घर पर विजिलेंस टीम की कार्रवाई, 8 पर मुकदमा दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र में विद्युत चोरी रोकने के लिए बिजली विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए सोमवार को विशेष अभियान चलाया। एसडीओ साहब सिंह के नेतृत्व में विजिलेंस टीम ने जेई विकेश कुमार, टीजी-2 गोविन्द कुमार और लाइनमैन संदीप कुमार के साथ मिलकर पलथेड़ी और गुराना गांव में दबिश दी। इस अभियान के दौरान टीम ने घर-घर और दुकानों की गहन जांच की। जांच में 8 उपभोक्ताओं को सीधे तार डालकर या मीटर में छेड़छाड़ कर विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा गया। विभागीय अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उनके विरुद्ध मुकदमे दर्ज कराए और बिजली चोरी से होने वाले नुकसान को गंभीर अपराध बताया। अधिकारियों ने बताया कि विद्युत चोरी न केवल विभाग को आर्थिक नुकसान पहुंचाती है, बल्कि यह अन्य ईमानदार उपभोक्ताओं के साथ भी अन्याय है। चोरी की वजह से ट्रांसफार्मर पर अतिरिक्त भार पड़ता है, जिससे अक्सर ग्रामीणों को बिजली कटौती और खराब आपूर्ति का सामना करना पड़ता है। इस मौके पर टीम ने ग्रामीणों को चेतावनी दी कि अगर भविष्य में विद्युत चोरी करते पकड़े गए तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, लोगों को समझाया गया कि चोरी की बजाय नियमित बिल जमा कर बिजली का उपयोग करें। एसडीओ साहब सिंह ने बताया कि क्षेत्र में ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे ताकि चोरी पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके और उपभोक्ताओं को निर्बाध व सही तरीके से बिजली उपलब्ध कराई जा सके। इस कार्रवाई से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और कई उपभोक्ताओं ने मौके पर ही बिजली बिल समय पर जमा करने और चोरी से बचने का संकल्प लिया।

### कैराना में बीस सेंटीमीटर और घटा यमुना नदी का जलस्तर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** कैराना में यमुना नदी के जलस्तर में 20 सेंटीमीटर की गिरावट दर्ज हुई है। वहीं, हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में 37,159 क्यूसेक पानी प्रवाहित किया गया। पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में हो रही बारिश के चलते हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में पानी छोड़े जाने का सिलसिला बरकरार है। बैराज से मंगलवार को 37,159 क्यूसेक पानी यमुना नदी में प्रवाहित किया गया। वहीं, यमुना के बहाव में गिरावट का सिलसिला निरन्तर जारी है। मंगलवार को भी यमुना के जलस्तर में 20 सेंटीमीटर की कमी दर्ज की गई। यमुना का जलस्तर घटकर 229।96 मीटर पर आ गया, जबकि सोमवार को यह 230।16 मीटर पर था। वहीं, ड्रेनेज विभाग के एक्सईएन सुधांशु सिंह ने बताया है कि यमुना के जलस्तर में 20 सेंटीमीटर की और गिरावट आई है। धीरे-धीरे यमुना का जलस्तर सामान्य की ओर से बढ़ रहा है।

### ऑपरेशन सवेरा के तहत जिजौला गांव में पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



**चौसाना।** पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन सवेरा नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर के तहत मंगलवार को चौसाना चौकी प्रभारी खूब सिंह ने गांव जिजौला के मदरसे में ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हें नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया और समाज को नशामुक्त बनाने का आह्वान किया। चौकी प्रभारी खूब सिंह ने कहा कि नशा तस्करी और प्रतिबंधित दवाओं का अवैध कारोबार समाज को अंदर से खोखला कर रहा है, और युवा पीढ़ी इसके शिकंजे में फंसकर अपना भविष्य बर्बाद कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि यदि कहीं भी नशे का कारोबार होता दिखाई दे, तो इसकी तुरंत सूचना पुलिस को दें। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे लोगों का सामाजिक स्तर पर बहिष्कार किया जाना चाहिए, ताकि वे समाज में अपने पांव न जमा सकें। खूब सिंह ने चेता. वनी देते हुए कहा कि जो लोग समाज में नशे का जहर घोल रहे हैं, उन्हें किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। अभियान का उद्देश्य केवल नशे के कारोबार पर अंकुश लगाना नहीं, बल्कि युवाओं को इसके दुष्परिणामों से जागरूक कर एक स्वस्थ और स्वच्छ समाज की ओर अग्रसर करना है। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने भी अभियान में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि वे अपने गांव और क्षेत्र को नशामुक्त बनाने के लिए पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे।

# फतेहपुर में सिंचाई विभाग का दफ्तर खुद बना आपदा का दृश्य

## बजट के बाद भी धरातल पर कम होता है कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** एक तरफ जहां सरकार हर वर्ष सरकारी कार्यालय के मरमत के लिए करोड़ो का बजट पेश करती है लेकिन बड़ी मछली उन्हें रास्ते मे लपक लेती है धरातल पर बहुत ही कम आता है। लेकिन सिचाई विभाग के दफ्तर के लिए कुछ भी नहीं है। ऐसा मामला झिझाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर मे देखने को मिलेगा। सरकार ने यमुना नदी के किनारे बाढ़ आपदा से निपटने के लिए जगह-जगह बाढ़ चौकियां स्थापित की हैं। इन्हीं में से एक चौकी फतेहपुर गांव स्थित सिंचाई विभाग के दफ्तर में बनाई गई है। मगर विडंबना यह है कि जिस दफ्तर को आपदा प्रबंधन का आधार बनाया गया है, वही दफ्तर खुद बदहाली और अव्यवस्था की मार झेल रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि कागजों में यह दफ्तर सिंचाई विभाग का महत्वपूर्ण कार्यालय दिखाया गया है, लेकिन मौके पर इसकी हालत जर्जर और खस्ताहाल नजर आती है। दफ्तर की इमारत में न तो दरवाजे हैं, न ही खिड़कियां, और छत भी पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। दफ्तर के चारों ओर गंदगी का अंबार फैला हुआ है, जिससे स्थानीय लोग भी परेशान रहते हैं। गांव वासियों का आरोप है कि कभी इस दफ्तर के आसपास दर्जनों पेड़ खड़े थे, जिन्हें विभागीय अधिकारियों ने कटवाकर ले लिया। ग्रामीणों का कहना है कि उन पेड़ों को बेचकर जो धनराशि प्राप्त हुई, उसका उपयोग दफ्तर के सुधार कार्यों में होना चाहिए था, लेकिन अधिकारियों ने उस धन. राशि का गबन कर लिया।अगर वही पैसा इस दफ्तर की मरम्मत और सुधार में खर्च किया गया होता तो आज यह कार्यालय आपदा प्रबंधन का मजबूत केंद्र बन सकता था। मगर फिलहाल इसकी बदहाल स्थिति देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि सिंचाई विभाग का दफ्तर खुद आपदा का दृश्य प्रस्तुत कर रहा है।

ग्राम वासी मारूफ का कहना है कि यहां पर आधिकारिक कभी-कभी आते हैं पिछले वर्ष आए थे यहां पर खड़े पेड़ को काट कर ले गए थे अगर उन्हें पेड़ों का पैसा यहां इस दफ्तर में लग जाता तो फिर भी इसके हालत अच्छे हो जाते। गांव के ही शराफत अली का कहना है की सिंचाई विभाग का दफ्तर नाम का है यहां पर कभी कोई अधिकारी नहीं आता है इसके चारों ओर गंदगी फैली हुई है जिस वजह से मोहल्ले वासी बीमार रहते हैं हमने कई बार बड़े अधिकारियों को इस बारे में शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती।

# धोखाधड़ी के मामले में पंजाब पुलिस की दबिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काधला।** पंजाब की थाना मो. हाली पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में फरार एक अभियुक्त की तलाश में कस्बे के बाईपास पर एक युवक के मकान पर दबिश दी। पंजाब पुलिस को देखकर मोहल्ले के लोगों में हड़कंप की स्थिति बन गई मौके पर युवक नहीं मिलने पर पुलिस वापस लौट गई। मंगलवार को पंजाब राज्य के चंडीगढ़ जनपद के थाना मोहाली के एस आई रणजीत सिंह एवं हेड कांस्टेबल बलविंदर सिंह ने थाने पर आमद कराई। पंजाब पुलिस के द्वारा बताया गया कि कई महा पर्व कस्बे का एक युवक ने मोहाली निवासी व्यक्ति के साथ फोन पै के माध्यम से हजारों रूपए की धोखाधड़ी कर वहां से फरार हो गया था। पीड़ित व्यक्ति के द्वारा मोहाली थाने पर अभियोग दर्ज कराया गया था। पुलिस लगातार सर्विलांस की मदद से उक्त युवक की तलाश कर रही है पुलिस को सर्विलांस की मदद से उक्त युवक की लोकेशन कांधला कस्बे के बाईपास मार्ग पर मिली है। पंजाब पुलिस में स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर धोखाधड़ी के मामले में फरार युवक की लोकेशन के आधार पर एक मकान में दबिश दी, उक्त युवक घर पर नहीं मिलने पर पंजाब पुलिस वापस लौट गई। पंजाब पुलिस की दबिश से मोहल्ले में हडकंप की स्थिति बनी रही।

# शासन द्वारा नामित प्रबुद्धजन का भ्रमण आज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी ने बताया है कि समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश/ 2047 अभियान के सम्बन्ध में शासन द्वारा 04 प्रबुद्धजनों क्रमशः महेश चन्द्र, सेवानिवृत्त आईएएस, शैलेन्द्र,सेवा. निवृत्त आईआरटीएस, नरेश कुमार मलिक, सेवानिवृत्त पूर्व प्रधानाचार्य, सर छोटूराम डिग्री कॉलेज,शिक्षा विभाग, डा. संदीप चौधरी, कार्यरत प्रधानाध्यापक, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ, को नामित किया गया है। नामित प्रबुद्धजन का दिनांक 10 व 11 सितंबर 2025 को जनपद शामली में संवाद बैठक भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। सीडीओ ने बताया है कि 10 सितम्बर को प्रबुद्धजन पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक विजय सिंह पथिक राजकीय महाविद्यालय कैराना सभागार हाल में शिक्षकोंध्छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम होगा जिसके नोडल अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक होंगे। इसके बाद प्रबुद्धजन अपराह्न 3 से 5 तक कृषि विज्ञान केन्द्र जलालपुर सभागार हॉल में कृषकों एफपीओ के साथ संवाद कार्यक्रम होगा जिसके लिए नोडल अधिकारी उप कृषि निदेशक एवं जिला कृषि अधिकारी होंगे। दिनांक 11.9.2025 को प्रबुद्धजन कलेक्ट्रेट सभागार शामली में पूर्वाह्न 11 से 1 तक उद्यमी व्यावसायियों के साथ संवाद कार्यक्रम होगा जिसके नोडल अधिकारी उपयुक्त जिला उद्योग केंद्र एवं उपयुक्त वाणिज्य का विभाग शामली होंगे। इसके बाद कलेक्ट्रेट सभागार में ही 2:30 बजे से 3:30 तक प्रबुद्धजन महिला संगठन श्रमिक संगठन स्वयंसेवी संगठन के साथ संवाद कार्यक्रम जिसके नोडल अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं सहायक श्रमायुक्त होंगे। इसके उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में ही प्रबुद्धजन राष्ट्रीयध्राज्य पुरस्कार ख्याति प्राप्त बुद्धिजीवियों प्रबुद्धजनों मीडिया विभिन्न सेक्टर एवं आम जनमानस के साथ संवाद कार्यक्रम होगा जिसके नोडल डीआईओ एवं जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी होंगे। अपरान्ह 1 बजे से अपराह्न 2 बजे तक प्रबुद्धजन का कार्यक्रम आरक्षित रहेगा। उक्त के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी ने आज विकास भवन सभागार में सभी नोडल विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी को अपने-अपने विभाग से संबंधित निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समय से तैयारी करने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ ने बताया कि समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 हेतु विकसित उत्तर प्रदेश के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें पोर्टल https://samarthuttarpradesh.up.gov.in ओपेन कर पोर्टल पर दिए गए सुझाव फार्म के बटर पर जाए। बटन पर क्लिक कर मोबाइल नम्बर दर्ज करें, मोबाइल पर ओटीपी आऐगा, उसे पोर्टल पर भरें, एक फार्म खुल जाएगा जिसे भरना होगा।

# जरूरतमंदों के लिए फ्री मेगा हेल्थ चेकअप शिविर लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समर्पण सेवा ट्रस्ट एवं जगत बंधु सेवा ट्रस्ट द्वारा गरीब जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए फी मेगा हेल्थ चेकअप कैम्प एवम् सफेद मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन शामली के ग्राम लॉक में लगाया गया। कैम्प में 277 मरीजों की जॉच की गई जिनमे से 22 मरीजों को सफेद मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया, कैम्प में बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज मुजफ्फरनगर के विशेषज्ञों के द्वारा सभी मरीजों की फी जॉच की गई, एवं सभी मरीजों को फी दवाईयां भी वित. रित की गई।



सभी मोतियाबिंद के चयनित मरीजों का ऑपरेशन संस्था द्वारा में फी कराया जाएगा। कैम्प में संस्था के जिला उपाध्यक्ष प्रशांत शर्मा जी ने बताया की संस्था का उद्देश्य गरीब बेसहारा व्यक्तियो तक अच्छी स्वास्थ्य सेवाए उपलब्ध कराना है, संस्था निरंतर समाज कल्याण के कार्यों में अग्रसर है।

शिविर में उपस्थित रहे संस्था के संस्थापक अमन नामदेव ने कहा की हमारी संस्था के माध्यम से समय समय पर विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम के द्वारा मेगा हेल्थ चेकअप कैम्प एवं आंखों के फ्री जांच शिविर का आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में किया जाता है, जिससे जन जन तक सभी उच्चतम मेडिकल सेवाएं पहुंचाई जा सके।

संस्था के द्वारा अभी तक 1000 व्यक्तियों की आंखों के फी ऑपरेशन कराए जा चुके है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार से लोगों की सेवा करने में असीम सुख की अनुभूति होती है। कैम्प में उपस्थित रहे दुष्यंत मलिक, विशाल मालिक, संस्था के जिला अध्यक्ष संदीप उपाध्याय, राहुल बेदी, नमन नामदेव, पुनीत कुमार, रेणु देवी, रेखा देवी सचिन नामदेव, आदि सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# थाने से जीप गायब प्रकरण में सीओ ने की पूर्ण जांच

**काधला।** थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग पर एक दशक पूर्व सड़क हादसे में पकड़ी गई जीप थाने से अचानक गायब हो जाने के मामले में सीओ ने थाने की वीडियो ग्राफी की और जीप स्वामी ने अपने बयान दर्ज कराए,एडीजी और डीआईजी ने मामले से जुड़ी जानकारी ली। सीओ ने अपनी जांच पूर्ण कर रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को सौंप दी है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी इंतजार ने वर्ष 1999 में हरियाणा के करनाल से एक जीप खरीदी थी जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर एच आर 21 ए 6967 था। लगभग 10 वर्षों के बाद जीप स्वामी ने अपनी जीप मुजफ्फरनगर के कस्बा बुढाना निवासी किसी व्यक्ति को बेच दी थी। जो जीप का संचालन बुढ़ाना मार्ग पर सवारियों को ले जाने के लिए करता था। 7 जुलाई 2014 को सवारिया ले जाते समय गांव भभीसा के समीप जीप की टक्कर लग जाने से दो लोगों की मौत हो गई थी और एक घायल हो गया था। पुलिस ने जीप पकड़कर थाने पर बंद कर दी थी और चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अपराध संख्या 270 ध14 में चालान कर दिया था मामला कोर्ट में विचाराधीन है। माल मुकदमाती मे पकड़ी गई जीप लगभग एक दशक से थाने के बाहर खड़ी हुई थी लगभग 15 दिन से जीप अचानक से गायब हो गई। मामला मीडिया की सुर्खियां बना तो अचानक से थाने पर तैनात पुलिस विभाग में हडकंप मच गया। एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच सीओ कैराना श्याम सिंह को सौंप दी। सीओ थाने पर जांच करने पहुंचे और पुलिस कर्मियों के बयान दर्ज करने के बाद थाने के सीसीटीवी फुटेज और थाने का निरीक्षण कर जीप की तलाश करते हुए वीडियो ग्राफी की। सीओ की जांच मे थाने पर कहीं भी जीप नहीं मिली, मंगलवार को सीओ ने अपनी जांच पूर्ण करने के बाद एसपी को सौंप दी। सूत्रों की माने तो मामले में जीप गायब करने मे थाने के बड़े अधिकारी से लेकर पुलिसकर्मी भी शामिल है जिन पर लगभग कार्रवाई होना तय है।

### जीप गायब मामला अज्ञात में दर्ज करने की थी तैयारी

**कांधला।** डेढ़ दशक पूर्व सड़क हादसे के बाद थाने पर पकड़ी गई जीप अचानक से गायब हो जाने के मामले में पुलिस की किरकिरी हो रही है। सूत्रों की माने तो जीप गायब करने में थाने के बड़े अधिक. ारी से लेकर पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। सूत्रों की माने तो पुलिस जीप गायब करने के बाद मामला अज्ञात में दर्ज कर मामले को रफा दफा करने की तैयारी में थी। मामला मीडिया में आने के बाद उच्च अधिकारियों के संज्ञान में पहुंच गया।

### मामले की एडीजी ने ली पूरी जानकारी, कार्यवाही तय

**कांधला।** थाने से जीप गायब हो जाने का मामला मीडिया की सुर्खियां बना हुआ है। सूत्रों की माने तो मामले में एडीजी और डीआईजी लगातार अपडेट ले रहे हैं। मंगलवार को एडीजी और डीआईजी ने फोन कर जानकारी ली। सूत्रों की माने तो जीप गायब करने वाले पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई तय है। खुफिया विभाग के अधिकारियों ने मामले में जांच करते हुए अपनी रिपोर्ट लखनऊ भेजी। पुलिस पर सुरक्षा का जिम्मा होता है पुलिस चोर लुटेरे और बदमाशों को पकड़ने सहित दंगा नियंत्रण करने के लिए जानी जाती है। चोरी हो जाने पर पुलिस चोरों के विरुद्ध कार्रवाई करती है मगर कांधला थाने से जीप गायब हो जाने के मामले में सूत्र बताते हैं कि पुलिस कर्मियों का हाथ है। कहावत है कि जब रक्षक ही भक्षक बन जाए तो फरियादी कहां जाए।

# पेस्टीसाइड छिड़कते किसान की मौत

## परिवार में मचा कोहराम, सूचना पर जांच को थाना पुलिस के साथ पहुंचे सीओ सदर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** थाना क्षेत्र के बलियाखेड़ी गांव में पेस्टीसाइड छिड़कने से एक किसान की मौत हो गई जिससे परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुँची पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को थाना गागलहेड़ी क्षेत्र के गांव बलियाखेड़ी में पेस्टीसाइड छिड़कते हुये किसान की मौत हो जाने पर परिवार में को. हराम मच गया।सुचना पर पहुँची पुलिस ने घटना की जाँच में जुट गई।वही सीओ सदर प्रिया यादव ने भी मौके पर पहुँच कर घटना का जायजा लिया।थाना प्रभारी प्रवेश कुमार ने जानकारी देते बताया कि बलियाखेड़ी गांव के किसान ब्रजपाल पुत्र बुद्ध सिंह जिसकी उम्र 60 वर्ष बतायी गई है।जो अपने खेत मे धान की फसल में दवाई का छिड़काव कर रहा था।जिससे उसकी तबियत बिगड़ गई और जब किसान अपने घर पहुँचा तो वह चक्कर खा कर जमीन पर गिर गया।जिसे घरवाले अस्पताल लेकर गये तो डॉक्टर ने किसान को मर्त घोषित कर दिया।दवाई चढ़ने से किसान की मौत होने की वजह बताई गई है।मर्तक के घरवालों व उसके बेटे ने लाश का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया है।और प्रार्थना पत्र देकर कहा कि हम कोई कानूनी कार्यवाही नही चाहते है इसमें किसी का कोई दोष नही है।

## पुलिस को चोरों की चुनौती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** पठेड चौकी क्षेत्र में लगातार तीन दिनों से चोर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे है।

सोमवार की रात्रि को अज्ञात चोर एक घर को अपना निशाना बनाते हुए अलमारी में रखे नगदी पैसे जेवर उठा कर फरार हो गए। बरथाकायस्थ निवासी मोहसीना पत्नी रहीस ने पठेड चौकी पर तहरीर देकर बताया कि वह रात्रि में अपने घर में सो रही थी। उसका पति बाहर काम करने गया हुआ है। रात्रि में उसके घर में रखी अलमीरा का ताला तोड़कर अज्ञात चोर 55 हजार रुपये नकद व सोने चांदी का जेवर उठा कर वहां से फरार हो गए ओर घर का सारा सामान कपड़े आदि बिखरे हुए पड़े थे।मोहसिना ने बताया कि उसका लगभग डेढ़ लाख रु का नुकसान हुआ है जिसको लेकर वह रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए की पठेड चौकी में पहुंची है। पीड़िता ने अज्ञात चोरों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग की है।।

# बाढ़ पीड़ितों के लिए जमीअत को अफजाल ने सौंपी मदद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** पंजाब में बाढ़ पीड़ितों कि मदद के लिए चैयरमेन पति अफजाल खान ने 3 लाख 43 हजार रुपए सहयोग राशि के रूप में जमियत के उलेमाओं को सोंपा।

नानौता में जमियत उलेमा हिंद के नेतृत्व में पंजाब के बाढ़ पीड़ितों कि मदद के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत् उलेमाओं का एक प्रति. निधिमंडल लोगों से संपर्क कर बाढ़ पीड़ितों कि मदद जुटा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को चौयरमेन पति अफजाल खान के आवास पर जमियत उलेमा हिंद के ब्लाक अध्यक्ष मौलाना अरशद, मौलाना उवैस सिद्दीकी, मौलाना तनवीर हैदर, कारी आस मोहम्मद, हाफिज मसूद अहमद, कारी जरीफ अहमद, आदि को चौयरमेन पति अफजाल खान ने नगद राशि सोंपकर बाढ़ पीड़ितों कि मदद में सहयोग किया चौयरमेन पति अफजाल खान ने कहा कि पंजाब के बाढ़ पीड़ितों कि मदद के लिए हरसंभव तैयार है हमने और हमारे साथियों ने 3 लाख 43 हजार नगद धनराशि के रूप में जमियत के माध्यम से सहयोग किया है और भविष्य में भी इस प्रकार के सहयोग के लिए हम और हमारी टीम तैयार रहेगी। इस अवसर पर हाजी अकबर कुरैशी, पूर्व उप प्रमुख शमश. र खान, सभासद दानिश मलिक, फराज शब्बू सिद्दीकी, नसीम सिद्दीकी, डाक्टर उसैद सिद्दीकी, इस्लाम कुरैशी, मौलाना असद रजा, मुस्तकीम मंसूरी, राशिद खान, अशरफ खान, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे

# चोरी की वारदातों का खुलासा, एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने पूर्व में हुई चोरी की कई वारदातों का खुलासा करते हुए एक शातिर आरोपी चोर को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से चोरी किया गया इनवर्टर व बैटरा बरामद किया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसेन सैनी की अगुवाई में आज मंगलवार को पुलिस टीम ने पूर्व में हुई चोरी की कई वारदातों खुलासा करते हुए एक शातिर आरोपी चोर मारुफ पुत्र फारुख निवासी ग्राम संगमौर थाना चिलकाना को गांव नल्हेडा की ओर जाने वाले रास्ते पर डम्पिंग ग्राउंड के आगे आम के बाग में ट्यूबवैल के निकट से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे व निशानदेही पर चोरी गया 01 इनवर्टर व 01 बैट्रा बरामद किया गया है। प्रभारी निरीक्षक श्री सैनी ने बताया है कि गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पूर्व से मुकदमो में सम्बंधित धारा की वृद्धि करते हुए आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

पुलिस पूछताछ पर आरोपी ने बताया है उसने अपने साथी के साथ मिलकर पहले भी कई जगह ट्यूबवैलों पर व लकडी की फैक्ट्री में से चोरी की थी। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पूर्व से भी 06 मुकदमे दर्ज है। गिरफ्तारी टीम मे एसआई अंकित कुमार व कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# 7 में से 2 समस्याओं का कराया निस्तारण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम में जनसुनवाई के दौरान आज अतिक्रमण, सफाई और स्ट्रीट लाइट से सम्बंधित कुल सात समस्याएं पहुंची। जिनमें से दो समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराया गया। शेष पांच समस्याओं के लिए सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

वार्ड 06 वर्धमान कॉलोनी निवासी नरेंद्र कुमार ने कॉलोनी की गली नंबर 6 में मंदिर के पास नाली की साफ सफाई कराने तथा वार्ड संख्या 60 हयात कॉलोनी निवासी मौ. फुरकान ने कॉलोनी में फरमान के मकान के पास नाली की सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर अपर नगरायुक्त ने क्षेत्रीय सफाई निरीक्षकों एवं सफाईकर्मियों को भेज कर तत्काल सफाई कराते हुए समस्याओं का समाधान किया। वार्ड 8 चकदेवली में शाह फैसल ने भी मकान के पास नालियों की साफ सफाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर सफाई निरीक्षक को स्थलीय निरीक्षण कर सफाई कराने के निर्देश दिए गए।

वार्ड 27 भगवती कॉलोनी निवासी नीरज सिंघल ने कॉलोनी में एक व्यक्ति द्वारा सरकारी सम्पत्ति पर किये गए अतिक्रमण को हटवाने तथा वार्ड 53 शास्त्री मार्किट रायवाला के सुनील कुमार ने जेबीएस कॉलेज के पास नाले पर किये गए अतिक्रमण को हटवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव ने प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए।

इसके अलावा वार्ड 21 कपिल विहार कॉलोनी निवासी अनमोल ने बर्फ फैक्ट्री के पास तथा वार्ड 58 कक्कड़ गंज निवासी विनय जैन ने बाजार की स्ट्रीट लाइट ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। जिस पर अवर अभियंता प्रकाश को निरीक्षण उपरांत कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# दूधला समिति से जोड़े जाने को लेकर जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** गंगोह सहकारी समिति से संबद्ध गांव झाड़वन, चंदपुरा व डूभर किशनपुर के लोगों ने इन गांवों को बिना सदस्यों की सहमति के नव सृजित दूधला समिति से जोड़े जाने को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की है।

### ■ बिना सदस्यों की सहमति को लेकर बन रहा आक्रोश

गंगोह समिति के संचालक राव इस्लाम झाड़वन ने सरकारी विभाग के इस फैसले को जहां अव्यवहारिक तथा मनमाना बताया है। वहीं सामा. जिक कार्यकर्ता बलवीर सिंह तोमर ने इसे मूर्खता भरा कदम करार दिया है। तोमर के अनुसार दूधला से लगते ग्राम मोहड़ा, जेहरा, बिलासपुर व मछरोली को दूधला से लगते से जोड़ा जाना चाहिए। नियमानुसार प्रत्येक पंचायत में एक सहकारी समिति आवश्यक होनी चाहिए किंतु झाड़वन न्याय पंचायत इससे अभी तक अछूत रही है। इस लिहाज से तथा किसानों की आसान पहुंच की दृष्टि से ग्राम डूभर किशनपुर में सहकारी समिति बना कर चंदपुरा, झाड़वघ्न तथा बीनपुर समिति के ग्राम खंडलाना को उसमें शामिल किया जाना चाहिए। कुतुब खेड़ी के किसान सहमत हो तो उसे भी जोड़ा जा सकता है। ग्राम चंदपुरा प्रधान वाजिद व ग्राम प्रधान झाड़वन वसीम अहमद ने चेताया है कि यदि विभाग ने इस निर्णय को नहीं बदला तो इसका विरोध किया जाएगा।

# रायला उत्सव में प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गंगोह।** रोटरी क्लब द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित तीन दिवसीय कार्यक्रम रायला उत्सव के रूप में सोमवार से शुरू किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट रायला चेयरमैन टीना विर्क व विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य अनिल मित्तल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। पहले दिन सबसे पहले प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पांच टीमों ने भाग लिया। कक्षा 9 से 12 तक के छात्र छात्राएं इस प्रतियोगिता में शामिल हुए। भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय था वर्तमान परिपेक्ष में स्वदेशी की आवश्यकता। भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 10 एवं इससे ऊपर के छात्र छात्राओं ने भाग लिया तथा 22 प्रतिभागियों ने भाग लिया। अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस एवं शिक्षक दिवस को संयुक्त रूप से मनाते हुए, विभिन्न विद्यालयों से आये 13 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। ज्वेलरी मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी। कक्षा 6, 7, 8 के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। वेस्ट मटेरियल प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कक्षा 9 तथा 10 की छात्र छात्राओं ने भाग लिया। फोटो स्केच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तीनों प्रतियोगिताओं में विभिन्न स्कूलों के लगभग 80 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। रायला चौयरमैन संजय गर्ग व अध्यक्ष विकास सिंघल ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अनिल बंसल, विजय जिंदल, नरेंद्र पाल सिंह, अमित गर्ग, मनी गोयल, शुभम अग्रवाल, राजेश गोयल, विनीत अग्रवाल, अमित गर्ग, अमित गोयल, एनी सीमा तायल, रश्मि गोयल, वीना सैनी, निर्मल जैन, रूपाली अग्रवाल, नमिता सिंघल, आरती सिंघल आदि मौजूद रहे।



## भावपूर्ण स्मरण

**गंगोह।** आजीवन रंगमंच को समर्पित रहें रंगकर्मियों का भाव पूर्ण स्मरण किया गया। इस अवसर पर विश्व शांति के लिए प्रार्थना भी की गई।

मोहल्ला नीमतला स्थित सत्संग भवन में बैठक का आयोजन किया। सोमवार को दिनेश कला निकेतन की सांस्कृतिक समिति कला निकेतन परिवार ने उन सभी रंगकर्मियों को याद किया जो पूरा जीवन रंगमंच को समर्पित रहें। कहा गया कि उन लोगों को हमेशा याद रखना चाहिए जिनकी प्रेरणा से हम आगे बढ़ रहे हें। अरविंद शर्मा ने कहा कि ऐसे लोगों की याद हमेशा बनाए रखने के लिए आयोजन होने चाहिए। रंगमंच को समर्पित लोग आने वाली पीढ़ी के लिए भी प्रेरणा का श्रोत बने रहेंगे। अन्य कार्यक्रमों के अलावा अन्य कई विषयों पर भी चर्चा की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन व इन्हें बढ़ावा देने पर भी चर्चा की गई।

# कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की ओर कदम बढ़ाते हुए सरकारी एंबुलेंस सेवा 108, 102 को की सेवाओं को सुगम बनाने के लिए सेवा प्रदाता कंपनी ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस द्वारा मंडल स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमे एंबुलेंस के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया ताकि वे बेहतर तरीके से अपनी सेवाएं दे सके।

एंबुलेंस कर्मचारियों की सेवा प्रदाता कंपनी ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस द्वारा आयोजित मंडल स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में सरकारी एंबुलेंस सेवा 108, 102 को बेहतर बनाने के लिए एंबुलेंसकर्मियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। शिविर मे सहारनपुर एंबुलेंस कर्मी शामिल हुए जिन्हे लखनऊ से आए हुए ईएमएलसी ट्रेनर मोहम्मद फैजान पीएम जयविंद्र सिंह तथा ईएमई सुधांशु सक्सेना द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में मुख्य रूप से एंबुलेंस के कर्मचारियों को आपातकालीन स्थिति में उपयोग होने वाले उपकरणों और एम्बुलेंस का रखरखाव के बारे में जागरूक किया गया। शिविर में मो. साजिद अली, संजय कुमार सोनू उमेश सिंह सुरेंद्र आदि ने भाग लिया।



# वेतन से सफाई कर्मियों ने भिजवाई राहत सामग्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** नगर पालिका गंगोह के सफाईकर्मियों ने भी बाढ़ पीड़ितों के लिए हाथ बढाते हुए अपने वेतन से राहत सामग्री खरीद कर भिजवाई।

सफाई नायक कुलदीप कुमार ने बताया कि बाढ़ से पीड़ित लोगों के लिए नगर पालिका के सभी सफाई कर्मचारियों ने अपने वेतन से कुछ दिन का वेतन देकर राहत सामग्री खरीदवाने में सहयोग किया।जिसमे सभी सामान पेकिंग वाला खरीदा गया। जिसमें चावल, चीनी, तेल, आटा व पानी की बोतल आदि है। राहत सामग्री दैदनोर के गुरुद्वारा में भेजी गई। जहां से वहां के सेवादार पंजाब भेजेंगे।

सफाई नायक कुलदीप कुमार, शहनवाज पीरजी, बिजेंद्र उर्फ फन्दी, सतीश भगतजी, बॉबी, दीपक कुमार, मन्नु आदि का सहयोग रहा।

## जानलेवा हमला

**गंगोह।** नगर के मोहल्ला अनारकली में पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने एक युवक पर जानलेवा हमला बोलकर घायल कर दिया और मोबाईल व नगदी भी छीन ली।

पीड़ित के भाई असलम ने बताया कि उसका छोटा भाई आजम बाइक से कही जा रहा था, कि तभी रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे युवक अचानक सामने आ गए। आरोप है कि दबंगों ने लाठी, लोहें की पाइप और धारदार हथियारों से आजम पर हमला बोल दिया। हमले में आजम गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही बेहोश होकर गिर गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तुरंत सीएचसी ले जाया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। जहां से उसे रैफर कर दिया गया है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि हमलावर उसे पहले भी जान से मारने की धमकियां दे चुके है और आए दिन विवाद खड़ा करते रहते थे।

# सेवा पखवाड़े की रूपरेखा की गई तैयार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आज एक महत्वपूर्ण जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया रहे, जिन्होंने आगामी आयोजनों को लेकर विस्तृत चर्चा की। श्री सिसोदिया ने कहा कि 17 सितंबर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस है, जिसे भाजपा कार्यकर्ता सेवा पखवाड़े के रूप में मनाएंगे। इस दौरान गरीबों, लाचारों और अस्पतालों में भर्ती मरीजों की सेवा, रक्तदान शिविर, शहीद स्मारकों पर स्वच्छता अभियान, स्कूलों व अस्पतालों में सफाई कार्य और मरीजों को फल वितरण जैसे सेवा कार्य आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने संगठन की मजबूती पर भी बल देते हुए कहा कि प्रत्येक माह जिला, मंडल और बूथ स्तर पर बैठकें अनिवार्य रूप से की

### ■ आयोजनों को लेकर कार्यकर्ता निभाए जिम्मेदारी: सिसौदिया

जाएं। बैठक में कार्यकर्ताओं के कार्यो की समीक्षा होगी और नई बनी टीमों को पार्टी अभियानों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ जीता, चुनाव जीता के मंत्र पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। बैठक में जिला प्रभारी देवेंद्र कुमार शर्मा, जिला अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सैनी, विधायक देवेंद्र निम, विधायक मुकेश चौधरी, पूर्व विधायक नरेश सैनी, पिछड़ा आयोग सदस्य मेलाराम पवार, डीसीडीएफ चेयरमैन सोनेंद्र राणा, जिला महामंत्री पवन सवई, राधेश्याम शर्मा, विरेंद्र पुंडीर, विजेंद्र, जिला उपाध्यक्ष अजीत राणा, यशवंत राणा, जितेंद्र जागलान, जिला मंत्री विपिन भारती, सोहन मुखिया, अनुज राठी और जिला मीडिया प्रभारी विपिन चौधरी सहित सभी ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र अभिनव भार्गव व पुत्रवधू विशाखा को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**सुदेश कुमार पुत्र श्री रामलाल निवासी 5/219/189 न्यू मोहित विहार कालोनी, थाना कोतवाली नगर, सहारनपुर।**

**सूचना**

मैंने अपना नाम Kanhaiya से बदलकर Kanhaiya Kumar रख दिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**Kanhaiya Kumar s/o Laxmi chand मोहल्ला गुजरान, गंगोह खालसा पोस्ट गंगोह, जिला सहारनपुर, 247341 उ.प्र**

# स्मृति चिन्ह भेंट कर चिकित्सक का स्वागत

**सहारनपुर।** चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सक डा. अनुपम मलिक का आज पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेशाध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा के नेतृत्व में स्वागत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष हरपाल वर्मा के नेत्तृव में व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल चिकित्सक डॉ. अनुपम मलिक के क्लीनिक पर पहुंचे ओर उनका स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया तथा अन्य पदाधिकारियों ने शॉल ओढ़ाकर और माला तथा पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान किया। डा. अनुपम मलिक के पिता विख्यात चिकित्सक डॉक्टर भीम सैन मलिक भी वहां मौजूद रहे। इस अवसर पर हरपाल सिंह वर्मा ने कहा कि डॉ. अनुपम का योगदान चिकित्सकीय क्षेत्र में अतुलनीय है। वह अपने पिता डॉक्टर भीम सैन मलिक की तरह ही सहृदय हैं और चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी ही तरह की काबिलियत रखते हैं। डॉ. अनुपम ने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा कि वो आज इस सम्मान से अभिभूत हो गए हैं। उन्होंने पश्चिमी व्यापारी एकता के प्रतिनिधिमंडल का आभार व्यक्त कर कहा कि वह सदैव व्यापारियों के साथ खडे है। डॉ. भीम सैन मलिक ने वहां मौजूद सभी को अपना स्नेहाशीष दिया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव अनुज गुप्ता, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष भारती भानू एडवोकेट, प्रदेश उपाध्यक्ष अजमत अली, हाजी शमशेर, विजेंद्र गुप्ता, नगराध्यक्ष सनी विजय मल्होत्रा, नगर महासचिव रोहित मौजूद रहे।

# छह दिवसीय पशु सखी प्रशिक्षण में 30 महिलाओं ने की भागेदारी

**सहारनपुर।** आईटीसी सुनहरा कल एवं पानी संस्थान के सौजन्य से पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित 6 दिवसीय पशु सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में लगभग 22 ग्राम पंचायतों की 30 महिलाओं ने भागीदारी की।

### ■ प्रमाण पत्र वितरण के साथ ही प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

समापन अवसर पर सभी प्रतिभागी महिलाओं को प्रमाणपत्र एवं प्रशिक्षण किट वितरित किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में इंडियन हर्ब्स कंपनी की प्रोडक्ट मैनेजर डॉ. मानसी पंवार एवं प्रबंधक प्रमोद शर्मा उपस्थित रहे। डॉ. पंवार ने कहा कि ग्राम विकास के बिना राष्ट्र का संपूर्ण विकास अधूरा है। उन्होंने आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा पशुओं के उपचार और पशुपालन से स्वरोजगार के अवसरों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। विशिष्ट अतिथि पानी संस्थान के परियोजना समन्वयक भुवन चंद्र जोशी ने महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया और गांवों में पशुपालकों की मदद का संकल्प दो. हराया। संस्थान के निदेशक दीपक कुमार ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण उत्पाद ही व्यवसाय की सफलता का आधार हैं। उन्होंने महिलाओं से पशुपालन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजक अमित कुमार चौबे ने पशु सखी की भूमिका को ग्राम विकास में अहम बताते हुए कहा कि स्वदेशी उत्पादों के निर्माण और संवर्धन के लिए प्रशिक्षण जरूरी है। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. कपिल कुमार, कर्मवीर पंवार, कर्ण सिंह और शक्ति सिंह ने पशु स्वास्थ्य, रोग उपचार, पोषण प्रबंधन और डेयरी आधारित स्वरोजगार की नवीन तकनीकों की जानकारी दी। इस अवसर पर पानी संस्थान से सहायक परियोजना समन्वयक कर्मवीर पंवार, लेखाकार अमित धीमान, फिल्ड सुप. रवाइजर करन सिंह, शक्ति सिंह, मोहि. हत कुमार, अभिषेक कुमार, अर्जुन सिंह, संकाय सदस्य नेहा जिंदल, सरनजीत कौर, लक्ष्मण सिंह, रार्मा. बलास उपस्थित रहीं।

**कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, सहारनपुर।**

कैम्प नं. :-01 / 2-1, दिनांक, सहारनपुर, 04.09. 2025

**नोटिस**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं मा. उच्च न्यायालय की विभिन्न रिट याचिकाओं में पारित आदेशों के अनुपालन में अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग-3, लखनऊ के द्वारा जारी शासनादेश संख्या 1354/81-3-2024, दिनांक 24 सितम्बर-2024 से निर्गत दिशा निर्देश (GUIDE LINES) के अनुरूप प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, सहारनपुर में कार्य करने वाले/कर रहे दैनिक श्रमिकों को वेतनमान का न्यूनतम वेतन रू. 18000/- प्रतिमाह अनुमन्य किये जाने की पात्रता पर विचारण हेतु इस कार्यालय की पत्र संख्या 950/35-1, दिनांक 04.09.2025 द्वारा समिति का गठन किया गया है।

अत: यदि किसी व्यक्ति के पास अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग-3, लखनऊ के द्वारा जारी शासनादेश संख्या 1354/81-3-2024. दिनांक 24 सितम्बर-2024 से निर्गत दिशा निर्देश (GUIDE LINES) के अनुरूप न्यूनतम वेतन प्राप्त करने हेतु अभिलेख उपलब्ध हैं तो अभिलेखों सहित प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, सहारनपुर के मकान नं. 2, सी/2993, निकट आई.एम.ए. भवन, शास्त्री नगर, हकीकत नगर, सहारनपुर-247001 स्थित कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त गठित समिति को अपने अभिलेख प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

**( शुभम सिंह ) प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, सहारनपुर।**

# जल भराव को लेकर भाकियू टिकैत ने एडीओ को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** आगामी पेराई सत्र में गन्ने का भाव 500 रुपये कुंतल करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने बीडीओ की गैरमौजूदगी में एडीओ पंचायत अनिल कुमार को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि अत्यधिक वर्षा के चलते क्षेत्र में जगह-जगह जलभराव की स्थिति है, जिससे बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। ऐसे में जल निकासी और सफाई की समूचित व्यवस्था होनी चाहिए। इतना ही नहीं बरसात के कारण पशु खुरपका व मुंहपका आदि बीमारी से पीडिघ्त है, उनके इलाज की समुचित व्यवस्था की जानी चाहिए।




ज्ञापन में फसलों को नुकसान पहुंचा रहे बेसहारा पशुओं को गौशाला छोड़े जाने, गांवों में पेयजल आपूर्ति को बनाई गई टंकियों में आपूर्ति सुचारू किए जाने, पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सडकों को दुरुस्त किए जाने, गांवों के बीच कोल्हू का संचालन करने वाले लोगों पर कार्रवाई किए जाने, किसानों का बकाया गन्ना मूल्य भुगतान शीघ्र दिलाए जाने आदि मांगें की गई। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष चौधरी ललित कुमार, दीपक त्यागी, नवीन चौधरी, ईश्वर चंद आर्य, चौ. ठाठ सिंह, केहर सिंह, जितेंद्र कुमार, सरताज, अनूप सिंह यादव, सचिन, तसव्वुर अली, सत्तार आदि शामिल रहे।

# बारिश के पानी की निकासी न होने से हुई असुविधा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** लोगों को स्वस्थ करने वाला सरकारी अस्पताल खुद बीमा. रियां बांट रहा है। हाल की बारिशों से अस्पताल परिसर में पानी जमा हो गया है, जो कई दिनों से जस के तस है। अस्पताल प्रशासन ने आज तक भी परिसर में भरे पानी को निकलवाने की जहमत नहीं उठाई। जिससे मच्छरों और अन्य जहरीले कीटों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। इससे मरीज और तीमारदार दोनों ही परेशान हैं।

बारिश रुके चार दिन से अधिक का समय गुजर गया है, लेकिन अस्पताल परिसर में हुए जलभराव की समस्या से मरीजों और तीमारदारों को निजात नहीं मिली है। इसकी वजह से मच्छर और अन्य जहरीले कीट पैदा हो रहे हैं, यह स्थिति न केवल भर्ती मरीजों के लिए एक खतरा है, बल्कि तीमारदारों के लिए भी परेशानी का सबब बन चुकी है। अस्पताल प्रशासन ने अब तक इस समस्या का समाधान करने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है, जिससे मच्छरों और अन्य जहरीले कीटों का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। इसकी वजह से आसपास की कॉलोनीवासी भी परेशान हैं। लोग चिंतित हैं कि अस्पताल में लगातार जलभराव से मच्छरों का प्रकोप बढ़ा है जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। साथ ही इससे वातावरण भी दूषित हो गया।

> फिलहाल समस्या के समाधान के लिए मोटर लगाकर पानी को निकलवाया जाएगा। सड़कें ऊंची उठने की वजह से अस्पताल परिसर नीचे हो गया है, जिस कारण जलभराव की स्थिति बनती है। डॉ. रियंका चौधरी चिकित्सा अधीक्षक सीएचसी, देवबंद।

# राधा रानी का मनाया जसूठन उत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सिद्धपीठ श्री राधा वल्लभ मंदिर कायस्थवाड़ा में मंगलवार को राधा रानी का जसूठन उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान ठाकुर जी और राधा रानी के भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे।

कार्यक्रम में ठाकुरजी और राधा रानी को फूलों की कुंज बनाकर नई पोशाक में विराजमान किया गया। इस दौरान सहारनपुर से आए गौरव मारवाह व प्रदीप परमार पार्टी ने बधाई गायन किया। राधे को अवतार लुट गए बरसाने में लडूवा, बरसाने बजत बधाई कीरति ने लाली जाइ तथा सजनी चलो बधाई देन कीरति ने कन्या जाई है, कन्या जाइ है भानु घर लाली आई है और चलो वृषभान गोप के द्वार जन्म लियो मोहन हित श्याम आनंद निधि सुकुमार आदि पदों का गायन कर ठाकुरजी व राधा रानी को



रिझाया गया। मंदिर के सेवाधिकारी नीरज गोस्वामी, हितेश गोस्वामी, गो. विंद गोस्वामी, निकुंज गोस्वामी, मयंक गोस्वामी, अजय अग्रवाल, पीयूष सिंघल, अमित कंसल, अजय टंडन, प्रदीप गोयल, सुशील गर्ग, अरुण गोयल, शिवकुमार वर्मा, संजीव कल्लन आदि शामिल रहे।

# व्यापारियों की हित के लिए संघर्ष कर रहा संगठन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में संगठन की कार्यकारिणी का पुर्न गठन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास ने नए पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए विवेक तायल को पुन: आगामी चार साल के लिए नगराध्यक्ष मनोनीत किया।

मंगलवार को संगठन के स्थानीय कार्यालय पर आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि संगठन स्थापना से लेकर आज तक व्यापारी हित की लड़ाई लड़ रहा है। उन्होंने 14 सितंबर को गाजियाबाद में होने वाले प्रांतीय महासम्मेलन में बड़ी संख्या में पहुंचने का आह्वान व्यापारियों से किया। इस दौरान गर्ग ने जिलाध्यक्ष जयवीर राणा की संस्तुति पर विवेक तायल को पुन: आगामी चार साल के लिए संगठन का नगराध्यक्ष मनोनीत किया।




जबकि राजेश सिंघल को महामंत्री, राजेश अजमानी कोषाध्यक्ष, रोबिन अग्रवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सलीम कुरैशी व अजय गर्ग को जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। मयंक गर्ग, सौरभ बंसल, नितिन तायल व मोहम्मद फिरोज को उपाध्यक्ष नामित किए गए। संरक्षक एडवोकेट मनोज सिंघल प्रवीण धीमान, पुष्कर वर्मा, महबूब खान, आदित्य धीमान, वंश राज सिंघल, राशिद कमाल आदि शामिल रहे।

## प्रदर्शनी का उद्घाटन

**चांदपुर।** प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय फीना के तत्वावधान में श्री जाहरवीर देवता के मेले में लगी आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का वरिष्ठ पत्रकार डॉ. मनोज कटारिया ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। उद्घाटन कार्यक्रम में चांदपुर सेवा केन्द्र संचालिका राजयोगिनी बी.के. साधना दीदी, फीना सेवा केन्द्र संचालिका बी. के. पूजा दीदी, पूर्व प्रधान यशपाल भाई, ब्रह्मा कुमार, महावीर भाई, सुनील भाई एवं ओमवीर भाई विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर में आत्मज्ञान, सकारात्मक जीवनशैली और राजयोग की महत्ता को दर्शाने वाले चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसकी अतिथियों ने सराहना करते हुए कहा कि यह समाज के लिए प्रेरणादायी है। मुख्य अतिथि डॉ. मनोज कटारिया रहे।

# डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाये रखने के लिए स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन अभियान के अंतर्गत डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए लोगो को जागरूक किया।

पालिका परिषद के तत्वावधान में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति व मोहल्ला समिति अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में वार्ड नं0. 03 मोहल्ला बडजियाउलहक पर स्वच्छ भारत मिशन अधिकारी जसलीन कौर ने कहा कि नगर में सफाई व्यवस्था बनाये रखने के लिए पालिका प्रशासन ने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन करने गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग करने को लेकर नगरवासियों को जानकारी दी। उन्होने कहा कि कचरे को अलग-अलग करने से न सिर्फ सफाई व्यवस्था सूचारू होगी बलकि



पर्यावरण संरक्षण में भी सहायता मिलेगी। उन्होने स्वस्थ वातावरण कार्यक्रम में नगरवासियो से सहयोग देने की अपील की। पालिका अधिशासी अधिकारी राजपति बेस ने कहा कि मकानो के आसपास सफाई रखने से बिमारियो से बचा जा सकता हैं। इसलिए हमें स्वच्छता के लिए जागरूक रहना चाहिए। इस अवसर पर स्वास्थ्य निरीक्षक पोपिन कुमार, सफाई लिपिक बिरला सूध, सुभाष चंद सफाई नायक नरेंद्र कुमार, दीपक कुमार, कपिल, सुनिल, नंद किशोर, कलीम माज, मौहम्मद साजिद आदि पालिका कर्मी व मोहल्लेवासी शामिल रहे।


# मजहब से उपर उठकर इंसानियत की बुनियाद पर करनी चाहिए मदद: मदनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जमीयत उलेमा ए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि वह बाढ़ पीड़ितों से अपनी हमदर्दी का इजहार करते हैं और उन्हें यकीन दिलाते हैं कि इस मुसीबत की घड़ी में जमीयत मजहब और मिल्लत से ऊपर उठकर उनके साथ खड़ी है। मौलाना मदनी ने बाढ़ प्रभावितों की मदद में बढ़चढ़ कर भाग लेने वाले मेवात के लोगों का भी शुक्रिया अदा किया है।

मीडिया को जारी बयान में मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि जमीयत का शुरू से यही किरदार रहा है कि वह लोगों की मदद मजहब से ऊपर उठकर इंसानियत की बुनियाद पर करती है। देश में जहां कहीं भी प्राकृतिक आपदा की वजह से तबाही आती है जमीयत उलेमा-ए-हिंद वहां सबसे पहले राहत लेकर पहुचती है। कहा कि जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसी पहाड़ी रियासतें प्राकृतिक आपदाओं का शिकार हैं जिससे वहां बड़ा जानी और माली नुकसान हुआ है।

दूसरी ओर पंजाब को इतिहास के ऐसे बदतरीन सैलाब का सामना करना पड़ा है जिसे शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। राज्य के लगभग 1998 गांव सैलाब की चपेट में हैं, बीस लाख से ज्यादा लोग इससे प्रभावित हैं, फसलें तबाह हो चुकी हैं और लाखों लोग बेघर हो चुके हैं। मौलाना मदनी ने कहा कि जमीयत की अपील पर सिर्फ राज्य स्तर की



इकाइयां ही नहीं बल्कि जिला और गांव स्तर की इकाइयां भी सैलाब प्रभावित इलाकों में दिन-रात राहत और मदद का काम कर रही हैं। यह लोग उन इलाकों तक भी पहुंच रहे हैं जो पूरी तरह पानी से घिरे हुए हैं और जहां हजारों लोग अब भी फंसे हुए हैं।

# गजरथ महोत्सव: नगर में निकली भव्य शोभायात्रा

## सुंदर झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** जैन समाज नहटौर के तत्वाधान मे चल रहे दशलक्षण महापर्व के समापन पर मंगलवार को गजरथ महोत्सव के तहत भव्य शोभायात्रा नगर में निकाली गई, जिसमे कई झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।

प्राप्त समाचार के अनुसार दिगंबर जैन मंदिर में जैन समाज ने पूजा अर्चना करके अपने परिवारों की सुख समृद्धि की कामना की। साथ ही बोली का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सौधर्म इंद्र की बोली अजय कुमार जैन पुत्र स्वर्गीय राम भरोसेलाल




जैन, भगवान के रथ के सारथी की बोली सुनील कुमार जैन, धन कुबेर की बोली अनुराग जैन, ऐरावत हाथी की बोली पारस जैन पुत्र राजीव जैन आढ़ती ने तथा सर्वप्रथम श्री जी की आरती की बोली पंकज जैन ने ली। इसके उपरांत रथयात्रा का शुभारंभ मंदिर से किया गया। रथयात्रा में राजस्थानी नृत्य, अभिमन्यु चक्रव्यूह भारतीय सैनिक आतंकवादी को मारते हुए शोभायात्रा में भगवान महावीर भगवान बाहुबली गडुलना अहिंसा परमो धर्म पाडले वाले बाबा बलदाने वाले बाबा 7 हाथी वाला रथ, अमर जवान, मयूर नृत्य, साथ ही शोभायात्रा में स्वर्ण रथ पर सौधर्म इंद्र सवार थे। समाज के लोग भजन कीर्तन करते चल रहे थे। शोभायात्रा की अगवानी झंडा लिए आगे चल रहे थे। शोभा यात्रा में बैंड धार्मिक धुनें बजाते चल रहे थे।

जैन समाज के लोग भजन कीर्तन करते चल रहे थे तथा नाचते गाते चल रहे थे। शोभा यात्रा पंचायती मंदिर, होली चौक, सराय जौखा धर्मशाला होलियान चौधरियान सब्जी मंडी हलवाईयान कालू की आढ़त एजेंसी चौराहा से होती हुई जैन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जाकर पहुंची वहां जाकर पांडू शिला पर पहुंच कर अजय जैन व समाज के लोगों ने पूजा अर्चना करके अपने परिवारों की सुख समृद्धि की कामना की।

# नवाब साद बिन आसिफ ने लहराया परचम

## शूटिंग चैंपियनशिप में जीता गोल्ड, शुभचिंतकों में खुशी की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** जयपुर मे आयोजित 48वी राज्य निशानेबाजी में नवाब साद बिन आसिफ ने स्कीट शूटिंग मे स्वर्ण पदक जीतकर एक बार फिर शेरकोट का नाम रोशन किया। वहीं इसका बात का पता चलते ही उनके शुभचितकों मे खुशी की लहर दौड़ गयी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला शेखान निवासी पूर्व चेयरमैन मरहूम आसिफ विकार के बड़े बेटे नवाब साद बिन आसिफ ने जयपुर में आयोजित 48वी राज्य निशानेबाजी चैंपियनशिप स्कीट शूटिंग मे हिस्सा लेकर जबरदस्त परफॉर्मेंस करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर शेरकोट का ही नहीं बल्कि जिले का भी नाम रोशन किया। नवाब सादबिन आसिफ ने बताया कि इस निशानेबाजी चैंपियनशिप मे लगभग 4800 निशानेबाजों ने भाग लिया था। इस बात का पता चलते




ही लोगों में खुशी की लहर दौड़ गयी और उनके दूरभाष पर लोगों ने मुबारकबाद दी। इतना ही नहीं उनके चाहने वाले लोग उनके आवास पर पहुंचे और नवाब साद बिन आसिफ के चाचा कासिफ विकार को मिठाई खिलाकर मुबा. रकबाद देते हुए उनके लिए ईश्वर से आगे बढ़ने की प्रार्थना भी की है। उन्होंने कहा कि विश्व में किसी भी राष्ट्र की प्रगति का एक मापदंड खेल होता है। इसलिए खेल में देश की तरक्की होनी चाहिए।

बदा दें कि नवाब साद बिन आसिफ के पिता मरहूम पूर्व आसिफ विकार सहाब राजनीति में बड़ी पकड़ रखने के साथ-साथ निशानेबाजी में अव्वल रहे है। उन्हीं के सिखाये व बताये रास्ते पर चल रहे नवाब साद बिन आसिफ भी काफी समय से निशानेबाजी चैंपियनशिप में प्रदेश ही नहीं देश भर में अपना सिक्का जमा चुके हैं। साद बिन आसिफ प्रदेश ही नहीं केन्द्र में भी निशानेबाजी चैंपियनशिप में भाग लेते आ रहे है। इतना ही नहीं उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड के जंगलों में आदमखोर शेर व गुलदारों को मारने का वन विभाग द्वारा नवाब साद बिन आसिफ को परमिट मिले। जिस पर उन्होंने कई गुलदारों व शेरों को मारकर अपना नाम रोशन किया।

नवाब साद बिन आसिफ के घर मुबारकबाद देने में अलतमश विकार, शरीफ अहमद पूर्व सभासद, मौहम्मद आकिब सिद्दीकी, दिलशाद अहमद, सभासद नासिर पधान, दिलशाद अहमद, अशरफ राईन, तबरेज सिद्दीकी सहित सैकड़ों लोगों ने मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी।

# गन्ना पर्यवेक्षक समय पर समस्त कार्य पूर्ण करें: वीएम पाठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गन्ना समिति में गन्ना पर्यवेक्षकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक वीएम पाठक ने समस्त राजकीय गन्ना पर्यवेक्षकों को समय रहते समस्त कार्यों के पूर्ण करने का सख्त आदेश दिए। गन्ना पर्यवेक्षकों की बैठक में गन्ना पर्यवेक्षकों से अपने-अपने गन्ना ग्राम क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित किसानों से उनके गन्ने की फसल के बारे में जानकारी हासिल करने, नए एवं वारिस सदस्यों का डाटा एरिया आदि चैक करने, साथ ही समस्त किसानों से उनकी उपज बढ़ोतरी पर भी चर्चा कर उपज बढ़ोतरी के फॉर्म भरवाने और जमा करने, राजकीय गन्ना पर्यवेक्षकों ने अपने-अपने क्षेत्र में गन्ना पर्ची कैलेंडर में गलत एरिया के हटाने पर भी अपने-अपने विचार व्यक्त कर समस्त किसानों से अपने-अपने गन्ना सट्टा पर्ची कैलेंडर में अपना डाटा पूरी तरह चेक कर गन्ना सट्टा पर्ची कलेंडर



मे त्रुटियों को सही कराते हुए संशोधित कराने की अपील की।

इस अवसर पर गन्ना पर्यवेक्षकों में भोपाल सिंह, परमजीत सिंह, शिवकिशोर, मनोज शर्मा, सौरभ कुमार, महेंद्र सिंह, हजारीलाल, दिग्विजय सिंह, कु.पूनम यादव, कार्मेंद्र सिंह, सहदेव भार्गव आदि उपस्थित रहे। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक वीएम पाठक ने समस्त गन्ना पर्यवेक्षकों से समय रहते अपना पेंडिंग वर्क तुरंत कंप्लीट कर लेंने का भी आदेश दिया। उन्होंने कहा कि शासनादेश अनुसार नवीन गन्ना सत्र के समस्त कार्य समय रहते पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह जानकारी गन्ना समिति कार्यालय द्वारा जारी एक प्रेस नोट में दी गई है।

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्रों आशीष व आर्यन कुमार को उनके गलत आचरण व परिवार के प्रति गलत व्यवहार करने के कारण अपने संबंध विच्छेद करते हुए अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में इन दोनों का मेरे व मेरे परिवार के साथ कोई संबंध नहीं रहेगा और अपने द्वारा किए गए किसी भी गलत कार्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सुधीर पुत्र धन सिंह
निवासी ग्राम नन्हेड़ा कला
थाना बड़ागांव जिला सहारनपुर

**सूचना**

मैंने अपना नाम रवि कुमार सैनी से बदलकर रवि कुमार रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से ही जाना जाए।

रवि कुमार
पुत्र स्व. रमेश चंद
निवासी पठानपुरा (क)
रणखंड़ी रोड, शास्त्री चौक
देवबंद जनपद सहारनपुर।



# उद्योग व्यापार संगठन महिला मोर्चा की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन महिला मोर्चा की एक बैठक जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ के निवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता श्रीमती बिंदु सर्राफ प्रदेश मंत्री ने की तथा संच. ालन श्रीमती सुबोध महिंद्रा वरिष्ठ सदस्य उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन ने किया।

सभा में महिला संगठन का चुनाव हुआ। जिसमें सर्व समिति से श्रीमती सुनीता गुप्ता नगर अध्यक्ष, श्रीमती स्वाति अग्रवाल नगर महामंत्री, श्रीमती शशिकला राजपूत उपाध्यक्ष, श्रीमती राहिल परवीन नगर उपाध्यक्ष, श्रीमती आरती वर्मा कोषाध्यक्ष, श्रीमती रितेश चंद्र संगठन मंत्री, श्रीमती मंजू चौहान नगर मंत्री, श्रीमती मधु माहेश्वरी मीडिया प्रभारी, श्रीमती गीता केसरी नगर मंत्री, श्रीमती बबीता ट्रायल संगठन मंत्री, श्रीमती सुबोध महिंद्रा सम्मानित सदस्य, श्रीमती तनु गोयल सम्मानित सदस्य, श्रीमती लता वर्मा सम्मानित सदस्य, श्रीमती राजबा. ला शर्मा सम्मानित सदस्य मनोनीत हुई। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ ने सभी महिला पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को श्रीमती बिंदु सर्राफ एवं सुबोध महेंद्र ने मनोनयन पत्र दिया तथा आशा व्यक्त कि संगठन को मजबूती देने में सभी बहने तन-मन से व्यापारियों के हित में कार्य करेंगे। प्रदेश मंत्री बिंदु सर्राफ ने कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन जिला बिजनौर का व्यापारियों का नंबर वन संगठन है। इसमें चंदाखोरी का अनैतिक कार्य नहीं किया जाता है। जबकि कुछ व्यापारी नेता चंदाखोरी करके अपना जीवन यापन कर रहे हैं। क्योंकि वह व्यापारी भी नहीं है और व्यापारी नेता बन बैठे हैं। इसलिए व्यापारी अनावश्यक चंदा न दे। अंत में नगर अध्यक्ष श्रीमती सुनीता गुप्ता, नगर महामंत्री स्वाति अग्रवाल ने सभी को धन्यवाद दिया तथा संगठन को मिलजुल कर चलने का आश्वासन दिया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन जिंदाबाद व्यापारी एकता जिंदाबाद के नारों के साथ सभा समाप्त हुई।

# कोहली-रोहित के बिना पहला टूर्नामेंट



एशिया कप में गिल निभाएंगे विराट का रोल

### एशिया कप में गिल निभाएंगे विराट का रोल

**दुबई, वार्ता।** जब भारत कल दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ एशिया कप के अपने पहले मैच में मैदान पर उतरेगा, तो यह महज एक अभियान की शुरुआत से कहीं बढ़कर होगा। यह भारतीय क्रिकेट में एक नए अध्याय की शुरुआत होगी। विराट कोहली, रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा के 2024 में टी20 विश्व कप जीतने के बाद संन्यास लेने के उपरांत पहला बड़ा टूर्नामेंट। एक दशक से भी ज्यादा समय तक, इस तिकड़ी ने भारत के सीमित ओवरों के क्रिकेट में दबदबे को आकार दिया। कोहली की उपलब्धियों की तलाश, रोहित के सहज छक्के और जडेजा की ऑलराउंड प्रतिभा ने भारतीय टी20 क्रिकेट की रीढ़ बनाई। विश्व कप जीत के बाद उनका एक साथ बाहर होना प्रतीकात्मक और भूचाल लाने वाला था। अब, युवा क्रिकेटरों की एक नई पीढ़ी भारत को शीर्ष पर बनाए रखने की ज़िम्मेदारी उठा रही है। सूर्यकुमार यादव, जो अब कप्तान हैं, भारत के नए दर्शन निडर बल्लेबाज़ के प्रतीक हैं। वह एक ऐसी टीम का नेतृत्व करेंगे जिसमें विस्फोटक प्रतिभा और उभरती हुई निरंतरता का मिश्रण होगा। उप-कप्तान शुभमन गिल एक साल से भी ज्यादा समय बाद टी20 में वापसी कर रहे हैं और शीर्ष पर अपनी जगह फिर से हासिल करने के लिए बेताब हैं। दूसरी तरफ अभिषेक शर्मा होंगे, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 54 गेंदों में 135 रनों की तूफानी पारी खेलकर न सिर्फ़ रिकॉर्ड तोड़े, बल्कि खुद को भारत का अगला बिग-हिटिंग सनसनी भी घोषित कर दिया। तिलक वर्मा, जिनका पिछले नौ मैचों में औसत 82 का है, एक आक्रामक क्रम में एक शांत संतुलन का प्रतिनिधित्व करते हैं। संजू सैमसन के मध्यक्रम में ढलने और हार्दिक पांड्या के बल्ले और गेंद दोनों से खेलने के साथ, भारत की कोर टीम तरोताजा और महत्वाकांक्षी दिखती है। शिवम दुबे एक पावर-हिटिंग ऑलराउंडर के रूप में गहराई जोड़ते हैं। बल्लेबाजी में जहां युवापन झलकता है, वहीं गेंदबाजी अभी भी जसप्रीत बुमराह के अनुभव पर निर्भर है। अर्शदीप सिंह के साथ, वह एक ऐसे आक्रामक आक्रमण की अगुवाई करते हैं जो आगे से धारदार है। स्पिन की जिम्मेदारी वरुण चक्रवर्ती, जिन्होंने अपने पिछले 10 मैचों में 26 विकेट लिए हैं, और कुलदीप यादव, जिनकी कलाई की स्पिन दुनिया भर के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को परेशान करती रही है, के बीच साझा किए जाने की उम्मीद है। एसीसी पुरुष प्रीमियर कप 2024 जीतकर अपनी जगह बनाने वाली यूएई टीम इस मुकाबले में एक कमजोर टीम के रूप में उतर रही है, लेकिन उसका आत्मविश्वास भी बढ़ रहा है। कप्तान मुहम्मद वसीम, जो अपनी निडर बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं, अपनी टीम को तेज शुरुआत देने की कोशिश करेंगे। अलीशान शराफू और आसिफ खान, जो एक जाने-माने फिनिशर हैं, मध्यक्रम में जान फूंकेंगे। उनकी गेंदबाजी की उम्मीदें हैदर अली के विकेट लेने वाले फॉर्म और जुनैद सिद्दीकी के अनुभव पर टिकी हैं। हालांकि, इतिहास और मौजूदा फॉर्म उनके खिलाफ भारी पड़ते हैं। दोनों टीमों के बीच 2016 में खेले गए एकमात्र टी20 मैच में भारत ने यूएई को 81/9 पर रोक दिया था और फिर 10 ओवर से कुछ ज़्यादा समय में जीत हासिल कर ली थी। दुबई की पिच संतुलित मानी जाती है, लेकिन लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों के लिए थोड़ी अनुकूल है। इस मैदान पर खेले गए 110 टी20 मैचों में से 58 में बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने जीत हासिल की है।

# जैस्मीन क्वार्टरफाइनल में पहुंची

**जैस्मीन ने तीनों राउंड में दबदबा बनाते हुए 5-0 का स्कोर बनाया**



**लिवरपूल, वार्ता।** विश्व मुक्केबाजी कप अस्ताना की स्वर्ण पदक विजेता जैस्मीन लैम्बोरिया ने लिवरपूल में चल रही विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में दो बार की ओलंपियन ब्राजील की जुसीलेन सेर्केरा रोमेउ को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। जैस्मीन और रोमेउ इससे पहले अस्ताना में स्वर्ण पदक के लिए आमने-सामने हुई थीं और भारतीय मुक्केबाज ने कड़े मुक. ाबले के बाद जीत हासिल की थी। लेकिन लिवरपूल में, जैस्मीन ने तीनों राउंड में दबदबा बनाते हुए 5-0 का स्कोर बनाया और अब वह विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने से बस एक जीत दूर हैं। भारत ने हाल ही में गठित मुक्केबाजी की अंतर्राष्ट्रीय नियामक संस्था, विश्व मुक्केबाजी के तत्वावधान में आयोजित हो रही इस पहली विश्व चैंपियनशिप में 20 सदस्यीय दल उतारा है और पुरुष और महिला दोनों स्पर्धाओं में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा है। विश्व मुक्केबाजी कप के रजत पदक विजेता अभिनाश जामवाल ने भी पुरुषों के 65 किग्रा भार वर्ग के दूसरे दौर में मेक्सिको के ह्यूगो बैरन को 5-0 से हराकर अपना अभियान जारी रखा। हालांकि, महिलाओं के 54 किग्रा भार वर्ग में साक्षी का सफर यहीं खत्म हो गया, क्योंकि उन्हें राउंड ऑफ 16 में तुर्की की हैटिस अक्बा से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। लिवरपूल में सनामाचा चानू का अभियान भी कजाकिस्तान की नताल्या बोगदानोवा से 0-5 से हार के साथ समाप्त हो गया। सचिन (पुरुष 60 किग्रा) कजाकिस्तान के बिबार्स जेक्सेन से 1-4 से हारे जबकि नीरज फोगाट को महिलाओं के 65 किग्रा वर्ग में इंग्लैंड की स्थानीय उम्मीद साचा हिकी से 2-3 से हार का सामना करना पघ।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### अमेरिका नई मार्की क्रिकेट ली की मेजबानी करेगा

**अमेरिका, वार्ता।** अमेरिका एक नए रोमांचक क्रिकेट तमाशे की मेजबानी के लिए तैयार है, क्योंकि मेयर्स न्यू वर्ल्ड टी-20 क्रिकेट लीग नवम्बर 2025 में शुरू हो रही है। यह 12-दिवसीय टूर्नामेंट अंतर्राष्ट्रीय दिग्गजों और अमे. रिका की स्थानीय प्रतिभाओं के रोमांचक मिश्रण के साथ क्रिकेट मनोरंजन को नई परिभाषा देने का वादा करता है। मेयर्स न्यू वर्ल्ड टी20 क्रिकेट लीग में चार फ्रेंचाइजी टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें 60 गतिशील खिलाड़ी शामिल होंगे, जिनमें अंतर्राष्ट्रीय सितारे, अमेरिका के क्रिकेटर और स्थानीय प्रतिभाएं शामिल हैं।

### पुनेरी पल्टन से भिड़ेगी यूपी योद्धाज

**विशाखापट्टनम।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 में यूपी योद्धाज 10 सितम्बर को रात 9:00 बजे विशाखापटनम के विश्वनाथ स्पोर्ट्स क्लब में पुनेरी पल्टन से भिड़ेंगे और इस मैच को जीतकर वे जीत की पटरी पर वापसी चाहेंगे। अभी तक तीन मैचों से चार अंक जुटाकर योद्धाज अंकतालिका में पांचवें स्थान पर हैं। उन्होंने दो मुकाबले जीते हैं। दूसरी ओर, छह अंकों के साथ

पुनेरी पल्टन दूसरे स्थान पर है। उन्होंने पांच मैच खेले हैं और पिछला मुकाबला पटना पाइरेट्स से 11 अंकों के अंतर से गंवाया है। नए सीजन की शुरुआत यूपी की टीम ने शानदार ढंग से की है। पहले तेलुगु टाइटंस और फिर पटना पाइरेट्स को हराने के बाद हरियाणा स्टीलर्स के खिलाफ एक रोमांचक मुकाबले में अपने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया था। उनकी डिफेंस की मजबूती ने पूरे लीग के प्रतिद्वंद्वी कोचों का ध्यान खींचा है।

# सुआरेज पर तीन मैचों का अतिरिक्त प्रतिबंध

- **इस प्रतिबंध के साथ सुआरेज की सजा कुल नौ मैचों तक बढ़ा दी गई है**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** इंटर मियामी के स्ट्राइकर लुइस सुआरेज पर मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) ने तीन मैचों का अतिरिक्त प्रतिबंध लगा दिया है। लीग ने सोमवार को बताया कि लीग कप के फाइनल में सिएटल साउंडर्स के एक कर्मचारी पर थूकने के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया है।

लीग ने यह जानकारी दी। इस प्रतिबंध के साथ 38 वर्षीय खिलाड़ी की सजा कुल नौ मैचों तक बढ़ गई है। टूर्नामेंट आयोज. कों ने सुआरेज पर पहले ही छह मैचों का प्रतिबंध लगा दिया था, जिससे वह अगले साल होने वाले लीग कप में नहीं खेल पाएंगे। यह नया प्रतिबंध एमएलएस मैचों पर लागू होता है, जिसका अर्थ है कि वह 13 सितम्बर को चार्लोट एफसी, 16 सितम्बर को सिएटल और 20 सितम्बर को डीसी यूनाइटेड के खिलाफ होने वाले लीग मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

यह विवाद पिछले महीने हुए फाइनल में मियामी की सिएटल से 3-0 की हार के बाद हुआ था। सुआरेज ने ओबेद वर्गास का गला पकड़ लिया था, जिसके बाद सर्जियो बुस्केट्स ने मिडफील्डर की ठोड़ी पर वार किया था।

उरुग्वे के इस फारवर्ड को टीम के साथियों ने तब रोका जब वह साउंडर्स के सुरक्षा निदेशक जीन रामिरेज पर थूक रहे थे।

# जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप 28 नवम्बर से

- **मदुरै और चेन्नई में जर्मनी दक्षिण अफ्रीका और भारत-चिली मैचों के साथ शुरुआत होगी**




**चेन्नई, वार्ता।** जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप चेन्नई और मदुरै में 28 नवम्बर से 10 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें 28 नवम्बर को मदुरै में खिताब विजेता जर्मनी और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच होगा। भारत उसी दिन चिली के खिलाफ मैच के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगा और उसके अगले दिन पाकिस्तान के खिलाफ अहम मैच होगा। भारत अपना आखिरी लीग मैच 2 दिसंबर को मदुरै में स्विट्जरलैंड के खिलाफ खेलेगा। टूर्नामेंट का कार्यक्रम तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कल रात यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जारी किया, जिसमें एफआईएच अध्यक्ष तैय्यब इकराम, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह भी मौजूद थे। पहली बार हो रहे इस विश्व कप में दुनिया भर की 24 टीमें हिस्सा लेंगी और यह तमिलनाडु के चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा। छह टीमों को चार-चार के छह समूहों में विभाजित किया गया था और भारत को ग्रुप-बी में पाकिस्तान, चिली और स्विट्जरलैंड के साथ रखा गया था। तैय्यब इकराम ने कहा कि एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु 2025 के मैच कार्यक्रम का शुभारंभ इस प्रतिष्ठित आयोजन की हमारी यात्रा में एक और रोमांचक मील का पत्थर है। एफआईएच के इतिहास में पहली बार, जूनियर विश्व कप में 24 टीमें शामिल होंगी, जो एफआईएच सशक्तिकरण और सहभागिता रणनीति के तहत हासिल की गई एक बड़ी उपलब्धि है। यह न केवल हॉकी के वैश्विक विकास और समावेशिता को रेखांकित करता है, बल्कि उभरते हॉकी देशों को शीर्ष स्थापित टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर की प्रतिभाशाली युवा प्रतिभाएं वैश्विक मंच पर अपने जुनून, दृढ़ संकल्प और कौशल का प्रदर्शन करेंगी।

# फीफा महिला चैंपियंस कप का पहला संस्करण अक्टूबर में चीन में शुरू होगा

- **इस टूर्नामेंट में छह महाद्वीपीय क्लब फुटबॉल में पहली विश्व चैंपियन बनने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे**

**जेनेवा, वार्ता।** फीफा ने अपने पहले महिला चैंपियंस कप का अनावरण कर दिया है। चीन में होने वाले इस टूर्नामेंट में छह महाद्वीपीय क्लब चैंपियन महिला क्लब फुटबॉल में पहली विश्व चैंपियन बनने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

यह टूर्नामेंट 8 अक्टूबर को वुहान स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम में शुरू होगा, जहां एएफसी महिला चैंपियंस लीग की विज. ेता स्थानीय टीम वुहान जियांगडा डब्ल्यूएफसी का सामना इस साल की ओएफसी महिला चैंपियंस लीग की चैंपियन ऑकलैंड यूनाइटेड एफसी से होगा। फीफा महासचि. चव मैटियास ग्राफस्ट्रॉम ने सोमवार को एक बयान में कहा कि जैसे-जैसे पहला राउंड नजदीक आ रहा है, दुनिया भर के क्लब प्रशंसक, मीडिया और फुटबॉल प्रेमी इतिहास बनते देखने के लिए तैयार हैं, क्योंकि पहला फीफा महिला चैंपियंस कप वुहान में शुरू हो रहा है। यह टूर्नामेंट पहली बार फीफा के बैनर तले हर महाद्वीप की सर्वश्रेष्ठ महिला क्लबों को एक साथ लाएगा, जिससे उत्कृष्टता प्रदर्शित करने, महिला क्लब खेल को बढ़ावा देने और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए एक वैश्विक मंच मिलेगा।

# पाकिस्तान के तेज गेंदबाज उस्मान ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**कराची, वार्ता।** उस्मान शिनवारी ने छह साल की अवधि में पाकिस्तान के लिए 34 मैच खेलने के बाद अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को अलविदा कहने का फैसला किया है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 2013 में श्रीलंका के खिलाफ टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में पदार्पण किया था और बाद में उन्होंने अपना वनडे और टेस्ट डेब्यू भी श्रीलंका के खिलाफ ही किया। उन्होंने 17 वनडे और 16 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में हिस्सा लिया और क्रमश: 34 और 13 विकेट लिए। टेस्ट क्रिकेट में उनका एकमात्र प्रदर्शन दिसंबर 2019 में श्रीलंका के खिलाफ हुआ था, जो पाकिस्तान के लिए उनका आखिरी मैच भी साबित हुआ। उस्मान ने अपने दूसरे वनडे में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जब उन्होंने शारजाह में श्रीलंका के खिलाफ एक पारी में पांच विकेट लिए। उन्होंने 2019 में अपने आखिरी से पहले वाले वनडे मैच में एक बार फिर श्रीलंका के खिलाफ अपना दूसरा पांच विकेट हॉल दर्ज किया। आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, वह 2018 एशिया कप में पाकिस्तानी टीम का भी हिस्सा थे।

### पाक नवम्बर में एकदिवसीय क्रिकेट श्रृंखला के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को घोषणा की कि पाकिस्तान नवम्बर में तीन मैचों की एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (वनडे) श्रृंखला के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा। यह श्रृंखला 11 से 15 नवम्बर तक राजधानी इस्लामाबाद के पड़ोसी शहर रावलपिंडी में खेली जाएगी। पीसीबी ने बताया कि श्रीलंका ने आखिरी बार 2019 में पाकिस्तान में एकदिवसीय श्रृंखला खेली थी, जिसमें मेजबान टीम ने 2-0 से जीत हासिल की थी। बोर्ड ने रविवार को यह भी पुष्टि की कि पाकिस्तान 17 से 29 नवम्बर तक श्रीलंका और अफगानिस्तान के साथ अपनी पहली टी20 अंतर्राष्ट्रीय त्रिकोणीय श्रृंखला का आयोजन करेगा, जिसके मैच लाहौर और रावलपिंडी में होंगे।

# पिच की स्थिति चयन का मार्गदर्शन करेगी: मोर्कल

- **टीम पूरी तरह तैयार है लेकिन अंतिम चयन इस बात पर निर्भर करेगा कि मैच के दिन दुबई पिच कैसी रहती है**



**दुबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम ने संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ एशिया कप के पहले मैच के लिए अपनी अंतिम एकादश पर अभी तक कोई फैसला नहीं किया है, और गेंदबाजी संयोजन और पिच की स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। गेंदबाजी कोच मोर्न मोर्कल ने संकेत दिया है कि टीम पूरी तरह तैयार है, लेकिन अंतिम चयन इस बात पर निर्भर करेगा कि मैच के दिन दुबई की पिच कैसी रहती है, जिसमें तेज और स्पिन दोनों विकल्पों पर विचार किया जा रहा है।

मोर्कल ने इस बात पर जोर दिया कि इस साल की परिस्थितियां आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान भारत के पिछले दौरे से अलग हैं, जहां चार-तरफा स्पिन आक्रमण का सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया गया था। मोर्कल ने कहा कि हमें देखना होगा कि विकेट कैसा खेलता है। पहले, इस सतह पर काफी क्रिकेट खेला गया था और यह थका हुआ लग रहा था, लेकिन इस बार मैदान पर काफी घास है। आज रात, हम पिच का पहला मुआयना करेंगे और उसके अनुसार योजना बनाएंगे। मोर्कल ने जोर देकर कहा कि टीम सभी रणनीतिक विकल्प खुले रखे हुए है और टीम सतह का मूल्यांकन करने के बाद अंतिम निर्णय लेगी। अगर भारत एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को शामिल करता है, तो बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह नई गेंद के साथ जसप्रीत बुमराह का साथ दे सकते हैं, जबकि हर्षित राणा और अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या अन्य संभावित विकल्प हैं। स्पिन के मोर्चे पर, वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव दावेदारी में हैं। मोर्कल ने कुलद. ीप के रवैये और पेशेवर रवैये की प्रशंसा करते हुए कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ हालिया टेस्ट श्रृंखला में सीमित खेल समय के बावजूद, बाएं हाथ का यह स्पिनर कड़ी मेहनत कर रहा है और सफेद गेंद वाले क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तैयार है।

एशिया कप के पहले मैच के लिए भारतीय टीम में कप्तान सूर्यकुमार यादव, शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलद. ीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा और रिंकू सिंह शामिल हैं।

मोर्कल ने दोहराया कि कोचिंग स्टाफ उद्देश्यपूर्ण लक्ष्यों और सामरिक लचीलेपन के साथ प्रशिक्षण सत्रों पर ध्यान कें. द्रित कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम केवल उसी पर नियंत्रण रख सकते हैं जिस पर हमारा नियंत्रण है। हमारी तैयारी और हम परिस्थितियों के अनुसार कैसे ढलते हैं।

# लद्दाख मैराथन -2025 में नया वैश्विक रिकॉर्ड बनाएगा

**लेह, वार्ता।** लद्दाख के ऊंचाई वाले रेगिस्तानों में ठंडी पहाड़ी हवाएं घुलने के साथ ही, लद्दाख मैराथन के 12वें संस्करण के लिए उत्सुकता बढ़ रही है। इस वर्ष, यह आयोजन 11 से 14 सितम्बर तक इतिहास रचने के लिए तैयार है: भारत और 30 अन्य देशों के 6,600 से अधिक धावकों के ऊबड़-खाबड़ सड़कों और बर्फीले दर्रों पर दौड़ने की उम्मीद है, जो मैराथन के इतिहास में सबसे बड़ी भागीदारी होगी।

2012 में अपनी शुरुआत के बाद से, लद्दाख मैराथन एक क्षेत्रीय दौड़ से एक वैश्विक तमाशे में विकसित हो गई है, जो हिमालय की पतली हवा और नाटकीय परिदृश्यों के खिलाफ खुद को चुनौती देने के लिए उत्सुक धीरज एथलीटों और साहसिक उत्साही लोगों को आकर्षित करती है। हाई एल्टीट्यूड स्पोर्ट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष और मैराथन के संस्थापक चेवांग मोटुप गोबा ने कहा कि लद्दाख द्वारा दुनिया को दिए गए उपहार के रूप में शुरू हुई यह दौड़ भारत की प्रमुख दौड़ों में से एक बन गई है। यह रिकॉर्ड भागीदारी इस आयोजन के वैश्विक आकर्षण और हमारे लोगों व हमारी धरती की पहचान बन चुकी दृढ़ता की भावना को दर्शाती है। 2025 का संस्करण छह दौड़ों में रोमांच का वादा करता है। 11 सितम्बर को सिल्क रूट अल्ट्रा (122 किमी), 12 सितम्बर को खारद. ुंग ला चैलेंज (72 किमी), 13 सितम्बर को 'रन लद्दाख फॉर फन' 5 किमी, और 14 सितम्बर को 11.2 किमी दौड़, हाफ मैराथन (21 किमी), और फुल मैराथन (42.195 किमी)। हर दौड़ में न केवल गति बल्कि सहनशक्ति की भी परीक्षा होती है, क्योंकि धावक ऊंचे दर्रों, घुमावदार पहाड़ी रास्तों और लुभावने दृश्यों से गुजरते हैं। कॉर्पोरेट और सामुदायिक समर्थन इस मैराथन के आकर्षण को और बढ़ा देता है। स्निकर्स हंगर पार्टनर के रूप में एथलीटों को ऊर्जा प्रदान करता है, प्यूमा उन्हें अपैरल पार्टनर के रूप में तैयार करता है, और बिसलेरी हाइड्रेशन सुनिश्चित करता है। एनर्जल प्रतिभागियों को ऊर्जा प्रदान करता है, होटल ग्रैंड ड्रैगन आतिथ्य प्रदान करता है, एकॉर्ड अस्पताल स्वास्थ्य सेवाओं का ध्यान रखता है और बजाज आलियांज बीमा कवर प्रदान करता है।

# पंत भारत लौटे, मुंबई में विशेषज्ञ से मिले

**मुंबई, वार्ता।** ऋषभ पंत भारत वापस आ गए हैं और जल्द ही पुनर्वास के लिए बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) जाएंगे। 23 जुलाई को मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के दौरान अपने दाहिने पैर में फैक्चर के बाद इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने पिछले कुछ दिनों से विशेषज्ञों से सलाह ली है।

हालांकि आकलन के विवरण का अभी भी इंतजार है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि सभी प्रारूपों के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक, पंत (27), अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की अगली घरेलू श्रृंखला में वापसी का लक्ष्य बना रहे हैं। अगर ऐसा नहीं होता है, तो अक्टूबर-नवम्बर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला एक वास्तविक संभावना लगती है। पता चला है कि पंत पिछले कुछ दिन मुंबई में चिकित्सा विशेषज्ञों से परामर्श के लिए बिता रहे थे। इंग्लैंड से सीधे यहां आने के बाद, उन्होंने अपने चोटिल पैर की स्थिति की जांचके लिए जांच कराई, माना जा रहा है कि उस पर अभी भी पटियां बंधी हुई हैं। समझा जाता है कि शहर के डॉक्टरों ने उन्हें पुनर्वास के लिए सीओई में लौटने के लिए समय-सीमा दी है।



- **ऋषभ पंत ने अपने चोटिल पैर की स्थिति की जांच के लिए जांच कराई, माना जा रहा है कि उस पर अभी भी पट्टियां बंधी हुई है**

एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के मैनचेस्टर (चौथे) टेस्ट के पहले दिन क्रिस वोक्स की गेंद पंत के पैर में लग गई, जिससे उन्हें दर्द के कारण मैदान छोड़ना पड़ा। चोट लगने के समय वह 37 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। अगले दिन, सभी को आश्चर्यचकित करते हुए, वह अपने पैर पर पूरी पटियां बांधकर वापस लौटे और टीम के लिए कुछ बहुमूल्य रन जोड़े। इस दौरान, टीम के उप-कप्तान पंत ने अपना अर्धशतक (54) भी पूरा किया। हालांकि, चोट के कारण, उन्हें ओवल में पांचवां और अंतिम टेस्ट मैच छोड़ना पड़ा, जिसे भारत ने जीतकर श्रृंखला बराबर कर दी। पंत सीरीज खत्म होने के बाद इंग्लैंड में ही रुके रहे और माना जा रहा है कि कुछ दिन पहले ही भारत लौटे हैं।

चोट लगने के बाद से ही, पंत अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी रिकवरी के बारे में अपडेट पोस्ट करते रहे हैं। उनकी एक हालिया पोस्ट में लिखा था कि मैं आपको बस एक बात बताना चाहता हूं जो मैं समझता हूं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपने पहले कितना दर्द सहा है, अगर आपको दोबारा चोट लगती है तो दर्द उतना ही होता है, बस सीमा बढ़ जाती है और आपको खुद को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया पता चल जाती है। इसलिए सकारात्मक रहना बहुत जरूरी है, खुद को प्रेरित करना बहुत कारगर होता है। खुद पर भरोसा रखें और उस दिशा में काम करते रहें जिस दिशा में आप जाना चाहते हैं, क्योंकि जो आपको मारता नहीं है, वह आपको अंतत: मजबूत बनाता है।

### भारत की राइफल और पिस्टल मिश्रित टीमें निंग्बो में पदक से दूर रहीं

**नई दिल्ली, वार्ता।** चीन के निंग्बो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग सत्र के चौथे और अंतिम आईएसएसएफ वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल चरण के पहले दिन भारत की राइफल और पिस्टल मिश्रित टीमों को पदक नहीं मिल सका।

कोई भी जोड़ी पदक मुक. ाबले तक नहीं पहुंच पाई। पिस्टल मिश्रित टीम में भारतीय जोड़ियां क्वालि फिकेशन में क्रमश: 11वें और 13वें स्थान पर रहीं, जबकि राइफल मिश्रित टीम में भारतीय जोड़ियां 14वें और 34वें स्थान पर रहीं। एयर पिस्टल मिश्रित टीम इवेंट में, भारत की पहली जोड़ी सुर्भी राव (284) और अमित शर्मा (290) ने 574-20ग का संयुक्त स्कोर बनाकर 11वां स्थान हासिल किया।

# जनपद में पर्यटन की अपार संभावनाओं पर किया संवाद

## नदियों के किनारे ग्रीन बैल्ट विकसित किए जाने पर दिया जोर, राष्ट्रवाद व संस्कारों को प्रोत्साहित करने पर किया विचार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विकसित उत्तर प्रदेश अभियान 2047 के तहत व्यवसायियों, जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजन, आम जनमानस, स्वयं सेवी संगठन के साथ संवाद कार्यक्रम में शिक्षा नीति में नैतिकता, राष्ट्रवाद एवं संस्कारों को प्रोत्साहित करने के लिये विचार किया गया। साथ ही जनपद में पर्यटन की अपार संभावनाओं का लाभ लेने व नदियों के किनारे ग्रीन बेल्ट विकसित किये जाने पर जोर दिया गया।



सर्किट हाउस में सेवानिवृत्त आईएएस दिनेश राय, सेवानिवृत्त आईपीएस डी एस चौहान, जनपद के नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव कृषि, कृषि शिक्षा, कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार रविन्द्र, सेवानिवृत्त प्रोफेसर उच्च शिक्षा विभाग रामशब्द सिंह, कार्यरत प्राध्यापक डॉ. आई.के. कुशवाह तथा सेवानिवृत्त मुख्य अभियन्ता यूपीपीसीएल संजय अग्रवाल ने संवाद किया। संवाद कार्यक्रम में व्यवसायियों द्वारा विकसित भारत एवं विकसित उत्तर प्रदेश को अपने प्रयासों से उत्तम बनाने के सम्बन्ध में विभिन्न व्यवसायों से जुडे व्यापारियों द्वारा अपने सुझाव दिए गये। इसके तहत उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश का सभी क्षेत्रों में विकास हुआ। सभी व्यवसायी अर्थशक्ति, सृजन शक्ति एवं जीवन शक्ति के विकास में शत-प्रतिशत योगदान देने के लिए हमेशा तैयार हैं। हमारा जनपद सीमावर्ती जनपद है। हमें निरंतर सुरक्षा की गारण्टी उपलब्ध है जिससे कार्य करने में काफी सहजता है।

जनप्रतिनिधियों में उपस्थित ब्लॉक प्रमुखों, पार्षदगणों एवं ग्राम प्रधानों द्वारा मैंगो तथा पापुलर इण्डस्ट्री को बढाने, जनपद में पर्यटन की संभावनाओं को बढाने, गांवों में डिजिटलीकरण करने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के संस्थानों को प्रोत्साहित करने, शिक्षा में नैतिक शिक्षा को शामिल करने, बच्चों में प्रारम्भ से ही बेहतर सोच बनाए रखने के लिए कहा। आईटीआई के पाठ्यक्रम को आवश्यकतानुरूप बनाए जाने एवं समय-समय पर प्रशिक्षण देने तथा सामूहिक खेती को बढावा देने की बात कही।

प्रबुद्धजनों के द्वारा सीमावर्ती जनपद की महत्ता को मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न राज्यों को भेजी गयी राहत सामग्री से जोड़ते हुए अपार संभावनाओं वाला जनपद बताया। उन्होने कहा कि देश को बढने के लिए नैतिकता की आवश्यकता होती है और सभी के लिए राष्ट्र एवं समाज प्रथम रहे। आने वाली पीढियों में साहित्य सृजन एवं साहित्यिक पत्रिकाओं को ऑफलाइन माध्यम से सस्ते दरों में उपलब्ध करवाने का विचार रखा जिससे बच्चों में पुस्तक पढने की प्रवृत्ति बढे। शिक्षा नीति में नैतिकता, राष्ट्रवाद एवं संस्कारों को प्रोत्साहित करने का विचार दिया। पर्यटन, नदियों के किनारे ग्रीन बेल्ट विकसित करने एवं भारतीय संस्कृति में स्थापित वृक्षों की धरोहर को बढाने के लिए कहा। जड़ी बूटियों आधारित उद्योगों को बढावा दिए जाने की बात कही।

सेवानिवृत्त आईएएस दिनेश राय ने अधिकारियों से वार्ता करते हुए कहा कि सभी अधिकारी प्राप्त सुझावों को देखकर एवं भविष्य के दृष्टिगत विशलेषण कर के अपने सुझाव निर्धारित वेबसाइट एवं क्यूआर कोड के माध्यम से दे सकते है।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि सभी अधिकारी बेहतर आचरण एवं सकारात्मक सोच के माध्यम से आगे आने वाली जनरेशन के लिए शानदार लेआउट बनाकर जाएं। उन्होने कहा कि अर्थव्यवस्था, सर्विस क्षेत्र के साथ जनपद में आम. जनों को ध्यान में रखकर अधिक से अधिक सहयोग देकर उनकी विचारधारा से जुडें जिससे संतुष्टि मिलेगी और यह संतुष्टि बडे उद्देश्य को प्राप्त करने में मील का पत्थर साबित होगी।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, जनप्रतिनिधियों में ब्लॉक प्रमुख नकुड़ सुभाष चौधरी, पुंवारका मेहरबान, पार्षद मुकेश कक्कड, राजेन्द्र कोहली सहित विभिन्न वार्डों के पार्षद, विभिन्न ग्रामों के ग्राम प्रधान, प्रबुद्धजनों में सुरेन्द्र सिंघल, वीरेन्द्र आजम, शीतल टण्डन, विजयन्त सैनी, राजेन्द्र अटल, किरणजीत संधू, रविन्द्र मिगलानी, आईटीसी महाप्रबंधक संदीप शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, प्रबुद्धजन, अधिकारीगण, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित रहें।

# ग्लोकल विश्वविद्यालय में शुरू किया गया दीक्षारम्भ 2025



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्व. विद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन के संरक्षण, कुलपति प्रोफेसर हृदय शंकर सिंह व प्रतिकुलपति प्रोफेसर जॉन फिन्बे की प्रेरणा तथा कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी की अनुप्रेरणा से ग्लोकल स्कूल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम 'दिक्षारंभ' का भव्य आयोजन विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के डीन, प्रोफेसर मोहद मजहर अफजल के स्वागत संबोधन एवं प्रेरणादायी विचारों के साथ हुआ। इसके उपरांत सिविल विभागाध्यक्ष धनंजय सिंह श्यामल ने विभाग में संचालित सभी पाठ्यक्रमों, नियमों एवं शैक्षणिक रूपरेखा की जानकारी विद्यार्थियों को विस्तार से प्रदान की। डीएसडब्ल्यू प्रोफेसर शोभा त्रिपाठी एवं चीफ प्रॉक्टर जमीरुल इस्लाम ने विद्यार्थियों को अनुशासन, सुविधाओं एवं छात्र कल्याण गतिविधियों से अवगत किया। इसके बाद डॉ. फराज खान ने "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और भविष्य के करियर अवसरों" विषय पर विशेष सत्र लिया। उनके बाद विद्यार्थी मोहद कैफ ने "स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025" विषय पर अपनी प्रस्तुति दी, जिसे छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ सराहा।संचालन सुफियान मिर्जा के द्वारा किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया और वजीहा खान एवं मोहद नफीस के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण किया।

इस अवसर पर सभी संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे।

# तेंदुओं के हमले से बचा गौशाला कर्मचारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** ग्राम कमालपुर में गुलदार के आतंक ने ग्रामीणों में दहशत फैला दी है।

हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय अध्यक्ष ठाकुर सूर्यकांत सिंह के बाग में दो तेंदुओं ने उनकी गौशाला के कर्मचारी राजेंद्र पर हमला करने की कोशिश की। घटना उस समय हुई जब राजेंद्र ट्रैक्टर लेकर चारा लेने जा रहा था।

उसने ट्रैक्टर से कूदकर अपनी जान बचाई। राजेंद्र ने बताया कि उसने मौके पर दो तेंदुए और उनके दो बच्चों को देखा। घटना की सूचना तुरंत वन विभाग को दी गई। वन दारोगा प्रेम शंकर तिवारी ने बताया कि उनकी टीम ने दो घंटे तक क्षेत्र में भ्रमण कर गुलदार के पदचिह्न तलाशने की कोशिश की, लेकिन अभी तक उनकी लोकेशन नहीं मिली है। तिवारी ने कहा कि सटीक लोकेशन मिलने पर पिंजरा लगाने का निर्णय लिया जाएगा। ग्रामीणों में गुलदार की मौजूदगी से भय का माहौल है और वे वन विभाग से त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। लोगों से सतर्क रहने और रात में अकेले बाहर न निकलने की सलाह दी गई है।

# विधायक चौ. किरत के नेतृत्व में सैंकड़ों ने थामा भाजपा का दामन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** गंगोह विधायक चौधरी किरत सिंह के नेतृत्व में कोलाखेड़ी और बाल्लू गांव के सैकड़ों समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने आज पार्टी छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। इस बड़े दल-बदल ने राजनीति में हलचल मचा दी है।

गंगोह विधायक किरत सिंह ने सभी नए सदस्यों को पटका पहनाकर भाजपा परिवार में स्वागत किया। उन्होंने कहा, पार्टी की राष्ट्रवादी विचारधारा और विकासोन्मुख नीतियों से प्रभावित होकर सभी ने भाजपा का हिस्सा बनने का संकल्प लिया है।भाजपा का परिवार दिन-प्रतिदिन मजबूत हो रहा है, जो यह विश्वास दिलाता है कि जनता विकास और सबके सम्मान की राह पर हमारे साथ है। जिला उपाध्यक्ष सतपाल सिंह व चेयरमैन शीशपाल जन्धेडा ने भी नए सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने कहा भाजपा सबका साथ, सबका विकास की नीति पर चलते हुए आगे बढ़ रही है। भाजपा पार्टी में शामिल होने वाले कार्यकर्ता पार्टी को और मजबूत बनाएंगे।इस अवसर पर पूर्व प्रधान कृष्णपाल, अमित शर्मा, वचन सिंह, अजब सिंह सैनी, अनुज चौधरी, विकास चौधरी, प्रदीप शर्मा, मांगेराम, अशोक कुमार, मोहम्मद इनाम, प्रदीप कश्यप, जोनी, बबलू, संदीप, जयपाल, अकबर, इमरान, रामशरण कोरी, नकली सैनी, पुडाराम कश्यप, बलवीर, सुनेन्द्र, आनंदपाल, शहीद, अलीशेर सहित अन्य सपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ली।



# जैन समाज ही नहीं बल्कि क्षमावाणी मानव का पर्व: आचार्य विमर्श

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आचार्य प्रवर विमर्श सागर महाराज ने कहा कि क्षमावाणी केवल जैन समाज के अनुयाईयों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानव का पर्व है।

विमर्श सागर महाराज ने यह बात जैन बाग स्थित प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर में दशलक्षण महापर्व की आराधना के सम्पन्न होने के उपरांत क्षमावाणी महापर्व के मौके पर कही। उन्होंने कहा कि अगर परिवार समाज राष्ट्र में हम मान अहंकार ईर्षा राग द्वेष को त्याग कर किसी के द्वारा जाने अनजाने में हुई गलती के लिए समर्थ और सक्षम होने पर भी उसको क्षमा कर देते हैं तो हम अपने आप को उस अनावश्यक प्रतिशोध और प्रतिकार के बोझ से मुक्त कर अपनी आत्मा पर उपकार करते हैं। शाकुंभरी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर प्रोफेसर वाई विमला ने कहा क्षमावाणी पर्व वर्ष में एक दिन नहीं अपितु समय-समय पर मनाते रहना चाहिए।

नगर विधायक राजीव गुम्बर ने कहा जैन बाग के अतिशयकारी मंदिर में आकर उन्हें एक अद्भुत ऊर्जा शांति की अनुभूति होती है, साक्षात भगवान स्वरूप आचार्यश्री के दर्शन कर वे अपने आप को भाग्यशाली और धन्य मानते हैं। मेयर डा.अजय सिंह ने कहा श्री मंदिर जी में महावीर प्रभु और आचार्य श्री ससंघ के दर्शन करके वे भी अद्भुत शक्ति ऊर्जा की अनुभूति कर रहे हैं। जैन समाज के अध्यक्ष राजेश कुमार जैन ने सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन करते हुए कहा क्षमा जीवन का अमूल्य आभूषण है, यह मात्र शब्दो से नहीं अपितु हृदय से भीतर जमे अशुभ भावों के विसर्जन से होती है,किसी के प्रति बैर द्वेष न रखे, व्यवहार में यदि किसी जीव से मतभेद मनभेद और कषाय उत्पन्न हो गयी हो, यह आत्मा पर बोझ बन जाता है। आचार्य विमर्शसागर महाराज के गुरु आचार्य परम पूज्य विराग सागर की चरण छत्री के निर्माण की अध्यक्ष राजेश कुमार जैन ने घोषणा की,जो समाज के प्रमुख दान वीर परिवार विपिन जैन के अर्थ सहयोग से निर्मित की जायेगी।भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई ने क्षमावाणी पर्व को राष्ट्रीय स्तर पर विश्व मैत्री दिवस के रूप में मनाने का आह्वान किया। पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल, वीरेंद्र ठाकुर, सरदार दलजीत कोचर, वरिष्ठ नेता महेंद्र तनेजा, रवि गुप्ता, दिनेश बल्ली, गुरप्रीत सिंह बग्गा, पार्षद, दिग्विजय चौहान, मयंक गर्ग, मुकेश गक्खड, संजय गर्ग, नितिन सिंघल, सुनील पंवार, वीर सैन सिद्धू, सौपीन पाल, गौरव जैन, अनुज जैन, नीरज शर्मा, पूर्व पार्षद मानसिंह, मनोज जैन आदि ने भी विचार रखे।





कार्यक्रम के मुख्य संयोजक और महानगर भाजपा पूर्व अध्यक्ष राकेश जैन ने राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं,वर्तमान और पूर्व विधायकों, मेयर, पार्षदगणो का स्वागत अभिनंदन किया। सभा में अनिल जैन, चौ.अनुज जैन,संदीप जैन,राजीव जैन सर्राफ, अनिल जैन मंटू, पत्रकार नीना जैन, सुभाष जैन, देव जैन, वैभव जैन, अजय जैन, नितिन जैन, विपिन जैन उपस्थित रहे। संचालन महामंत्री सजीव जैन और अतिथियो का स्वागत उपाध्यक्ष विपिन जैन ने किया।

# रोज स्कूल आने वाले बच्चे पुरस्कृत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उच्च प्राथमिक विद्यालय कुतुबपुर लबडोला विकास क्षेत्र नागल में आज प्रतिदिन विद्यालय में उपस्थित रहने वाले बच्चों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

सम्मान समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी बिजेंद्र सिंह द्वारा माह अगस्त में शत प्रतिशत उपस्थिति वाले 12 छात्र छात्राओं को नोटबुक तथा पैन भेट कर सम्मानित किया तथा विद्यालय में गतिमान स्टीम लैब का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा समस्त छात्र छात्राओं को नियमित निर्धारित यूनिफार्म में प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया तथा विद्यालय में संचालित स्टीम लैब में शिक्षकों द्वारा कराई जा रही विभिन्न गतिविधियों/क्रियाओं के माध्यम से अपने आप को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने तथा वर्तमान में संचालित विभिन्न शैक्षिक ऐप तथा पोर्टल पर भी कार्य करने के लिए प्रेरित किया। पुरस्कृत छात्र छात्राओं में राधिका, जैद, मिस्टी, अष्टमी, नीरो, साबिया, रुचि, नीपू, कृष्णा, विवेक, मरियम, रूपाली आदि को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इंदु बैंस, कृपाल मलिक, अंजलि, अवधेश, वर्जिश आदि उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं को दी कौशल विकास की जानकारी



**सहारनपुर।** संकल्प हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन योजना के अन्तर्गत छात्र छात्राओं को कौशल विकास के प्रति जागरूक किया गया।

राजकीय आईटीआई में आयोजित कार्यक्रम में कहा गया कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना इंडिया मिशन का एक हिस्सा हैं जो युवाओं को उद्योग-सम्बंधित कौशल प्रशिक्षण प्रदान करके उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाने का लक्ष्य रखती है तथा उक्त के साथ ही उत्तर प्रदेश कौशल विकास योजना जिसका संचालन उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा किया जाता है।

कार्यक्रम में श्रीमती नेहा शर्मा, रोबिन सैनी आदि उपस्थित रहे।

# छह दिवसीय ओरिएंटेशन का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी उमाही में आयोजित नवागंतुक छात्रों हेतु छह दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आज समापन किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में संस्था के उपनिदेशक आशुतोष गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से उनके कोर्स से जुड़ी जानकारियां दी। उन्होंने छात्रों को कहा कि वह अब स्कूल की यात्रा पूरी करके कॉलेज में आ गए हैं तथा यहीं से उनके करियर का निर्माण होगा। उन्होंने छात्रों को अपने कोर्स में बहुत अच्छा कार्य करते हुए अपने करियर में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। संस्था की निदेशक डॉ अंजू वालिया ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह ओरिएंटेशन कार्यक्रम उन्हें ज्ञान, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता से सशक्त बनाने का अवसर है। उन्होंने छात्रों को स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को बताते हुए ष्उठो जागो और तब तक न रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाएष को बताते हुए आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित किया। दूसरे दिन छात्रों को उनकी परीक्षा एवं कोर्स से जुड़ी जानकारी डॉ तेज कुमार व अश्विनी कुमार अंकित ने दी। सूर्यकांत ने छात्रों को संस्था में चलाए जा रहे सर्टिफिकेट कोर्स के बारे में बताया। उदित चौहान ने छात्रों को सरकार द्वारा चलाए जा रहा है विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के बारे में बताया।





कार्यक्रम के तीसरे व चौथे दिन दिन छात्रों को विभिन्न गतिविधियों के साथ साथ मोटिवेशनल सौरभ लूथरा ने मोटिवेशनल लेक्चर देते हुए जीवन में आगे बढ़ाने व नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को मोबाइल फोन के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले नुकसानों एवं अच्छी मानसिक स्थिति को रखने हेतु कुछ टिप्स दिए। मंच संचालन डॉ नेहा शर्मा ने किया। कार्यक्रम में संस्था का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# शातिर ठग ले उड़ा महिला से पांच हजार रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** देहरादून रोड पर भारत धर्म कांटा के निकट हरिजन कॉलोनी निवासी रमेशो पत्नी प्रेम सिंह कंबोज के साथ एक शातिर ठग ने 5,000 रुपये की ठगी कर ली।

घटना मंगलवार दोपहर लगभग 2 बजे की है, जब रमेशो अपने किराएदार से 5,000 रुपये किराए की राशि लेकर घर लौट रही थी। रास्ते में एक साइकिल सवार व्यक्ति ने सब्सिडी दिलाने के बहाने रमेशो को बातों में उलझाया और उनके हाथ से 5,000 रुपये ले लिए। रमेशो का कहना है कि वह ठग की बातों में इस कदर उलझ गई कि उसे समझ ही नहीं आया कि कब उससे पैसे ले लिए गए। घटना से आहत रमेशो ने इसकी तहरीर फतेहपुर थाने में दी। थाना अध्यक्ष विनय शर्मा ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अनजान व्यक्तियों पर भरोसा करने से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस घटना ने क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

❒**सहारनपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री चरण सिंह के प्रतिमा के क्षतिग्रस्त चबूतरे के पत्थर के मरम्मत कराये जाने की मांग को लेकर आज अखिल उत्तर प्रदेश जाट महासभा का एक प्रतिनिधिमंडल अपर नगरायुक्त आयुक्त से मिला ओर उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा।

# आक्रोशित किसानों का हाईवे पर जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं का समस्याओं का निस्तारण न होने से आक्रोशित होकर हाइवे पर प्रदर्शन करते हुए जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही एसडीएम मौके पर पहुंची जहां किसानों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा।



मंगलवार को तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के ब्लाक अध्यक्ष चौधरी धर्मवीर गुर्जर के नेतृत्व में किसानों की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नरेश कुमार स्वामी ने कहा कि शासन प्रशासन की अनदेखी के कारण किसान विभिन्न समस्याओं से जूझ रहा है।उन्होंने कहा कि चीनी मिलों द्वारा किसानों के गन्ने का बकाया भुगतान कराया जाए, सड़कों पर घूम रहे आवारा गौवंश को गौशाला में भेजा जाए, इसके अलावा किसानों को मुफ्त बिजली व उनके कर्ज माफ किये जायें, एमएसपी को शीघ्र लागू किया जाए। बाजारों में धड़ल्ले से बिक रहे नकली पेस्टिसाइड व उर्वरक पर प्रतिबंध लगाया जाए, पूर्वी यमुना नहर की पटरी को गांव सलेमपुर से गांव कल्लरपुर गुर्जर तक पक्का बनाया जाए, एनएचएआई पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज को शीघ्र पूरा कराया जाए। सिंचाई विभाग अपर खंड के अंतर्गत गांव मुकंदपुर से गांव कल्लरपुर तक के मार्ग को प्रेस का बनाया जाए। समस्याओं के निस्तारण की माँग को लेकर किसानों ने हाइवे पर पहुंच कर प्रदर्शन व नारेबाजी करते हुए लगभग एक घंटे तक जाम लगाया। सूचना पर मौके पर पहुंची एसडीएम डॉ पूर्वा शर्मा ने किसानों को समझाते हुए जाम खुलवाया उसके बाद किसानों ने समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की माँग को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष चौधरी धर्मवीर गुर्जर, राजीव कश्यप, मांगेराम कश्यप, चौधरी सरवर प्रधान,ऋषिपाल सिंह, प्रधान शेरसिंह, गालिब, ठाकुर पवन सिंह आदि मौजूद रहे।

## चोरी का खुलासा

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने चोरी के दो मामलों में एक युवक को चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर लिया।

थाना अध्यक्ष विनय शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरिफ पुत्र खलील, निवासी ग्राम जलालपुर, थाना सिविल लाइन, रुड़की, जिला हरिद्वार को गिरफ्तार किया। मुन्तजिर पुत्र जमील, ग्राम रजापुर ने ट्यूबवैल से स्टार्टर और कटआउट के तार चोरी होने की शिकायत दर्ज की थी। वहीं, शमशाद पुत्र नजीर, निवासी खेड़ा कॉलोनी, छुटमलपुर ने घर में अलमारी से सोने-चांदी के जेवरात, दो कपड़े वाली पेटी और 55,000 रुपये नकद चोरी होने की तहरीर दी थी। पुलिस ने जांच के दौरान आरिफ के पास से चोरी का माल, जिसमें 5 ट्यूबवैल केबल के टुकड़े, दो जोड़ी पायजेब, दो जोड़ी बिछुवे, 7,000 रुपये नकद, एक पलास, दो छेनी, दो लोहे की चाबी और घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर बाइक बरामद किया।

# हमले के पांच आरोपी पुलिस ने पकड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जानलेवा हमले के आरोप में वाछित चल रहे पांच आरोपियों को थाना कोतवाली मंडी पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

थाना मंडी कोतवाली में अबरार पुत्र लियाकत निवासी मौहल्ला नदीम कटहल कालौनी खाताखेड़ी ने लिखित तहरीर में शारिक पुत्र शौकत, समद पुत्र शौकत, सुहैल पुत्र शौकत, शौकत पुत्र नामालूम, मोहसीन पुत्र नूरमौहम्मद, तासीम पुत्र लीमू उर्फ अलीमुद्दीन, जरीफ पुत्र काला, चुन्नू उर्फ फैसल पुत्र जरीफ, सुहैब पुत्र नूरमौहम्मद, मुस्कीम पुत्र नानू व नबाब समस्त निवासीगण मुस्तफाबाद थाना मंडी में उन पर व उनके के मौहल्ले के शफाकत अली पुत्र रिफाकत अली, अफजाल पुत्र लियाकत व गुलजार पुत्र लतीफ व कैफ पुत्र परवेज के साथ मारपीट कर जान से मारने की नियत से हमला करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आषीश तिवारी के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वाँछित/वारण्टी /शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम प्रभारी निरीक्षक रोजन्त त्यागी के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना मण्डी पुलिस टीम ने मुकदमा उपरोक्त में वाँछित चल रहे मुस्तकीम पुत्र नानू निवासी मुस्तफाबाद कॉलोनी खाता खेड़ी थाना मंडी, मोहसिन पुत्र नूर मोहम्मद निवासी मुस्तफाबाद कॉलोनी खाता खेड़ी, सुहेल पुत्र शौकत निवासी मुस्तफाबाद कॉलोनी खाता खेड़ी, सारिक पुत्र शौकत निवासी मुस्तफाबाद कॉलोनी खाता खेड़ी, नवाब पुत्र नूर मोहम्मद निवासी मुस्तफाबाद कॉलोनी खाता खेड़ी, को वाल्मीकि कालोनी के पास कब्रिस्तान के सामने से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।



**सम्पादकीय**

**बुधवार, 10 सितम्बर 2025**

# सुलग रहा नेपाल

जेन जी युवाओं का सोमवार को नेपाल में उठा हिंसक भवंडर मंगलवार को भी जारी रहा। आक्रोशित हजारों की संख्या में युवाओं ने नेपाल में बड़ी हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया। नेपाल का संसद भवन, राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री का आवास सहित दर्जनों महत्वपूर्ण ठिकानों को आग के हवाले कर दिया। इस बीच प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्हें सेना के एक हेलीकॉप्टर से अज्ञात सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया है। खबर तो यह भी आई थी कि नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पोडे ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया, लेकिन बाद में यह खबर सही साबित नहीं हुई। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को बातचीत के लिए बुलाया है। नेपाल की सेना ने भी ऐसे अवसर पर देश की आजादी, एकता और लोगों के जानमाल की रक्षा करने की बात कही है। नेपाली सेना का कहना है कि चाहे हालात कितने भी मुश्किल हों, हम उसका सामना करेंगे। सेना जेन जी के आंदोलन की घटनाओं पर बराबर नजर रखे हुए है। सेना ने यह भी कहा कि आंदोलन में लोगों और संपत्ति पर हुए भारी नुकसान पर सेना को बहुत दुख है।

प्रदर्शनकारी बेहद गुस्से में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने पूर्व पीएम झलनाथ खनाल के घर में भी आग लगा दी है। खबर आ रही है कि घर में उनकी पत्नी राज्यलक्ष्मी मौजूद थी, उस आग. जनी में वह गंभीर रूप से जल गई, जिसके चलते उनकी मौत हो गई। राजधानी काठमांडू और आसपास के इलाकों में हुई झड़पें और आगजनी में 22 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हैं। मंगलवार को पूर्व पीएम शेर बहादुर दोअबा, उनकी पत्नी विदेश मंत्री आरजू राणा को उनके घर में घुसकर पीटा गया। वित्त मंत्री को भी नहीं बख्शा गया। हालात इतने बिगड़ गए कि काठमांडू की जेल को भी अराजकता का शिकार होना पड़ा। नक्खू जेल से सभी 1500 कैदी फरार हो गए। सुप्रीम कोर्ट के भवन को भी आग के हवाले करने की खबर आ रही है। मतलब साफ है कि युवाओं की भीड़ ने किसी को भी नहीं बख्शा, जो सत्ता के सिरमोर केंद्र होते हैं सभी पर धावा बोला। हालांकि मंगलवार की शाम जेन जी युवाओं ने एक लेटर भी जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा कि सरकार को घुटनों पर ला दिया गया है और वे प्रदर्शनकारियों से शांत रहने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान न पहुंचाने की अपील कर रहे हैं। लेटर में यह भी कहा गया है कि यह देश अब उनकी लीडरशिप में आ गया है। पीएम ओली ने इस्तीफा दे दिया है हम अपना सुरक्षित भविष्य वाला नेपाल बना सकते हैं। जहां तक बात भारत की है, भारत ने भी नेपाल के घटनाक्रम पर सतर्कताभरी टिप्पणी की है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने जहां मरने वालों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है, वहीं घायलों के जल्द ही ठीक होने की कामना की है। भारत ने एक एडवाइजरी जारी की है, जिसमें भारतीयों से नेपाल न जाने के लिए कहा गया है। अभी यह सबकुछ धुंधला है। किसी की समझ में कुछ नहीं आ रहा है, लेकिन उम्मीद की जानी चाहिए कि नेपाल के हालात नियंत्रण में आएंगे जैसाकि राष्ट्रपति ने युवाओं को वार्ता के लिए बुलाकर अच्छी पहल की है।

## देश को धनखड़ के बोलने का इंतजार



केंद्र की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार द्वारा किसानों की घोर उपेक्षा और सत्ता में बैठे लोगों के अहंकार से पैदा खतरों आदि पर अपनी चिंता व्यक्त करने के बाद धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, पूर्व उपराष्ट्रपति ने बीते 50 दिनों से असामान्य चुप्पी साधी हुई है और देश उनके बोलने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है, आज जब उनके उत्तराधिकारी के लिए चुनाव प्रक्रिया चल रही है, तो देश उनके अभूतपूर्व और अप्रत्याशित इस्तीफे के बाद उनके बयान का इंतजार कर रहा है।

**-जयराम रमेश**
**कांग्रेस महासचिव**

# श्रीलंका व बांग्लादेश के बाद अब नेपाल



**यशोदा श्रीवास्तव**



सोशल मीडिया पर बैन के बहाने नेपाल के न्यू जेनरेशन के आंदोलन की आग से ओली सरकार का बच पाना मुश्किल जान पड़ता है। उनके नेतृत्व की मौजूदा सरकार पर संकट है ही, साल भर के भीतर होने वाले आम चुनाव में भी उनकी स्थिति कमजोर हो गई। लोकतांत्रिक देशों में जब भी कोई बड़ा आन्दोलन होता है तो उसके पीछे मूल कारण की समीक्षा करने के बजाय उसे विदेशी ताकत का लबादा ओढ़ाकर उड़ा दिया जाता है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत मे तो यह तो. हमत आम हो गया है। नेपाल जो भारत का नन्हा पड़ोसी राष्ट्र है वहां भी युवाओं के इस आंदोलन के पीछे विदेशी ताकतों का शह बताया गया।

आखिर वो कौन सी विदेशी ताकतें हैं जो नेपाल को अस्थिर करने के लिए ऐसे षड्यंत्र रच रहे हैं और उन्हें इसका फायदा क्या मिल सकता है? नेपाल में मुख्यत: दो देश है जो विकास और इमदाद के नाम पर नेपाल में अपना वर्चस्व जमाए रखने की कोशिश में रहते हैं। पहले नंबर पर भारत और दूसरे नंबर पर चीन है। भारत और चीन के लिए नेपाल का महत्व सामरिक दृष्टि से काफी मायने रखता है। नेपाल में जो भी सरकार होती है, वे अपने तरीके से भारत और चीन को साध ही लेती हैं। भारत और चीन भी अपने अपने तरीके से नेपाल को अपने पाले में खींचते रहते हैं, लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ कि भारत और चीन नेपाल को अस्थिर करने का प्रयास केवल इसलिए कर रहे हों कि नेपाल उनकी जी हुजूरी करने को मजबूर हो। एमसीसी परियोजना के नाम पर अमेरिका ने नेपाल में पांव पसारना शुरू किया है। इस परियोजना का विरोध ओली की पार्टी एमाले कर रही थी वह भी इसलिए कि उसके बिजली संयंत्र की लाइन भारत से होकर नेपाल पंहुच रही थी। इस तरह ओली का यह विरोध नेपाल से कम भारत से ज्यादा हुआ। अमेरिका के इस परियोजना को लेकर ओली सरकार अब खामोश है।

गौर करने की बात यह है नेपाली युवाओं और छात्रों के इस आंदोलन में आंदोलनकारियों के हाथ में ओली को अमेरिकी दलाल लिखी हुई तख्तियां भी थी। लिहाजा नेपाल के कुछ राजनीतिज्ञों का यह आरोप कि इस आंदोलन के पीछे अमेरिका है,वह सही नहीं है। आंदोलनकारियों ने प्रदर्शन के दौरान एक भी बार भारत और चीन का नाम नहीं लिया लिहाजा यह शंका भी निर्मूल है कि इसके पीछे भारत अथवा चीन है। मुमकिन है कि राजनीतिक दलों में बंटी नेपाल की जनता अमेरिका, भारत और चीन की नेपाल में दखल को पसंद न करती हो लेकिन इस आंदोलन में फिलहाल किसी दूसरे अथवा तीसरे देश का नाम दूर दूर तक नहीं है।तो फिर सवाल उठता है कि आखिर एकाएक लाखों की संख्या में युवा और छात्र ओली सरकार के खिलाफ उग्र कैसे हो उठे? नेपाल जब राजशाही के हवाले था तब की बातें छोड़ दें, इधर जबसे गणराज्य समर्थकों का शासन आया तब से नेपाल में क्या परिवर्तन हुआ,यह गौर करने की बात है। इस दौरान नेपाली जनता को लो. कतांत्रिक प्रणाली से वोट देने की अनुभूति के अलावा उसे कुछ भी हासिल नहीं हुआ।


नेपाल में हामी नेपाल नामक सामाजिक संगठन बहुत ही गोपनीय ढंग से सोशल मीडिया पर सक्रिय था जो युवाओं में काफी लोकप्रिय भी था। इसके कर्ताधर्ता सुदन गुरूंग सरकार के भ्रष्टाचार की ओर युवाओं का ध्यान आकर्षित कराते थे। सबसे बड़ी बात यह थी कि वे युवाओं के नेतृत्व की बात करते थे और सदियों से सत्ता पर काबिज बुजुर्ग नेताओं को निष्प्रयोज्य बताते थे। सोशल मीडिया पर हामी नेपाल की लोकप्रियता इतनी थी कि यह करोड़ों युवाओं और छात्रों का पसंदीदा प्लेटफॉर्म बन गया। ओली सरकार इससे घबराई हुई थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बैन की यह भी एक वजह हो सकती है। सोशल मीडिया पर बैन से करोड़ों युवाओं के गुस्से को भांपते हुए सुदन गुरूंग ने डिस्कार्ड और वीपीएन डिजिटल टूल्स के माध्यम से युवाओं से विरोध प्रदर्शन की अपील की। यह दुनिया का ऐसा आंदोलन साबित हुआ है जो बिना किसी नेतृत्व के किसी सरकार को हिला कर रख दिया। युवाओं के आंदोलन की धार को देखते हुए राजनीतिक विश्लेषक इसे लंका और बंग्लादेश के बाद नेपाल में भी तख्तापलट की संभावना की दृष्टि से देखते हैं।इस पूरे आंदोलन में 22 साल से 30 साल के युवा ही सक्रिय थे जिनके चेहरों पर बुजुर्ग ओली सरकार से निराशा का भाव साफ झलक रहा था। काफी संभावना है कि युवाओं के इस आंदोलन के समर्थन में विभिन्न पार्टियों के युवा सांसद भी आगे आएं। नेपाल में मंहगाई चरम पर है, शिक्षा गरीब लोगों से दूर होती जा रही है और बेरोजगार युवा दर दर भटकने को मजबूर हैं। वे दूसरे देशों में पलायन को मजबूर हैं जहां उन्हें हिकारत की .ष्टि से देखा जाता है। पढ़े लिखे नेपाली युवकों को भी लेबर के काम में लगा दिया जाता है। नेपाल में रोजगार है नहीं। युवाओं में केवल ओली की सरकार के प्रति नहीं, इसके पहले की सरकारों के प्रति भारी गुस्सा है क्योंकि वे भी केवल वादा और लोकलुभावन घोषणाएं कर सत्ता हासिल करती रही हैं। कहना न होगा कि नेपाल के युवाओं और छात्रों का लोकतंत्र से विश्वास उठता चला गया। लोकतांत्रिक प्रणाली के राजनीतिक दलों में भ्रष्टाचार की एक से बढ़कर एक कहानियां है। कोई भी राजनीतिक दल ऐसा नहीं है जिसके हाथ भ्रष्टाचार से न सने हों। नेपाली कांग्रेस के गठबंधन में ओली सरकार के तमाम मंत्रियों पर बड़े-बड़े भ्रष्टाचार के आरोप हैं। नकली भूटानी शरणार्थियों को अमेरिका सिफ्ट कराने में नेपाली कांग्रेस और एमाले के नेताओं ने करोड़ों की कमाई की। दोनों दलों के कई बड़े नेता, मंत्री या जेल में हैं या जमानत पर हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के यूजर युवा ही हैं। नेपाल में इनकी संख्या एक करोड़ के आसपास है। रजिस्ट्रेशन के नाम पर ओली सरकार ने संक्षिप्त नोटिस के बाद कुछ दिन पहले करीब 28 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बैन कर दिया। इस बैन पर सरकार के अपने फायदे हो सकते हैं लेकिन उन करोड़ों युवाओं को क्या फायदा है जिनकी दिनचर्या सोशल मीडिया पर ही गुजरती हो। ओली सरकार यह समझने में चूक गई लिहा. जा उसे ऐसे विरोध का सामना करना पड़ा जो शायद नेपाल के इतिहास में पहले कभी न देखा गया हो। राजशाही के खिलाफ जन युद्ध को छोड़कर। काठमांडू से शुरू युवाओं का यह आंदोलन कुछ ही घंटे में नेपाल के मैदानी इलाकों तक पहुंच गया। ओली सरकार के पास इस पर नियंत्रण के लिए पुलिस और सेना के इस्तेमाल के अलावा कोई और चारा नहीं था। काठमांडू में संसद परिसर में उग्र आंदोलनकारियों का प्रवेश कर जाना बड़ी घटना है। इसे रोकने के लिए पुलिस और सेना के जवानों को गोली चलाने को मजबूर होना पड़ा। यहां के गोली बारी की घटना ने आग में घी का काम किया जो पूरे नेपाल में फैल गया। पुलिस और सेना की गोली बारी में सरकारी आंकड़ों में 19 लोगों की मौत और तीन सौ आंदोलनकारियों का घायल होना बताया गया है लेकिन हकीकत में यह संख्या कुछ और है। इसके पहले किसी आंदोलन में इतनी बड़ी संख्या में न तो लोग मारे गए थे और न ही घायल हुए थे। दमनकारी रवैया अपना कर ओली सरकार भले ही इस आंदोलन को कुचलने में कामयाब हो जाय लेकिन आज नहीं तो कल युवाओं के इस आंदोलन की आग में उसे जलकर झुलसना तय है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# वैज्ञानिकों ने की हकलाने के जीन की तलाश

**इस जीन का सम्बंध शुरुआती तंत्रिका विकास से देखा गया है और इसके परिवर्तित रूप शिजोफ्रे. निया, मिर्गी, और मल्टीपल स्क्लेरोसिस से जुड़े पाए गए हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसका सम्बंध संगीत की ताल के साथ ताली देने में दिक्कत से देखा गया है। यह शोध का विषय रहा है कि ताल के साथ कदमताल न कर पाने का सम्बंध हकलाने से हो सकता है और यह अध्ययन इसे बल देता है। अध्ययन में चिंहित 20 जीन्स एक और सुराग देते हैं। इनका सम्बंध पहले भी ऑटिज्म, एकाग्रता के अभाव व अति-सक्रियता वगैरह से देखा गया है। यानी संभव है कि इन सबमें एक से विकास पथ शामिल हैं।**

आम तौर पर हकलाने को एक व्यवहारगत दिक्कत माना जाता है और डांट-फटकारकर उसे दुरुस्त करने के प्रयास किए जाते हैं या उस व्यक्ति को शांत रहकर अपनी वाणि पर नियंत्रण करने की सलाह दी जाती है। हकलाने की समस्या दुनिया भर में लगभग 1 प्रतिशत लोगों को परेशान करती है। ए 7 करोड़ लोग विभिन्न भाषाएं बोलते हैं और विभिन्न पूर्वज समुदायों के वंशज हैं। यह समस्या आम तौर पर शुरुआती बचपन में शुरू होती है और अधिकांश लोग जल्दी ही इससे उबर जाते हैं लेकिन कुछ लोग बड़प्पन में प्रभावित रहते हैं। दशकों के अनुसंधान से पता चला है कि हकलाना एक अनैच्छिक दिक्कत है और यह विरासत में भी मिल सकती है। इसके कारणों पर से कुछ धुंध छंटी है। इसमें एक कंपनी 23andMe के पास उपलब्ध सूचना से मदद मिली है। यह कंपनी डीएनए सम्बंधी निजी मदद करती है। लगभग 11 लाख लोगों के डीएनए के 57 खंडों को पहचाना गया है जिनके बारे में अंदाज था कि उनका सम्बंध हकलाने से है। नेचर जेनेटिक्स में प्रकाशित इस अध्ययन में बताया गया है कि इसमें जो जीन्स शामिल हैं उनका सम्बंध दिमाग के कामकाज और लय-ताल के एहसास से है। अध्ययन से यह भी लगता है कि शायद हकलाने का सम्बंध ऑटिज्म और अवसाद जैसे स्थितियों से भी है। माना जा रहा है कि इस खोज से हमें हकलाने के जैविक कारकों और उसके उपचार के लिए दिशा मिलेगी।



2000 के दशक की शुरुआत में शोधकर्ताओं के पास न तो इतना बड़ा जेनेटिक डैटाबेस था और न ही उसके विश्लेषण के लिए सशक्त कंप्यूटर थे कि वे आम आबादी में हकलाने का सम्बंध जीन्स से खोज सकें। लिहाजा वे पाकिस्तान और अफ्रीका के एकरूप समुदायों में जेनेटिक पैटर्न पर ध्यान देते थे। उन्होंने कुछ संभावित डीएनए खंड और कुछ उत्परिवर्तन खोजे भी थे। लेकिन उन छोटे-छोटे अध्ययनों को सामान्य आबादी पर लागू करना संभव नहीं था।

ताजा अध्ययन में शोधकर्ताओं ने 23andMe की मदद ली। उन्होंने दो समूहों के लोगों के जेनेटिक पैटर्न की तुलना की - 99,076 ऐसे लोग जिन्होंने कहा था कि वे हकलाते हैं और 9,81,944 ऐसे लोग थे जिन्होंने 'ना' कहा। इस तुलना के परिणामस्वरूप 57 ऐसे जेनेटिक खंड निकले जो थोड़ी हद तक हकलाने की संभावना बढ़ा सकते हैं। यानी हकलाना एक जटिल, बहुजीन आधारित समस्या है, अनिद्रा और टाइप-2 मधुमेह के समान। इस अध्ययन में कुछ जीन्स ऐसे भी पहचाने गए हैं जो शायद यह समझने में मदद करें कि हकलाने की समस्या की उत्पत्ति कहां से होती है। ऐसा सबसे सशक्त संकेत VRK2 जीन में मिला। इस जीन का सम्बंध शुरुआती तंत्रिका विकास से देखा गया है और इसके परिवर्तित रूप शिजोफ्रेनिया, मिर्गी, और मल्टीपल स्क्लेरोसिस से जुड़े पाए गए हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसका सम्बंध संगीत की ताल के साथ ताली देने में दिक्कत से देखा गया है। यह शोध का विषय रहा है कि ताल के साथ कदमताल न कर पाने का सम्बंध हकलाने से हो सकता है और यह अध्ययन इसे बल देता है। अध्ययन में चिंहित 20 जीन्स एक और सुराग देते हैं। इनका सम्बंध पहले भी ऑटिज्म, एकाग्रता के अभाव व अति-सक्रियता वगैरह से देखा गया है। यानी संभव है कि इन सबमें एक से विकास पथ शामिल हैं। अध्ययन से एक बात तो साफ है। हकलाना कोई व्यवहारगत या भावनात्मक समस्या नहीं है और इसकी बुनियाद में तंत्रिका का कामकाज है। वैसे इस अध्ययन की कई सीमाएं हैं। इसमें पुरुषों की भागीदारी ज्यादा थी और एशियाई तथा अफीकी लोगों का प्रतिनिधित्व भी कम था। शोधकर्ताओं का कहना है कि वे फिलहाल कोई 'ऑन-ऑफ' स्विच नहीं दे सकते। बहरहाल, यह अध्ययन हकलाने के साथ जुड़े सामाजिक पूर्वाग्रहों और धारणाओं को दूर करने में जरूर मदद कर सकता है।

**-स्रोत फीचर्स**

# मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात करने का समय

**योगेश कुमार गोयल**



विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से प्रतिवर्ष 10 सितम्बर को दुनियाभर में तेजी से बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के उद्देश्य से विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है। इस दिवस की शुरुआत इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रिवेंशन द्वारा 2003 में की गई थी। इन दिन एक पीले रंग के रिबन को प्रतीक के रूप में पहना जाता है, जो इस बात को फैलाने में मदद करने के लिए पहना जाता है कि आत्महत्या की रोकथाम के बारे में बोलने से लोगों की जान बचाई जा सकती है। इस दिवस को मनाने का प्रमुख उद्देश्य आत्महत्या करने वाले व्यक्ति के व्यवहार पर शोध करना, जागरुकता फैलाना और डेटा एकत्रित करना है।



दरअसल डब्ल्यूएचओ के मुताबिक दुनिया में हर 40 सैकेंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता है यानी प्रतिवर्ष दुनियाभर में करीब आठ लाख लोग आत्महत्या के जरिए अपनी जीवनलीला खत्म कर डालते हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में आत्महत्या के मामले 15 से 29 वर्ष के लोगों में होते हैं जबकि आत्महत्या का प्रयास करने वालों का आंकड़ा इससे बहुत ज्यादा है। प्रतिवर्ष विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की एक थीम निर्धारित की जाती है। आत्महत्या रोकथाम दिवस की 2025 की थीम है आत्महत्या पर कहानी बदलना। इस थीम का उद्देश्य आत्महत्याओं को रोकने के लिए कलंक को कम करने और खुली बातचीत को प्रोत्साहित करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। लोगों में अवसाद निरन्तर बढ़ रहा है, जिसके चलते ऐसे कुछ व्यक्ति आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठते हैं। लोगों में जीवन से निराश होकर आत्महत्या की बढ़ती दुष्प्रवृत्ति गंभीर चिंता का सबब बन रही है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में 79 फीसदी आत्महत्या निम्न और मध्यवर्ग वाले देशों के लोग करते हैं और इसमें बड़ी संख्या ऐसे युवाओं की होती है, जिनके कंधों पर किसी भी देश का भविष्य टिका होता है।

हालांकि बीते वर्षों में दुनियाभर में खुदकुशी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं लेकिन भारत में आत्महत्याओं का आंकड़ा काफी चिंताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो एनसीआरबी ने वर्ष 2022 में भारत में आत्महत्या के मामलों को लेकर जारी अपनी रिपोर्ट में बताया था कि वर्ष 2022 में भारत में कुल 170924 लोगों ने आत्महत्याएं की जबकि 2021 में भारत में 164033 लोगों ने आत्महत्या की थी।

एनसीआरबी के मुताबिक आत्महत्या की घटनाओं के पीछे पेशेवर या कैरियर संबंधी समस्याएं, अलगाव की भावना, दुर्व्यवहार, हिंसा, पारिवारिक समस्याएं, मानसिक विकार, शराब की लत, वित्तीय नुकसान, पुराने दर्द इत्यादि मुख्य कारण हैं। आज छात्र अपनी शिक्षा एवं भविष्य को लेकर गहरे असमंजस में हैं। किसी को कैरियर या नौकरी की चिंता सता रही है तो कोई वित्तीय संकट से जूझ रहा है। तनाव के दौर में निजी रिश्तों में भी खटास बढ़ी है और आमजन में नकारात्मक विचारों का बढ़ता प्रवाह तथा उपरोक्त चिंताएं कई बार अवसाद का रूप ले लेती हैं, जिसके चलते कुछ लोग परेशानियों से निजात पाने के लिए आत्महत्या का खतरनाक रास्ता चुन लेते हैं। जब कोई व्यक्ति ज्यादा बुरी मानसिक स्थिति से गुजरता है तो एकाएक अवसाद में चला जाता है और इसी अवसाद के कारण ऐसे कुछ लोग आत्महत्या कर लेते हैं, जिसका उनके परिवार के साथ-साथ समाज पर भी बहुत नकारात्मक असर पड़ता है। विशेषज्ञों के मुता. बिक अवसाद और तनाव के कारण ही लोगों में आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ रही है और जब व्यक्ति को परेशानियों से बाहर निकलने का कोई मार्ग नजर आता, ऐसे में वह आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठता है। हालांकि जिन लोगों का मनोबल मजबूत होता है, वे प्राय: विकट परिस्थितियों से उबर भी जाते हैं लेकिन अवसाद के शिकार कुछ लोग विषम परिस्थितियों से लड़ने के बजाय हालात के समक्ष घुटने टेक स्वयं को मौत के हवाले कर देते हैं।


मनोचिकित्सकों के अनुसार आत्महत्या करना काफी गंभीर समस्या है और आत्महत्या करने के पीछे अधिकांशत: अवसाद को ही जिम्मेदार ठराया जाता है, जो ऐसे करीब 90 फीसदी मामलों का प्रमुख कारण भी है लेकिन सभी आत्महत्याओं के लिए अवसाद को ही पूरी तरह जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। उनके मुता. बिक आत्महत्या करने का विचार किसी इंसान के अंदर तब पनपता है, जब वह किसी मुश्किल से बाहर नहीं निकल पाता। मनुष्य जीवन को संसार में सबसे अनमोल माना गया है क्योंकि हमारा यह जीवन एकमात्र ऐसी चीज है, जिसे हम दोबारा नहीं पा सकते। बहरहाल, यदि कभी जरूरत से ज्यादा तनाव अथवा किसी मानसिक बीमारी का अहसास हो तो तुरंत किसी मनोचिकित्सक से मिलकर अपनी परेशानियों के बारे में खुलकर बात करें।

केन्द्र सरकार द्वारा अगस्त 2020 में एक मेंटल हैल्थ रिहैबिलिटेशन हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया था, जिस पर कॉल करके ऐसी स्थिति में मदद या काउंसलिंग की मांग की जा सकती है। इसके अलावा भी कई सुसाइड हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग आत्महत्या की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए किया जा सकता है। लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलाकर भी आत्महत्या जैसे मामलों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। किसी भी व्यक्ति के मन में आत्महत्या का विचार आए ही नहीं, ऐसा वातावरण तैयार करना परिवार के साथ-साथ समाज की भी बड़ी जिम्मेदारी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बड़ा बदलाव: भारत पर चीन ने US टैरिफ को बताया सरासर गलत

## ब्रिक्स से जिनपिंग बोले: व्यापार युद्ध को मिलकर दें जवाब



■ राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत में यह मुद्दा उठाया
■ टैरिफ को बताया अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियमों का उल्लंघन

**बीजिंग।** भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ को लेकर चीन ने कड़ा विरोध जताया है। भारत में चीन के राज. दूत शू फेहोंग ने सोमवार को अमेरिका की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि वाशिंगटन व्यापार को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका लंबे समय से मुक्त व्यापार का लाभ लेता आया है, लेकिन अब अनुचित टैरिफ लगाकर वैश्विक व्यापार व्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहा है। इसके साथ ही चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग ने भी ब्रिक्स से अमेरिका की कड़ी आलोचना की। द्वितीय विश्व युद्ध में जापान पर चीन की जीत की 80वीं वर्षगांठ पर आयोजित एक सेमिनार में राजदूत शू ने कहा कि भारत पर लगाया गया 50 प्रतिशत टैरिफ अनुचित और अकारण है। चीन इसका कड़ा विरोध करता है।

उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत में यह मुद्दा उठाया। उस दौरान मोदी ने कहा था कि भारत-चीन सहयोग 21वीं सदी को एशियाई सदी बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। चीन का मानना है कि अमेरिका की टैरिफ नीति न केवल भारत बल्कि समूचे वैश्विक दक्षिण की अर्थव्यवस्था के लिए खतरा है। अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ युद्ध गहराने के बीच चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सोमवार को ब्रिक्स देशों से एकजुट होकर इन चुनौतियों का सामना करने की अपील की। ब्रिक्स नेताओं की बैठक को वीडियो लिंक के जरिए संबोधित करते हुए जिन. पिंग ने कहा कि वाशिंगटन की ओर से थोपे गए टैरिफ न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था को बाधित कर रहे हैं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियमों का भी उल्लंघन करते हैं। उन्होंने सीधे तौर पर अमेरिका या राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का नाम लिए बिना कहा कि आज दुनिया जिस तेज़ी से बदलाव देख रही है, वह सदी में एक बार होता है। ऐसे समय में आधिपत्यवाद और संरक्षणवाद लगातार बढ़ रहे हैं।

### ट्रेड पॉलिसी निष्पक्ष और सबके फायदे वाली हो: जयशंकर

■ ब्रिक्स समिट में ट्रम्प का नाम लिए बिना विदेश मंत्री कहा: दिक्कतें खड़ी करने से फायदा नहीं

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर सोमवार को ब्रिक्स समिट की इमरजेंसी वर्चुअल समिट में शामिल हुए। इस दौरान जयशंकर ने कहा: ट्रेड पालिसी निष्पक्ष, पारदर्शी और सभी के फायदे वाली होनी चाहिए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का नाम लिए बिना जयशंकर ने कहा कि दिक्कतें खड़ी करने और लेन-देन को मुश्किल बनाने से कोई फायदा नहीं मिलेगा। व्यापार को हमेशा सुगम बनाना चाहिए। वर्चुअल समिट में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डि सिल्वा भी शामिल हुए। पहले बैठक में पीएम मोदी शामिल होने की खबर भी थी। इस समिट का मकसद अमेरिका की टैरिफ नीतियों से पैदा हुई व्यापारिक चुनौतियों पर चर्चा करना था।

### कई देशों और संरा ने नेपाल में हुई हिंसा व मौतों पर किया दुख व्यक्त

**काठमांडू।** ऑस्ट्रेलिया, फिनलैंड, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन और अमेरिका ने नेपाल में जेन जेड् के विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा और जान-माल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया है। एक संयुक्त बयान में इन देशों ने कहा कि हम काठमांडू और नेपाल के अन्य हिस्सों में हुई हिंसा, जिसमें प्रदर्शनों के दौरान हुई जान-माल की दुखद हानि और घायलों की संख्या भी शामिल है, से बेहद दुखी हैं। हम पीड़ितों के परिवारों और सभी प्रभावित लोगों के प्रति अपनी गहरी संवे. दना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हैं।




नई दिल्ली। स्थित संसद परिसर में उपराष्ट्रपति चुनाव में अपना वोट डालती कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी

## रूस ने पूर्वी यूक्रेन पर ग्लाइड बम से किया भीषण हमला

**कीव/मास्को।** अलास्का में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई वार्ता के बाद रूस की ओर से यूक्रेन पर एक के बाद एक भीषण हमले किए जा रहे है।

मंगलवार को रूस द्वारा पूर्वी यूक्रेन के एक गांव पर ग्लाइड बम से किए गए हमले में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि मंगलवार को पेंशन वितरण के दौरान पूर्वी यूक्रेन के एक गांव पर रूसी ग्लाइड बम गिरा, जिसमें 20 से ज्यादा नागरिक मारे गए। जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि बम डोनेट्स्क क्षेत्र के



■ हमले में कम से कम 21 की मौत

यारोवा गांव में गिरा। उन्होंने हमले को बहुत ही क्रूर बताया है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया कि वे रूस पर अतिरिक्त प्रतिबंधों के जरिए उसके आक्रमण की आर्थिक कीमत चुकाएं। ज़ेलेंस्की ने लिखा, दुनिया को चुप नहीं रहना चाहिए। दुनिया को निष्क्रिय नहीं रहना चाहिए। अमेरिका को प्रतिक्रिया की जरूरत है। यूरोप को प्रतिक्रिया की जरूरत है। जी-20 को प्रतिक्रिया की जरूरत है। रूस को मौत का तांडव मचाना बंद करने के लिए कड़ी कार्रवाई की ज़रूरत है। हाल के महीनों में अमेरिका के शांति प्रयासों में कोई प्रगति नहीं होने के कारण रूस ने यूक्रेन पर हवाई हमले तेज कर दिए हैं। रविवार को रूस ने राजधानी कीव पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। जो 24 फरवरी, 2022 को युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला था।

## संक्षिप्त समाचार

### नाइजीरियाई सैनिकों ने किए 23 संदिग्ध आतंकी ढेर

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तरी राज्य कात्सिना में सैनिकों के साथ हुई मुठभेड़ में कम से कम 23 संदिग्ध आतंकवादी मारे गए। स्थानीय मीडिया ने सोमवार को सेना मुख्यालय के एक सूत्र के हवाले से यह जानकारी दी। नाइजीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार सैनिकों ने शनिवार को कात्सिना के कंकारा स्थानीय सरकारी क्षेत्र के पाउवा गांव में संदिग्ध आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान महिलाओं और बच्चों सहित 26 अपहृत पीड़ितों को भी बचाया।

### अफगान में विस्फोट एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत

**काबुल।** पश्चिमी अफगानिस्तान के फराह प्रांत में एक विस्फोट में एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत हो गई है। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता अब्दुल मलिक ओसामा ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि बाला बुलुक जिले में सोमवार दोपहर एक घर में विस्फोट होने से एक दंपत्ति और उनके छह बच्चों की मौत हो गई है। उन्होंने हालांकि कोई और जानकारी नहीं दी लेकिन बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

### कांगो में खूनी हमला: विद्रोही हमले में कम से कम 60 की मौत

**गोमा।** कांगो के पूर्वी हिस्से में इस्लामिक स्टेट से जुड़े विद्रोही गुट ने सोमवार रात भीषण हमला किया, जिसमें कम से कम 60 लोगों की जान चली गई। यह हमला नार्थ किवू प्रांत के नटोयो गांव में तब हुआ जब ग्रामीण एक अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए इकट्ठा हुए थे। हमले के बारे में स्थानीय प्रशासक कर्नल एलेन किवेवा ने जानकारी दी।

### नेपाल सरकार और प्रदर्शनकारी शांतिपूर्ण तरीके से करें चर्चा: संरा

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने नेपाल में सरकार और प्रदर्शनकारियों के बीच जारी संघर्ष के बीच दोनों पक्षों से शांतिपूर्ण तरीके से वार्ता के जरिये हल निकालने की अपील की है। गुटेरेस की ओर से मंगलवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र नेपाल की स्थिति को लेकर चिंतित है और उस पर नजर बनाए हुए है।

## यूपीआई ने वैश्विक पोस्टल यूनियन से मिलाया हाथ

■ वैश्विक डाक-सेवा संघ यूपीयू के समन्वय से चलाई जाने वाली परियोजना का उद्घाटन

**दुबई/नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने दुबई में आयोजित 28वें यूनिवर्सल पोस्टल कांग्रेस में भारत की मोबा. इल ऐप आधारित डिजिटल भुगतान प्रणाली यूपीआई और वैश्विक डाक-सेवा संघ यूपीयू के समन्वय से चलाई जाने वाली परियोजना का ऐतिहासिक शुभारंभ किया।

उन्होंने वैश्विक स्तर पर डाक सेवा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए तकनीकी नवाचार के लिए भारत की ओर से एक करोड़ डालर के योगदान की घोषणा की। मंगलवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार यह ऐतिहा. सिक पहल विश्वभर के करोड़ों लोगों के लिए सीमा-पार धन प्रेषण की प्रक्रिया में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह तकनीक भारत के डाक विभाग, एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड और यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन के सहयोग से विकसित की गई है। इस परियोजना में भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस को यूपीयू इंटरकनेक्शन प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया है, जिससे डाक नेटवर्क की पहुंच और यूपीआई की गति और किफ़ायत का अद्वितीय संयोजन स्थापित हुआ है। सिंधिया ने कहा कि यह केवल एक प्रौद्योगिकी आधारित सेवा की शुरुआत नहीं है, बल्कि एक सामाजिक संकल्प है।

## मानहानि केस में ट्रम्प को राहत नहीं

### देने होंगे 733 करोड़, सुप्रीम कोर्ट आव्रजन पर सख्ती से सहमत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को एक मानहानि के मामले में कोर्ट ने राहत देने से इन्कार कर दिया। जीन कैरोल के मानहानि मामले में संघीय अदालत ने जूरी का फैसला बरकरार रखा। अदालत ने राष्ट्रपति पद की प्रतिरक्षा संबंधी दलील खारिज करते हुए साफ किया कि उन्हें पीड़िता को 733 करोड़ रुपये देने ही होंगे।

दरअसल, 2019 में कैरोल (81) ने ट्रम्प पर 1996 में बर्गडार्फ गुडमैन डिपार्टमेंट स्टोर के ड्रेसिंग रूम में हमला करने का आरोप लगाते हुए मानहानि का मुकदमा किया था। 79 वर्षीय ट्रम्प ने पहली बार जून 2019 में उनके दावे का खंडन किया था। उन्होंने कहा था कि कैरोल मेरे टाइप की नहीं हैं। उसने अपनी किताब- हमें पुरुषों की क्या जरूरत है? को बेचने के लिए यह कहानी गढ़ी थी। अब न्यूयॉर्क की एक संघीय अपील अदालत ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ 733 करोड़ रुपये मानहानि



के जूरी के फैसले को खारिज करने से इन्कार कर दिया। मैनहट्टन स्थित द्वितीय अमेरिकी सर्किट अपील न्यायालय ने ट्रम्प के इस तर्क को खारिज कर दिया कि जनवरी 2024 के फैसले को पलटना चाहिए, क्योंकि वे राष्ट्रपति पद के लिए प्रतिरक्षा के हकदार हैं। तीन न्यायाधीशों की सर्वसम्मत समिति ने अहस्ताक्षरित निर्णय में कहा कि मामले का रिकार्ड जिला न्यायालय के इस निर्णय का समर्थन करता है। कोर्ट ने कहा कि ट्रम्प के आचरण की निंदनीयता का स्तर उल्लेखनीय रूप से उच्च और संभवत: अभूतपूर्व था। मई 2023 में एक अलग जूरी ने ट्रम्प को कैरोल के प्रति यौन शोषण और मानहानि का दोषी पाया था, लेकिन दुष्कर्म का नहीं और उन्हें 50 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया था। अपील अदालत ने जून में उस फैसले को बरकरार रखा था। एक अन्य अहम मामले में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सख्त आव्रजन ख्रष्टिकोण का समर्थन किया है। इसके तहत आप्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। अमे. रिकी शीर्ष अदालत ने सुरक्षा एजेंसियों को दक्षिणी कैलिफोर्निया में लोगों को नस्ल या भाषा के आधार पर निर्वासित करने के लिए छापे मारने की अनुमति दे दी। शीर्ष अदालत ने यह फैसला 6.3 की बहुमत से सुनाया। तीन उदारवादी जजों ने सार्वजनिक रूप से निर्णय पर असहमति जताई।

### इजरायल ने गाजा में लोगों को शहर खाली करने का दिया आदेश

**यरूशलम।** इजरायली सेना ने मंगलवार को गाजा शहर में एक बड़े हमले से पहले शहर खाली करने का आदेश दिया और यह चेतावनी भी दी कि जो लोग बचे हैं उन्हें गंभीर खतरा है। इजरायली सेना के प्रवक्ता अविचाय अद्राई ने एक्स पर लिखा कि सेना इस क्षेत्र में पूरी ताकत से कार्रवाई करेगी। लगभग 10 लाख निवासियों से दक्षिण में अल-मवासी की ओर जाने का आग्रह किया गया है जिसे इजरायल ने मानवीय क्षेत्र घोषित किया है। अद्राई ने कहा कि शहर में रहना बेहद खतरनाक है। इजरायल ने यह आदेश हमास द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से पेश किए गए नए गाजा युद्धविराम प्रस्ताव के बाद बातचीत शुरू करने के लिए तैयार होने की घोषणा के एक दिन बाद दिया है।

## राजशाही के अंत के बाद बदले सियासी हालात

### पिछले सत्रह सालों से राजनीतिक अस्थिरता और अनिश्चितता से ही जूझता रहा है नेपाल

■ नेपाल में बाहरी ताकतों की दखलंदाजी के कारण भी अस्थिरता का माहौल बनता रहा है

**नई दिल्ली।** भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिमालई देश नेपाल में राजशाही समाप्त होने के बाद से पिछले सत्रह वर्षों में राजनीतिक अस्थिरता और अशांति का दौर रहा है और इस अल्पावधि में देश में दस से भी अधिक बार सरकारें बदली हैं।

दो बड़े देशों चीन और भारत से घिरे नेपाल की राजनीति और विदेश नीति इन दोनों देशों के साथ उसके संबंधों से प्रभावित रही है और अलग-अलग सरकारों को दोनों देशों के बीच संतुलन साधने की चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। नेपाल में बाहरी ताकतों की दखलंदाजी के कारण भी अस्थिरता का माहौल बनता रहा है। करीब तीन करोड़ की आबादी वाले नेपाल में एक दशक तक चले गृह युद्ध के बाद 239 वर्ष पुरानी राजशाही का अंत होने के साथ वर्ष 2008 में गणतंत्र की स्थापना हुई थी। पिछले सत्रह वर्षों में देश ने कई विरोध प्रदर्शनों के कारण बार-बार अस्थिरता और अनिश्चितता का सामना किया और औसतन हर एक-दो साल में सरकार बदलती रही। इस दौरान देश में 13 बार प्रधानमंत्री के स्तर पर सत्ता परिवर्तन हुआ। निवर्तमान प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली चार बार, पुष्प कमल दहल प्रचंड तीन बार और शेर बहादुर देउबा दो बार प्रधानमंत्री रहे। देश में राजनीतिक अस्थिरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि किसी भी प्रधानमंत्री ने अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया। मौजूदा घटनाक्रम इसी कड़ी का हिस्सा है। देश में लंबे समय से व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर सरकार के खिलाफ लोगों का गुस्सा पहले से ही सुलग रहा था और सरकार के सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने के आदेश के बाद विशेष रूप से युवाओं जिन्हें 'जेनरेशन जेड' कहा जा रहा है का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। युवा आबादी के सड़कों पर उग्र विरोध प्रदर्शन ने विद्रोह का रूप ले लिया। दो दिन के उग्र प्रदर्शनों के बाद प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा। इससे पहले उनके कुछ मंत्रियों ने भी इस्तीफा दे दिया था। उग्र भीड़ ने संसद भवन तथा राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के निजी आवासों पर तोड़फोड़ तथा आग. जनी की। प्रदर्शन के दौरान सोमवार को पुलिस की कार्रवाई में 20 लोगों की मौत हो गई और करीब साढे तीन सौ लोग घायल हो गए। सरकार ने सोमवार को ही सोशल मीडिया पर पाबंदी हटा ली थी लेकिन इसके बावजूद प्रदर्शनकारी शांत नहीं हुए और आज फिर सड़कों पर उतर आये और प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग की।

### ऑस्ट्रेलिया में महिला ने तीन लोगों को जहरीले मशरूम खिलाकर की हत्या

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया की एक महिला एरिन पैटरसन ने जहरीले मशरूम खिलाकर तीन लोगों की हत्या कर दी और चौथे को मारने की कोशिश की। कोर्ट ने उसे उम्रकैद की सजा दी है। इसमें 33 साल तक पैरोल की कोई संभावना नहीं। सुप्रीम कोर्ट में जज क्रिस्टोफर बेल ने सोमवार को यह सजा सुनाई। पैटरसन ने जुलाई 2023 में अपने पूर्व पति साइमन के माता-पिता डान और गेल पैटरसन के साथ साइमन की मौसी हीदर विल्किंसन और उनके पति इयान विल्किंसन को अपने घर पर लंच पर बुलाया। उसने जानबूझकर खाने में जहरीले मशरूम (डेथ कैप मशरूम) मिलाकर परोसा।

## अफगान में भीषण भूकंप से 49 गांवों में 5230 घर तबाह

■ 362 गांवों तक नहीं पहुंच सकी यूएन की मदद

**न्यूयार्क।** अफगानिस्तान के पहाड़ी इलाकों में हाल ही में आए विनाशकारी भूकंप ने बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक 49 गांवों में 5230 घर पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं और 672 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं।

लेकिन 441 प्रभावित गांवों में से 362 गांवों तक अभी तक राहत और बचाव टीमें पहुंच ही नहीं पाई हैं। बता दें कि, यह भूकंप 31 अगस्त को आया था, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.0 मापी गई। अब तक कम से कम 2,200 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। अधिकारियों का कहना है कि जैसे-जैसे मलबे से शव निकाले जाएंगे, मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि इस आपदा से लगभग पांच लाख लोग प्रभावित हुए हैं, जिनमें आधे से अधिक बच्चे हैं।

इनमें कई ऐसे शरणार्थी भी शामिल हैं जिन्हें हाल ही में पाकिस्तान और ईरान से जबरन वापस भेजा गया था। यूएन की अफगानिस्तान स्थित मानवीय सहायता प्रमुख शैनन ओश्हारा ने बताया कि पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण राहत टीमों के लिए प्रभावित गांवों तक पहुंचना बेहद कठिन हो गया है।

### इजरायल ने सीरिया के शहरों पर किए कई हवाई हमले

**दमिश्क।** इजरायल के लड़ाकू विमानों ने सोमवार देर रात सीरिया के कई स्थानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए। सरकारी समाचार एजेंसी सना ने इसकी जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि निशाने वाले क्षेत्रों में मध्य सीरिया में होम्स के बाहरी इलाके, तटीय शहर लताकिया और रेगिस्तानी शहर पल्मायरा शामिल हैं। कल देर रात शहरों में तेज धमाके सुनाई दिये, हालांकि हताहतों या क्षति के बारे में तत्काल कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है। सीरिया के विदेश मंत्रालय के अधिक. ारियों ने अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का घोर उल्लंघन बताते हुए इस हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि यह हमला सीरिया की संप्रभुता और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए सीधा खतरा है। साथ ही उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया कि वह बार-बार होने वाले इजरायली हमलों को रोकने के लिए ठोस कदम उठायें।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वैदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्योपैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108